ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

'द ट्रायल-प्यार' में मेरा किरदार हर ... पेज 12 पर



www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 24 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 141 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## नेक इरादा निभा रहे वादा

# कुशल नेतृत्व का दिख रहा परिणाम



## पंचायती राज, राजस्व, वित्त और खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत नवनियुक्त हजारों युवाओं को

# हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार

PR No. 300773 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# विपक्षी एकता के नाम पर भ्रष्टाचारियों की बैठक : दीपक प्रकाश



नवीन मेल संवाददाता। रांची भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि पटना में विपक्षी दलों की बैठक राजनीतिक लड़ाई की एकता नहीं बल्कि भ्रष्टाचार व जांच एजेंसियों की हो रही कड़ी कारवाई पर सभी भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक की बैठक है। दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो ने फिर झारखंड विरोधी मानसिकता वालों की गोद में बैठकर राज्य को कलंकित किया है। विपक्ष की बैठक में राहुल गांधी का शामिल होना कांग्रेस की स्वीकारोक्ति है कि कांग्रेस अकेले नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला नहीं कर सकती। ये कैसी विडंबना है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को आज क्षेत्रीय पार्टियों के सामने झुकना पड़ा है। दीपक प्रकाश ने कहा कि विपक्षी पार्टियां बताएं तो सही कि उनका नेता कौन है? वे किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, ये तो बताएं।

दीपक प्रकाश ने कहा कि पटना में जो-जो विपक्षी दल इकठ्ठा हुए हैं, उनका एक ही मकसद है भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बचाना। सोनिया गांधी और राहुल गांधी भ्रष्टाचार के मामले में जेल से बेल पर हैं। लालू यादव और तेजस्वी यादव के घोटालों को कौन नहीं जानता। लालू सजायाफ्ता मुजरिम हैं। ममता बनर्जी सरकार में तो अपराध और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। डीएमके भ्रष्टाचार के लिए जानी ही जाती है। केजरीवाल के कई मंत्री जेल की हवा खा रहे हैं। पंजाब में भी भ्रष्टाचार चरम पर है। जिस पार्टी ने देश पर आपातकाल थोपा था, पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया था, जनता के अधिकारों का हनन किया, प्रेस के अधिकारों पर डाका डाला, आज उसी पार्टी के साथ वे लोग हाथ मिला रहे हैं जो जेपी आंदोलन में कांग्रेस की तानाशाही के खिलाफ खड़े हुए थे। दीपक प्रकाश ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण और धरती पुत्र कपूरी ठाकुर की आत्मा कराह रही है। आपातकाल में जिस पार्टी ने जुल्म ढाए, यातनाएं दी, आम जनता से लेकर प्रेस की आजादी छीनी, आज उनके साथ लालू और नीतीश खड़े हैं।

## ग्रामीणों ने बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्द्र के साथ मनाने का लिया निर्णय

**बेड़ो।** बकरीद पर्व को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सीओ सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर सीओ सुमंत तिर्की ने शांति व्यवस्था बहाल करने में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक,राजनीतिक दलों के कार्यकताओं से सहयोग की अपील की। साथ ही बकरीद के पर्व को शांति,सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान शांति व्यवस्था हर हाल में बनाये रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

# झारखंड आंदोलनकारी मोती लाल महतो के श्राद्ध कर्म में श्रद्धांजलि के लिए उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददातपा। मुरी** झारखण्ड आंदोलनकारी मोती लाल महतो के श्राद्ध कर्म में उनको श्रधांजलि देने के लिए काफी संख्या में लोग उनके घर पंहुचे थे। दशकर्मा कुड़मालि नेगाचारि से संपन्न हुआ। श्रधांजलि देने वालों में रांची लोक सभा के पूर्व सांसद माननीय श्री राम टहल चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री माननीय श्री सुदेश कुमार महतो माननीय श्री शीतल ओहदार, राम पदो महतो, सखीचंद महतो, रणधीर चौधरी, पूर्व जिप सदस्य सुशील कुमार महतो, गौतम कृष्ण साहू, उप प्रमुख आरती देवी, शोभाराम महतो, तुलसीदास महतो, मनीष महतो, बसंत महतो, भागीरथ महतो, भक्ति महतो, अरुण महतो, श्रीपद् महतो, ज्योति प्रसाद महतो, खगेश महतो, कल्पना महतो, मल्लिका रानी महतो, जलनाथ चौधरी, अशोक सिंह के अलावे अनेक गणमान्य लोग और प्रेस मीडिया के लोग भी उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

## बेड़ो के कृष्णा कॉलोनी में घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**बेड़ा।** बेड़ो थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड के कृष्णा कॉलनी में गुरुवार की रात चोरों ने राजू जयसवाल के घर से जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की रात राजू अपनी पत्नी प्रियंका पुत्री वैष्णवी व एंजल सहित पूरे परिवार के साथ को विवाह समारोह में घाघरा गए हुए थे। वहीं चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। इसी दौरान मौका पाकर चोर उनके घर में चारदीवारी फांद कर प्रवेश कर गए और घर की अलमारी में रखे सोने,चांदी के जेवरातों के अलावा नगद सत्तर हजार रुपए लेकर फरार हो गए। वही चारदीवारी के कांटा में एक नीले रंग का सर्ट फंसा हुआ है। राजू ने बताया कि शुक्रवार की सुबह में वे जब अपने घर पहुंचे तो घर के दरवाजे में लगे ताले टूटे मिले। साथ ही अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे।अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गए। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में रखे नकद रुपये,लाखों रुपए सोने की जेवरात व अन्य सामान चुरा कर ले गए।

# दो बच्चों की बज्रपात से हुई मौत, गांव में छाया मातम




**नवीन मेल संवाददामा। मांडर।** मांडर के झिंझरी गाँव मे गुरुवार शाम पाँच बजे के करीब हुए बज्रपात से दो बच्चों की मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार टटकुंडो पतरा टोली निवासी बुधुवा तिर्की का 7 वर्षीय पुत्र प्रिंस तिर्की दूसरे वर्ग का छात्र था और बेड़ो पांडेबारा निवासी एतवा उरांव की 9 वर्षीय पुत्री खुशी उरांव तीसरे क्लास में पढ़ाई करते थे।खुशी उरांव तीन माह पूर्व से ही अपनी नानी सुशिला तिर्की के घर पर रह कर पढ़ाई कर रही थी।शाम में तेज हवा चलता देख हवा के झोकों में पेड़ से गिरे आम चुनने अपने दो अन्य साथियों के साथ ये दोनों भी घर के नजदीक पेडों के नीचे गये थे।दुर्भाग्यवश उसी समय बज्रपात हुआ और इन दोनों को अपने चपेट में ले लिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई।गाँव वालों की मदद से परिजनों ने दोनों को आननफानन में इटकी और फिर नगड़ी डॉक्टर से ईलाज के लिए ले गए थे किंतु डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।दोनों की मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गयाऔर पूरे गांव मे खबर मिलते ही मातम छा गया। शुक्रवार को जब गांव का राज्यकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय झिंझरी खुला तो शिक्षकों को घटना की जानकारी मिली तो सभी घटना की जानकारी पाकर हतप्रद रह गए।इस दुःखद वअसामयिक दो बच्चों की मृत्यु पर शिक्षकों एवं छात्रों ने सामूहिक रुप से उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया उसके पश्चात पूरे दिन के लिए विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुकरा उरांव के इस दुःखद घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि काल ने हमारे विद्यालय के दो होनहारों को हमसे छीन कर हमें आहत किया है, जिसकी पूर्ति असंभव है सहायक शिक्षक समीर राजेश तिग्गा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस हृदयविदारक आकस्मिक घटना से पूरा विद्यालय परिवार मर्माहत है परम पिता परमेश्वर दोनों बच्चों को अपने हृदय में स्थान दें।स्कूल परिवार ने दोनों छात्रों के परिजनों से मिलकर सांत्वना और सहयोग राशि भी प्रदान किया।मौके पर शिक्षक प्रीति कुमारी, मोख्तार अंसारी, राजू साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## हंगामा ने अपनी नवीनतम सस्पेंस-थ्रिलर 'मौका या धोखा' सीरिज लॉन्च की

**रांची।** भारत के प्रमुख डिजिटल मनोरंजन मंच, हंगामा ने अपनी नवीनतम सस्पेंस-थ्रिलर 'मौका या धोखा' ये सीरिज लॉन्च की है। हिमांशु मल्होत्रा, आभास मेहता, समीक्षा भटनागर समेत इस सीरीज के लिए बेहतरीन कलाकारों की फौज एक साथ आई है। इन तीनों ने सचमुच इस श्रृंखला के पात्रों को जीवंत कर दिया है। इस श्रृंखला में यह उजागर करने का प्रयास किया गया है कि जीवन में चाह और इच्छाएं व्यक्ति को किस स्तर तक ले जाती हैं। सीरीज 'मौका या धोखा' अमित नाम के एक किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। इस सीरिज मे अमित को एक आम आदमी के रूप में दिखाया गया है। लेकिन अमित के दिल के अरमान उसे एक भयानक मोड़ पर ले जाते हैं। अमित हत्या की साजिश में घसीटा जाता हैं। हत्या के रहस्य के पीछे की सच्चाई को उजागर करने की यात्रा में अमित को साथ मिलता है।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**सिल्ल।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह किया गया। राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 25 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लुपुंग मुखिया सीमा देवी ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह किया। मुखिया सीमा देवी ने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए संदेश दिया और कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपने प्रतिभा के बल पर आगे रहती है। आप सभी महिलाएं यहां से अच्छे से प्रशिक्षण लेकर अपना खुद का स्वरोजगार करें जिससे आय का साधन बढ़ेगा। संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, प्रशिक्षक विनय श्रीवास्तव, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास ,सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विधायी शोध संदर्भ प्रशिक्षण कोषांग द्वारा झारखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित कराने के संबंध में आज म० 12:00 माननीय अध्यक्ष झारखंड विधानसभा श्री रबीन्द्र नाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह सेमिनार कार्यक्रम सरकार के सभी विभागों के पदाधिकारियों के लिए आयोजित करायी जा रही है। जिसमें सभी विभाग के एक भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एक राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एवं एक सचिवालय संवर्ग के पदाधिकारी भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम का मुख्य विषय ₹विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व₹होगा। इस कार्यक्रम में पीआरएस लेजिसलेटिव ,नई दिल्ली एवं अन्य विधि विशेषज्ञों से रिसोर्स पर्सन के रूप में सहयोग लिया जाएंगे।अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्र नाथ महतो के कार्यालय कक्ष में आज अप०12:30 बजे याचिका समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुल 7 याचिकाओं पर चर्चाएं हुई। याचिका संख्या 92/2020 माननीय सदस्य श्री केदार हाजरा द्वारा दर्ज कराया गया था।

## टीबी मरीजों का ख्याल रखें पदाधिकारी : डीसी

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार शुक्रवार को उप-विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में स्टेट इंटरनल ई वैल्यूएशन टीम झारखंड के साथ कार्यक्रम की समीक्षा/ डिस्ट्रीक टास्क फोर्स टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित बैठक समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन रांची, डॉ. विनोद कुमार, निदेशक एसटीडीसी झारखंड, डॉ एके मित्रा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी राँची, डॉ एस साबरी, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी राची वीरेंद्र चौबे, डब्लू एचओ कंसल्टेंट डॉ. अन्नपूर्णा, चिकित्सा पदाधिकारी एसटीडीसी रांची, एनजीओ टीम के सदस्य, माइक्रोब्लॉजिस्ट, जिला कार्यक्रम समन्वयक रांची, राकेश कुमार और संबंधित सभी पदाधिकारी मौजूद थे। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर आंतरिक मूल्यांकन टीम के द्वारा राँची जिले में एसटीडीसी झारखंड, डॉ एके मित्रा के नेतृत्व में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का निरीक्षण उप-विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव को संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर आंतरिक मूल्यांकन टीम के द्वारा रांची जिले में एसटीडीसी झारखंड, डॉ एके मित्रा के नेतृत्व में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का निरीक्षण साथ ही टीबी के मरीजों को दी जा रही सरकारी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। जिसपर उप-विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारी को रांची जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए कहा एवं उन्होंने कहा की टीबी मुक्त पंचायतों के लिए टीबी के कीड़ा की पहचान करने के लिए जिसे माइक्रोस्कोप से देखा जाता हैं। उन्हें जिला के तरफ से माइक्रोस्कोप उपलब्ध जल्द ही करा दिया जायेगा। ताकि इसके उन्मूलन की दिशा में कार्य किया जा सकें। जिससे टीबी मुक्त पंचायत बनाया जा सकें। टीड्डबी मुक्त पंचायत बनने पर वैसे पंचायतों को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया गया। उन्हें इसके लिए ग्राम सभा से पारित कराना होगा। ताकि यह सुनिश्चित हो जाये कि टीड्डबी का कोई मरीज उस पंचायत में नही हैं। ताकि वैसे पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया जा सकें।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा ने फिल्म समारोह का किया उद्घाटन

# झारखंड की फिल्म विद्रोही का प्रदर्शन आज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी के सरला बिरला यूनिवर्सिटी में चित्रपट फिल्म समारोह का आगाज शुक्रवार को हुआ। इस फिल्म समारोह का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा और राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी ने संयुक्त रूप से किया। फिल्म निर्माता नंद कुमार ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए आगंतुकों का स्वागत किया। इस फिल्म समारोह में देश भर से कुल 60 फि ल्मों का चयन (स्क्रीनिंग) के लिए हुआ है, जिसमें 39 शॉर्ट्स फिल्म, 13 डॉक्यूमेंट्री फि ल्म और 8 कैम्पस फिल्म है। इन सभी फि ल्मों को 24 एवं 25 जून को रांची में सरला बिरला विश्विद्यालय के सभागार में प्रदर्शित किया जाएगा। कोल्हान के कोल विद्रोह के महानायक 'पोटो हो' पर बनी फिल्म 'आदि विद्रोही' को मिल रही सराहना के बीच इस फिल्म का प्रदर्शन आज होगा। गौरतलब है कि इस फिल्म का निर्माण चाईबासा के वरिष्ठ पत्रकार सह फिल्मकार जितेंद्र ज्योतिषी ने किया है। पूर्व में 19 मिनट की अवधि वाली इस फिल्म को काफी सराहना मिली है। फिल्म आदि विद्रोही में काम करने वाले सभी स्थानीय कलाकार हैं। फिल्म के लेखन-निर्देशन के साथ मुख्य भूमिका में जितेंद्र ज्योतिषी हैं।

आदिविद्रोही फिल्म सन 1831-32 के कोल विद्रोह पर आधारित फिल्म के पहले स्थान पर चयनित होने पर फिल्म के निमार्ता निर्देशक ने इसे पूरी टीम की उपलब्धि बताया है। यह फिल्म आगामी 24 जून को राजधानी रांची में होने वाले फिल्म फेस्टिवल को बिग स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। इस फिल्म की शूटिंग 2020 में चाईबासा और मशहूर सेरेंगसिया घाटी में हुई थी। फिल्म की शूटिंग में मुख्य भूमिका में फिल्म के निर्देशक जितेंद्र ज्योतिषी और संदीपिका राय,राहुल शर्मा,रवि वर्मा ,राकेश पांडे हैं। छायांकन सोलमेंन और संगीत बाबुल का है।

## रांची में पदस्थापित 202 कर्मचारियों का हुआ ट्रांसफर

**रांची।** राजधानी रांची में विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित 202 अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया है। इसको लेकर शुक्रवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने आदेश जारी कर दिया है। जिनका तबादला किया गया है उनमें कार्यालय अधीक्षक, प्रधान लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक, निम्न वर्गीय लिपिक और राजस्व उप निरीक्षक शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक विगत 15 जून को जिला स्थापना समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था। बताया गया कि नियमित प्रोन्नति मिलने के बाद इन लोगों को नयी जगह पर पोस्टिंग दी गयी है। वर्ष 2001 से सदर अनुमंडल रांची में (मुख्यमंत्री सचिवालय में प्रतिनियुक्ति) कार्यालय अधीक्षक के पद पर काम कर रहे रविभूषण दूबे को जिला स्थापना शाखा (प्रतिनियुक्ति मुख्यमंत्री सचिवालय) भेज दिया गया है।

# विवाहिता को दहेज के लिए किया प्रताड़ित, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची के अपर बाजार की विवाहिता को हरियाणा के करनाल स्थित ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। ससुर समेत रिश्तेदारों ने पीड़िता से छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकत की है। यह आरोप पीड़िता ने लगाया है। इस संबंध में पीड़िता ने करनाल के सिविल लाइन निवासी पति राहुल कामरा, ससुर विनोद कामरा, सास सुनीता कामरा, आकांक्षा कामरा के अलावा विनय तनेजा, संजय कथुरिया के खिलाफ रांची के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में आरोपियों पर यौन उत्पीड़न, गर्भपात करने, जालसाजी करने, दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

45 लाख खर्च कर हुई थी शादी

पीड़िता की थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि करनाल सिविल लाइन निवासी राहुल कामरा से जनवरी 2022 को हुई थी। शादी में करीब 45 लाख रुपए उनके पिता ने खर्च किया था। उनके पति करनाल के एक बड़े व्यवसायी हैं। उन्हें कैंसर था। इस बात की जानकारी उन्हें ससुराल जाने के बाद हुई। फिर भी वह अपने पति के इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ी। रांची में रहने के दौरान भी उनके पति उन्हें फ्टैल बेचने का दबाव देते थे। इंकार करने पर वह उनके साथ मारपीट किया करते थे। इसी बीच वह गर्भवति हो गई।

## वंदे भारत एक्सप्रेस में 10 स्कूली बच्चों को मुफ्त में सफर करने का मिलेगा मौका

**रांची।** रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत 27 जून को होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे भारत ट्रेन का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के दौरान चयनित 10 स्कूली बच्चों को फ्री में रांची से सफर कराने की योजना है। बच्चों को सफर कहां तक कराया जायेगा इस विषय में अभी कोई योजना नहीं बनी है। रांची रेल मंडल के मुताबिक इस संबंध में रेलवे बोर्ड को पत्र भेजा गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे या रेलवे बोर्ड से अनुमति के बाद ही इस पर निर्णय लिया जायेगा। इस संबंध में अभी सिर्फ रांची रेलवे मंडल की योजना है। रेल मंडल की ओर से स्कूलों को चिट्ठी दी गयी है, जिसमें बच्चों के चयन की जानकारी दी गयी है लेकिन बोर्ड से अनुमति के बाद ही इस पर मुहर लगेगी। ट्रेन पटना से हटिया तक चलेगी। रेलवे इस रूट पर दो बार ट्रायल भी कर चुका है।

**बदलाव** आय का बेहतरीन जरिया है जंगल के जामुन

# जामुन बेचकर लोग बन रहे आत्मनिर्भर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आम, कटहल के साथ ही इस वर्ष जामुन का भी खूंटी जिले में भरपूर उत्पादन हुआ है। फलों में सबसे गुणकारी माने जानेवाले रसीली जामुन की हर ओर भरमार है। साप्ताहिक हाट हो, डेली मार्केट हो हर जगह जामुन नजर आ रह हैं। जग आप किसी भी पक्की सड़क से गुजरेंगे, तो रोड के बच्चे, बुढ़े और महिलाएं जामुन बेचती नजर आ जाती हैं। हर रेलवे स्टेशन में भी जामुन की अच्छी बिक्री होती है। जिले के तोरपा, मुरहू, अड़की, कर्रा, रनिया, अड़की, के अलावा खूंटी के ग्रामीण इलाकों में इस वर्ष जामुन का बंपर उत्पादन हुआ है। खूंटी, तोरपा, तपकारा, रनिया, सैको, अड़की, जलटंडा, जम्हार सहित अन्य साप्ताहिक हाटों में रांची, पश्चिम बंगाल, बिहार और ओडिशा के व्यापारी जामुन की खरीदारी करने पहुंचते हैं। खूंटी ही नहीं सिमडेगा, गुमला, चाईबासा सहित अन्य जिलों के ग्रामीण और जंगली इलाकों में रहने वाले गरीबों के लिए अतिरिक्त आय का एक अच्छा जरिया हैं रसीले जामुन। आमतौर पर जामुन के पेड़ों पर किसी का मालिकाना हक नहीं होता, यह पूरे समाज का माना जाता है। इसलिए इन इलाकों में जामुन तोड़ने की कहीं रोक नहीं है। लोग पेड़ों पर चढ़कर जामुन तोड़ते हैं और बाजार में बेचते हैं। तोरपा डेली मार्केट में जामुन बेचने वाली एक महिला कहती है कि हर रोज तीन-चार सौ का जामुन वह बेच लेती है। इसमें कोई पूंजी नहीं, सिर्फ मेहनत लगती है, इसलिए पूरा परिवार ही जामुन तोड़ने में लग जाता है। जामुन बेचने वाले बताते हैं कि जामुन के पेड़ खेतों में नहीं होते, इसलिए वे जंगल जाकर जामुन तोड़ते हैं और बाजार लाते हैं। खूंटी की शुक्रवार साप्ताहिक हाट में थोक दाम में जामुन खरीदने के लिए रांची से आये मो इरफान और अन्य व्यापारी बताते हैं कि खूंटी जिले के जामुन रांची, रामगढ़, बक्सर, गया, सासाराम सहित अन्य क्षेत्रों में भेजे जाते हैं। इस समय जामुन की कीमत लगभग 20 से 25 रुपये प्रति किलो है। जामुन के औषधीय गुणों के संबंध में तोरपा के जानेमाने बैद्य और सेवानिवृत्त शिक्षक बुधु गोप बताते हैं कि स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से जामुन से अच्छा कोई सस्ता फल नहीं है। यही एक फल है, जिले डायबिटिज से लेकर अन्य रोगों से पीड़ित कोई भी रोगी ख सकता है। उन्होंने कहा कि जामुन का उपयोग डायबिटिज, गठिया, दस्त, पेचिस, सहित कई बीमारियों में लाभकारी है। उन्होंने कहा कि जामुन खाने से पांचन तंत्र भी मजबूत होता है। वैद्य बुधु ने बताया कि अन्य फलों को अत्याधिक मात्रा में खाने से उसके दुष्परिणाम होते हैं, पर जामुन का कोई गलत प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि जामुन के बीज भी औषधि का भंडार है। इसे सूखाकर रखा जाता और कई रोगों में इसका प्रयोग होता है।

## जिला ओलम्पिक संघ ने मनाया ओलम्पिक दिवस समारोह

**रांची।** शुक्रवार को ओलम्पिक दिवश के अवसर पर धनबाद जिला ओलम्पिक संघ द्वारा कई खेलों का कार्यक्रम आयोजित कर इस दिवस को भव्य समारोह के रूप में मनाया. समारोह का प्रारम्भ रोलर स्केटिंग की व्यक्तिगत रोड रेस स्पर्धा के साथ प्रारम्भ हुआ जिसका आयोजन रणधीर वर्मा स्टेडियम के बाहर रिंग रोड पर किया गया. प्रतियोगिता का तकनिकी सञ्चालन धनबाद जिला रोलर स्केटिंग संघ के सचिव के देख रेख में किया गया जबकि मौके पर धनबाद जिला ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष मदन राय तथा महासचिव रंजीत केशरी उपस्थित थे. इस रोड रेस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में अनिकेत प्रताप सिंह प्रथम तथा रुद्रांश शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04 / 2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम — कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 01.07.2023 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 03.07.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.07.2023 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work in C.O. Residence at Barhi. | 2421500/- | 48500/- | 5000/- | 03 माह |
| 2 | Renovation of Block-F Judicial Qtr located near Carmel School at Hazaribag. | 1619500/- | 32500/- | 5000/- | 02 माह |
| 3 | Renovation & Remodalingn of Meen Bhawan, Fisheries Office, Hazaribag. | 593600/- | 12000/- | 1250/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 300738 Building (23-24)_D

'द ट्रायल-प्यार' में मेरा किरदार हर ...
पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 24 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 141 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



## राज्य में सखी मंडल से जुड़े अब तक 32.51 लाख परिवार

### बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के जरिए मिल रही मदद

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर एक अभिनव प्रयास के जरिए पलाश ब्राण्ड से ग्रामीण महिलाओं को जहां एक ओर आजीविका का आधार मिला, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित एवं संग्रहित सरसों का तेल, चावल, आटा, दाल, मडुआ का आटा, लेमन ग्रास जैसे उत्पादों को लोगों के द्वारा खासा पसंद किया जा रहा है। सखीमंडल के उत्पादों को राज्य समेत राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित कर सखीमंडलों की अच्छी आमदनी सुनिश्चित की जा रही है। पलाश ब्रांड की सफलता को देखते हुए लगातार सखी मंडल से जुड़ी दीदियों के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य हो रहा है। राज्य के 24 जिलों के 264 प्रखंड के 29,953 गांव में करीब 2.78 लाख सखी मंडलों का गठन किया जा चुका है और इससे करीब 32.51 लाख परिवार जुड़े हैं।

राज्य के 2.69 लाख सखी मंडल को 418.31 करोड़ रुपये चक्रीय निधि के रूप में एवं 2.44 लाख सखी मंडल को 1296.42 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में उपलब्ध कराया गया है। करीब 2.26 लाख सखी मंडल को 6511 करोड़ रुपये बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के रूप में मिला है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए आजीविका सशक्तिकरण हुनर अभियान के जरिए राज्य के 29 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि,पशुपालन, वनोपज, अंडाउत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखंड के 3816 गांव में 3922 उत्पादक समूह एवं 20 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हो रहा है। जिसके तहत राज्य के करीब 2.24 लाख परिवारों की आय बढ़ोतरी के लिए कार्य प्रगति पर है।

#### वनोत्पाद से मिल रहा लाभ

**राज्य** के किसानों को वनोत्पाद का सही मूल्य दिलाने हेतु सिदो कान्हो वनोत्पाद संघ का गठन किया गया है। वहीं महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14246 किसानों के साथ को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला-पुरुष किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

#### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

**राज्य** में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट, पशु सखी, कृषक मित्र, वनोपज मित्र आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत परियोजन क्रियान्वयन के लिए करीब 52,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

---

राज्य के आठ उप निर्वाचन पदाधिकारियों के तबादले

## विवेक कुमार सुमन बने रांची के उप निर्वाचन पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के आठ उप निर्वाचन पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा पूर्णिमा कुमारी को धनबाद का उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। बोकारो के उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन को रांची का उप निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार पूर्वी सिंहभूम के उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग को सरायकेला-खरसांवा, सरायकेला-खरसावां के उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह को पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा के उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर को खूंटी, पलामू के उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह को देवघर, लातेहार के उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लौंग को पश्चिम सिंहभूम और दुमका के उप निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार दास को तबादला गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है।

---

**NEWS इन ब्रीफ**

### निशिकांत दुबे समेत तीन आचार संहिता उल्लंघन मामले में बरी

**दुमका।** दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट ने आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में भाजपा के गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे, देवघर के विधायक नारायण दास और देवघर में ही भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद गुप्ता को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। दुमका के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र राम की अदालत में शुक्रवार को यानी आज यह फैसला सुनाया गया। अदालत ने जसीडीह थाना कांड संख्या 213/2019 (जीआर केस नम्बर 903/2021) मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद सांसद डॉ निशिकांत दुबे, देवघर के विधायक नारायण दास और पूर्व जिलाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद गुप्ता को साक्ष्य के अभाव में बरी करने का फैसला सुनाया। इनकी ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार साह ने पैरवी की और बहस में हिस्सा लिया।

### अभियंता वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि 7 जुलाई तक बढ़ी

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी हुई। पेशी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। अदालत ने वीरेंद्र राम की न्यायिक हिरासत की अवधि सात जुलाई तक बढ़ा दी है।

### वज्रपात से बच्ची समेत दो लोगों की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों में हुई वज्रपात से बच्ची समेत दो लोगों की मौत घटनास्थल में ही हो गई। जबकि अन्य सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज लातेहार सदर अस्पताल में किया जा रहा है। वज्रपात की पहली घटना सदर प्रखंड के सबानो गांव में घटी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के विश्वनाथ भगत के खेत में ट्रैक्टर से जुताई हो रही थी। उस दौरान वहां गांव के कई बच्चे भी मौजूद थे। बारिश भी नहीं हो रही थी। इसी दौरान अचानक वज्रपात हो गई। वज्रपात की चपेट में आने से बच्ची कुमकुम कुमारी (10) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

### पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय को एक साल की सजा

**सरायकेला।** चाईबासा एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को राजखरसावां रेलवे स्टेशन में रेल परिचालन बाधित करने के 12 साल पुराने मामले में आरोपित भाजपा नेता सह खरसावां के पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय को दोषी करार देते हुए एक साल की सजा सुनाई है। ऋषि कुमार की एमपी- एमएलए स्पेशल कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई है। हालांकि सजा कम होने के कारण पूर्व विधायक को सशर्त जमानत मिल गई।

---

## कारोबारी अमित को बचाने की आरोपियों ने की कोशिश

### बागची को दिलीप घोष ने दी थी धमकी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जमीन घोटाले में आरोपी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को बचाने की कोशिश दूसरे आरोपियों ने की थी। जमीन घोटाले में अमित अग्रवाल का नाम सामने नहीं आए, इसके लिए बकायदा प्रदीप बागची को धमकाया गया था। ईडी की चार्जशीट में इस बात का जिक्र किया गया है। सेना की 4.55 एकड़ की फर्जी डीड के जरिए जगतबंधु टी एस्टेट को रजिस्ट्री करने वाले प्रदीप बागची ने ईडी के समक्ष स्वीकार किया था कि जब उसे समन किया गया था, तब दिलीप कुमार घोष ने उसे फोन पर बकायदा ईडी दफ्तर नहीं जाने की धमकी दी थी। बाद में प्रदीप बागची को यह धमकी दी गई थी कि वह जगतबंधु टी एस्टेट और अमित अग्रवाल के बारे में ज्यादा जानकारी ईडी को नहीं दे। ईडी को दिलीप कुमार घोष व प्रदीप बागची के बीच के व्हाट्सएप कॉल का स्क्रीनशॉट व चैट की डिटेल्स भी मिली हैं।

**अमित का नाम लिया तो नहीं मिलेगा आगे कोई काम :** पीएलएलए 50 के तहत दिए बयान में बागची ने स्वीकार किया है कि दिलीप घोष व अफसर अली ने लगातार उसपर दबाव डाला था। उसे कहा गया था कि अगर वह अमित अग्रवाल का नाम लेगा तो उसे भविष्य में कोई काम नहीं मिलेगा।

### आईएएस पूजा सिंघल के पति को अग्रिम जमानत देने से न्यायालय का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को राज्य में कथित मनरेगा घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। झारखंड कैडर की 2000 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी सिंघल 18.07 करोड़ रुपये के सरकारी धन के गबन से जुड़े कथित घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। घोटाले के समय वह खूंटी जिले में उपायुक्त थीं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की अवकाशकालीन पीठ ने झा को राहत देने से इनकार कर दिया और मामले में सुनवाई के लिए पांच जुलाई की तारीख तय की।

---

देश की एकता में आ रही दरार

## दुरुस्त करने की जरूरत : हेमंत

**एजेंसी। पटना**
बिहार की राजधानी पटना में मोदी सरकार के खिलाफ 15 विपक्षी दलों ने बैठक के बाद एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने भी पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की अनेकता में एकता का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। लेकिन इस एकता में दरार पड़ने लगी है और अब उसे दुरुस्त करने का काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आज अलग -अलग विचारधारा के सभी लोग इस मंच पर हैं। आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यकों को कैसे उनका हक दिया जाय और समाज में उनको कैसे मजबूत किया जाए इस पर काम करने की जरूरत है। विपक्षी एकता के विषय को लेकर पहली बैठक में नीतीश जी ने बड़ी मशक्कत के बाद सभी को एक सूत्र में बांधा है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वे इस बैठक के लिए नीतीश को धन्यवाद देते हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि यह बैठक देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

### विपक्षी दलों का शिमला में अगला महाजुटान सीएम नीतीश ने कहा- मिलकर लड़ेंगे..

बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस बैठक में सभी दलों ने अपनी-अपनी राय रखी। बैठक के बाद सभी दलों के नेताओं ने संयुक्त रूप से मिलकर लड़ने की घोषणा की। बैठक के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बैठक में सभी दलों ने अपनी-अपनी राय रखी है। आज की विपक्ष की बैठक में देश की सभी प्रमुख विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने भाग लिया। यह एक अच्छी बैठक थी, जिसमें मिलकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सभी दलों में मिलकर एक साथ चलने को लेकर सहमति बनी है तथा साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में यानी अगले महीने फिर एक और बैठक शिमला में होगी। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उस बैठक के बाद यह अंतिम रूप ले लेगा। उन्होंने कहा कि देश में वर्तमान में जो सरकार चल रही है, वह देश हित में नहीं है। सरकार इतिहास बदलने में लगी है। उन्होंने यहां तक कहा कि आजादी की लड़ाई को ही ये लोग भुला देंगे।

---

## एनआईए ने 13 पाकिस्तानियों पर दाखिल किया आरोप पत्र




### गुजरात में हथियार, ड्रग तस्करी के मामले में चल रहा है केस

**एजेंसी। अहमदाबाद**
राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारत में आतंकवादी गतिविधियों के लिए गुजरात के रास्ते हथियारों और मादक पदार्थों की सीमा पार से तस्करी मामले में शुक्रवार को अहमदाबाद में एनआईए की विशेष अदालत में 13 पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इसमें बताया गया कि 13 आरोपियों में से 10 को पिछले साल दिसंबर में एक पाकिस्तान से आ रही मछली पकड़ने वाली नौका से गैस सिलेंडर में छिपाए गए ड्रग्स और हथियारों की एक बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया गया था। गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने तटरक्षक बल की मदद से पाकिस्तान से एक बोट के जरिए गैस सिलेंडरों में छिपाकर लाई गई 40 किलो हेरोइन, हथियार विदेशी बनावट की 6 पिस्टल, 6 मैगजीन, 9 एमएम के जीवित कारतूस के साथ 10 पाकिस्तानी नागरिकों को दिसंबर 2022 में में पकड़ा गया था। इनके पास से पाकिस्तानी पहचान पत्र, मोबाइल व पाकिस्तानी नोट भी बरामद किये गये थे। मार्च 2023 में यह मामला एनआईए को सौंप दिया गया था।

## मसानजोर डैम में डूबने से पिता, पुत्र सहित 3 की मौत

**दुमका।** जिले के मसानजोर डैम में पिता, पुत्र सहित तीन की डूबने से मौत हो गई। डूबने वाली एक बच्ची का शव बरामद कर लिया गया है जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। बताया जाता है कि धाजापाड़ा गांव के रहने वाले आदिम जनजाति पहाड़िया समाज का रंजीत पुजहर (33) अपनी छह वर्षीया बेटी सिंपी और चार वर्षीय बेटे अरुण के साथ मयूराक्षी नदी पर स्थित मसानजोर डैम गये थे, जहां वे पानी में डूब गये। डूबने की घटना कैसे हुई, इसकी जानकारी अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सिंपी का शव बरामद किया गया है जबकि उसके भाई और पिता का शव अब तक नहीं मिला है। इस घटना को लेकर एसपी अंबर लकड़ा ने बताया कि एक ही परिवार के तीन सदस्य पानी में कैसे डूबे यह जांच का विषय है। शुक्रवार को शाम के बाद अंधेरा हो जाने के कारण दो अन्य की तलाश नहीं हो पाई है। उन दोनों को ढूंढने के लिये देवघर से एनडीआरएफ की टीम बुलाई जा रही है।

## अनुसंधान में प्रयोग कर अपराधियों को सलाखों तक पहुंचाएं : डीआईजी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के कांके रोड स्थित न्यू पुलिस लाइन में तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी अनूप बिरथरे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में सीखे गुणों को अनुसंधान में प्रयोग कर अपराधियों को सलाखों तक पहुंचायें।

डीआईजी ने कहा कि अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता का प्रयोग से जो साक्ष्य जुटाये जाते हैं, वह पुख्ता होता है और उससे अपराधियों को सजा दिलाने में काफी सहायता मिलती है। पुलिस ड्यूटी मीट में 11 विषयों का प्रशिक्षण के साथ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। हर विषयों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को डीआइजी, एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रांची जिला को ओवरऑल चैंपियन और खूंटी जिला को ड्यूटी पुरस्कार दिया गया।

इस दौरान प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां, एएसपी मोमल राजपुरोहित, सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक, सुबोध गुप्ता सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट में सिविल कोर्ट के वकील भी बैठेंगे

**रांची।** हाईकोर्ट में रांची सिविल कोर्ट के वैसे सदस्यों को बैठने की जगह मुहैया कराई जाएगी जो हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के सदस्य हैं। इसके लिए रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता रतीश रौशन उपाध्याय ने पहल की है। अधिवक्ता रतीश रौशन, अजय कुमार मुरारका और राणा प्रियरंजन सिंह ने एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव नवीन कुमार, कोषाध्यक्ष प्राण प्रणय और कार्यकारिणी सदस्य शौर्या द्विवेदी से शुक्रवार को मुलाकात की।

## मधु कोड़ा के खिलाफ दाखिल आईए हाईकोर्ट में मंजूर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की हस्तक्षेप याचिका को मंजूर करते हुए फाइनल सुनवाई के लिए पांच सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में निचली अदालत से इस केस के ट्रायल की वर्तमान स्थिति मांगी है। पूर्व में कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता को निचली अदालत के आरोप गठन के खिलाफ फ्रेश हस्तक्षेप याचिका (आईए) दायर करने का निर्देश दिया था। इससे पहले मधु कोड़ा की ओर से पूर्व में दाखिल आईए को वापस ले लिया गया था। याचिकाकर्ता ने सबसे पहले हस्तक्षेप याचिका दायर कर निचली अदालत द्वारा मामले में उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इसी दौरान निचली अदालत ने उनके खिलाफ आरोप गठित कर दिया था। इसके बाद मधु कोड़ा ने फ्रेश हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर निचली अदालत द्वारा मामले में आरोप गठित किए जाने को भी हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

---

राज्यपाल ने साहिबगंज में लोगों से किया संवाद, कहा

## बैंक लोगों को ऋण की राशि उपलब्ध कराएं



**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बरहेट प्रखंड के गोपालडीह में पहुंचकर वहां के लोगों से संवाद किया। कार्यक्रम में उपस्थित एक महिला ने हिरण पंचायत में जल स्तर नीचे होने के कारण डीप बोरिंग से जलापूर्ति नहीं होने के संबंध में राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। कुछ जगहों पर चापाकल भी कार्य नहीं कर रहा है। राज्यपाल ने इस संबंध में कहा कि साहिबगंज गंगा नदी के तट पर अवस्थित है। गंगा नदी से जलापूर्ति के मेगा प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। इस मेगा प्रोजेक्ट के पूर्ण होने तक जलापूर्ति की जो व्यवस्था है, उसी व्यवस्था के तहत जलापूर्ति की जाएगी। खराब पड़े चापाकल एवं डीप बोरिंग को भी ठीक किया जाएगा। एक अन्य महिला ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि बैंक की ओर से ऋण एवं सब्सिडी की राशि को शीघ्र उपलब्ध नहीं कराया जाता है। राज्यपाल ने कहा कि लीड बैंक एवं राष्ट्रीय बैंकों को सक्षम स्तर से निर्देश दिया गया है कि वे लोगों को ऋण एवं सब्सिडी की राशि शीघ्र मुहैया कराएं। साथ ही उन्हें सीमांत कृषकों, व्यापारियों एवं उद्यमियों को भी ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, उन्हें पुनः निर्देश दिया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों में सड़क मार्ग से यात्रा की है। विभिन्न जिलों के यात्रा के क्रम में उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन एवं लोगों के समस्याओं के संबंध में ज्ञात हुआ है। यहां भी आपके समस्याओं से अवगत हुआ हूं। सभी समस्याएं सरकार के संज्ञान में है, उन्हें दूर करने की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि आपस में एकता नहीं रहने के कारण विकास बाधित हुआ है। हम सभी सहनशीलतापूर्वक एक साथ रहकर विकास की एक नई गाथा लिखेंगे।

---

स्पीकर ने की याचिका समिति की बैठक

## सात याचिकाओं पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के विधायी शोध संदर्भ प्रशिक्षण कोषांग की ओर से झारखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित कराने के संबंध में शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने कार्यालय कक्ष में मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह सेमिनार कार्यक्रम सरकार के सभी विभागों के पदाधिकारियों के लिए आयोजित कराई जा रही है। इसमें सभी विभाग के एक भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एक राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एवं एक सचिवालय संवर्ग के पदाधिकारी भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व' होगा। इस कार्यक्रम में पीआरएस लेजिसलेटिव, नई दिल्ली एवं अन्य विधि विशेषज्ञों से रिसोर्स पर्सन के रूप में सहयोग लिया जाएंगे। बैठक में कुल सात याचिकाओं पर चर्चा हुई।

# ट्रांसपोर्टर हत्याकांड में हथियार के साथ छह लोग गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** चासनाला में विगत 14 जून को सेल कर्मचारी सह ट्रांसपोर्टर प्रवीण रॉय की हत्या, सिंदरी हर्ल के एचआर व लायंस स्कूल के प्रिंसिपल पर गोलीबारी के मामलों के खुलासा का दावा करते हुए पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है. कई लोगों को अब भी फरार बताया जा रहा है. शुक्रवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. एसएसपी ने प्रवीण रॉय व धीरज सिंह की आपसी रंजिश को हत्या का कारण बताया है. इनमें से एक प्राथमिक अभियुक्त धर्मेंद्र सिंह भी शामिल है. उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र सिंह को छोड़ कर इन्हीं पांचों ने सिंदरी में हर्ल कंपनी के एचआर व लायंस स्कूल के प्रिंसिपल पर रेकी व गोली चलाने भूमिका निभाई. धर्मेंद्र सिंह, धीमन सेन गुप्ता व गौतम सिंह प्रवीण रॉय की हत्या में शामिल थे. एसएसपी ने बताया कि सभी मिलकर अपना नया गैंग बनाना चाहते थे. इसी क्रम में सिंदरी में रंगदारी वसूलने की नीयत से हर्ल फैक्टरी के मैनेजर के घर पर और लायंस स्कूल के प्रिंसिपल पर गोली चलाई थी. एसएसपी ने कहा कि जो अन्य लोग प्रवीण राय हत्याकांड में शामिल हैं, उनकी भी पहचान हो गई है. जल्द ही उनकी गिरफ्तारी हो जाएगी. गिरफ्तारी और उनपर दर्ज पहले के मामले जिन्हें गिरफ्तार किया गया है, उनमें धीमेन सेन गुप्ता, गौतम कुमार सिंह, शेख शाहबाज, अमर कुमार चंद्रवंशी, साकिब इकबाल, धर्मेंद्र सिंह शामिल हैं. सभी का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है.

## सामान की बरामदगी

एक देसी पिस्टल,एक मैगजीन,दो पिस्टल की गोली, एक देसी कट्टा, दो रायफल की गोली, एक बिना नम्बर की पल्सर मोटरसाइकिल, 5 मोबाइल

## छापामारी टीम में शामिल

सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, केंदुआडीह इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, जोड़ापोखर इंस्पेक्टर सुभाष सिंह, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभार सिंह, कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह, भौंरा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार, पाथरडीह थाना प्रभारी अभय सिंह, सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा आदि शामिल थे.

# भाजपा ने शुरू किया महा जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** निरसा उत्तर पंचायत के विभिन्न टोलों में भारतीय जनता पार्टी ने 23 जून शुक्रवार को महा जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की. इसके पहले पार्टी के पथप्रदर्शक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यकर्ताओं ने निरसा उत्तर पंचायत भवन में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया व भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया. बाद में महासंपर्क टोली के संयोजक जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जनसंपर्क अभियान शुरू किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं. अभियान के तहत प्रत्येक पंचायत के हर गांव व टोले में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जानेंगे तथा उसका समाधान करने का प्रयास करेंगे. केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिन्हें नहीं मिला है, उन्हें फायदा दिलाने का काम कार्यकर्ता करेंगे. मौके पर संजय महतो, विवेक मोदक, गोविंदा यादव, संजल पांडे, सजल दास, अभिजीत मांझी, रोबिन गोराई आदि मौजूद थे.



# भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदुपर।** भाजपा महानगर कार्यालय में शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि बलिदान दिवस रूप में मनाया गया. इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धासुमन अर्पित किए. मौके पर सांसद ने कहा कि देश की एकता-अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद्, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया. उनका कहना था एक देश एक निशान एक विधान वर्तमान सरकार उनके विचारों को आगे बढ़ाने का काम किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हुआ. देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है. पूरा विश्व भारत की ओर टकटकी लगाए हुए है. पिछले नौ वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था सहित औद्योगिक क्षेत्र में विकास हुआ है. मोबाइल का 60 प्रतिशत उत्पादन देश में हो रहा है. देश के युवा वर्ग को प्रधानमंत्री पर भरोसा है. सांसद ने कहा कि 2024 में भाजपा 400 सीट पर जीत दर्ज करेगी. सारे विपक्षी एकजुट होकर भी भाजपा को नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे. इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के संग पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, देवेंद्र सिंह, पवन अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत सिंह, जिला महामंत्री राकेश सिंह, पूर्व आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह, बबुआ सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी आदि मौजूद थे।

# मुर्गा दुकानदार से विवाद पर भड़के कर्मी, काम ठप



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** निगम क्षेत्र के भंडारीडीह में बीते गुरुवार को मुर्गा दुकानदार से विवाद के बाद भड़के कर्मियों ने 23 जून से कामकाज ठप कर दिया. इस दौरान सारे कर्मी एकजुट हो कर नारेबाजी करने लगे. दरअसल, गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गिरिडीह आगमन तय था. इसी को लेकर शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र भंडारीडीह में सफाई अभियान चलाया गया. सफाई के क्रम में मुर्गा दुकानदार रिजवान ने एक सफाई कर्मी से दुर्व्यवहार कर दिया और मुर्गा काटने वाले धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी. इससे गुस्साए सफाई कर्मियों के साथ निगम के अन्य कर्मियों ने शुक्रवार को काम ठप कर दिया. कर्मचारी नेता अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों सफाई कर्मियों ने नगर निगम के उप नगर आयुक्त के नाम आवेदन देकर गालीझगलौज करने वाले मोहम्मद रिजवान को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की है. जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गिरिडीह आगमन को लेकर चार सफाई कर्मी दीपक हाडी, रॉकी कुमार, सचिन हाडी व रवि हाडी को निगम ने भंडारीडीह के पास सड़क की सफाई का जिम्मा दिया था. चारों कर्मी सुबह में सड़कों पर झाड़ू लगा रहे थे. इसी क्रम में मुर्गा दुकानदार मोहम्मद रिजवान ने इन लोगों को गाली दी व चाकू लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ाया था.

## कोयला मजदूरों को नए वेतन समझौता के आधार पर मिलेगा जून का वेतन

**बोकारो।** एटक यूनियन के कथारा, ढोरी, बीएंडके आदि क्षेत्र के पदाधिकारियों व यूनियन से जुड़े मजदूरों की जारंगडीह कार्यालय में बैठक हुई. बैठक में उपस्थित ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी) से संबद्ध एटक के उपाध्यक्ष लखनलाल महतो उपस्थित ने कहा कि 20 मई को पांच श्रामिक संगठनों के साथ कोयला मजदूरों का 11वां वेतन समझौता किया था. भारत सरकार ने भी 22 जून को इस समझौता को मंजूरी दे दी. कोल इंडिया ने भी इसे लागू करने का आदेश निर्गत किया है. इसके साथ ही पांच इम्पलिटेशन इंस्ट्रक्शन इश्यू लागू किए हैं. मजदूर नेता ने बताया कि जून महीने का वेतन नए वेतनमान के आधार पर ही जुलाई में किया जाएगा। यह मजदूरों की एकता की जीत है. वेतन समझौता लागू होने पर एटक के पदाधिकारियों ने मजदूरों के साथ जारंगडीह कार्यालय के समक्ष पटाखे फोड़कर अपनी खुशी प्रदर्शित किया. मौके पर जोनल अध्यक्ष चंद्रशेखर झा, जवाहर लाल यादव, भीम महतो, नवीन कुमार विश्वकर्मा, मथुरा यादव, देवाशीष रजवार, निवारण केवट, रामेश्वर यादव, विनोद कुमार झा आदि उपस्थित थे.

# रेलवे अस्पताल में कर्मचारियों का हंगामा, कामकाज ठप किया



**नवीन मेल संवाददाता**

धनबाद। रेलवे अस्पताल धनबाद में डीआरएम की पत्नी को चप्पल उतार कर डॉक्टर रूम में प्रवेश करने की बात कहना अस्पताल कर्मी बसंत उपाध्याय को महंगा पड़ गया. उसे डीआरएम ऑफिस में बुलाकर जमकर फटकार लगाई गई. आरोप है कि वहां उसके कपड़े उतरवाए गए और चार्जशीट की धमकी देकर वापस भेज दिया गया. वाकया 22 जून का है. डीआरएम की पत्नी डेंटिस्ट से चेकअप कराने अस्पताल आई थीं. घटना के बाद पीड़ित रेल कर्मचारी बसंत उपाध्याय मानसिक तनाव में आ गया और उसकी तबीयत बिगड़ गई. उसे इलाज के लिए रेलवे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. अस्पताल के अन्य कर्मचारियों को मामले की जानकारी 23 जून को मिली. गुस्साए कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया और एकजुट होकर अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया. अस्पताल के गेट पर बैठकर जमकर नारेबाजी भी की. वहीं, पीड़ित कर्मी की तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे अशर्फी अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. धनबाद के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा की पत्नी दंत रोग विशेषज्ञ से चेकअप कराने गुरुवार 22 जून को रेलवे अस्पताल में आई थीं. डॉक्टर के चैंबर के बाहर तैनात अस्पताल कर्मी (सहायक) बसंत उपाध्याय ने डीआरएम की पत्नी को नहीं पहचाना और उन्हें चप्पल खोल कर अंदर जाने की बात कही. कर्मचारी की यही बात मैडम को नागवार गुजरी. वापस लौट कर उन्होंने मामले की मामले की जानकारी डीआरएम को दी. कुछ देर बाद रेलवे अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को फोन आया. वह नीचे उतरे और उक्त रेल कर्मचारी को साथ लेकर डीआरएम कार्यालय पहुंचे. कर्मचारी बसंत उपाध्याय का कहना है कि डीआरएम के चैंबर में ले जाकर उसके साथ डांट-फटकार की गई. चार्जशीट की धमकी भी दी गई. उसके कपड़े उतरवाकर चैबर से बाहर निकाल दिया गया. अर्धनग्न अवस्था में ही वह घर लौटा. अस्पताल के कर्मचारियों को घटना की जानकारी शुक्रवार को मिली. गुस्साए कर्मचारियों ने कामकाज ठप कर दिया और जमकर नारेबाजी की. इससे कुछ देर के लिए ओपीडी समेत अस्पताल की सभी सेवाएं ठप रहीं. सूचना मिलते ही एडीआरएम आशीष झा और सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार अस्पताल पहुंचे. इस संबंध में पूछे जाने पर एडीआरएम ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है.

## जमशेदपुर में पुलिस ने दो ठगों को किया गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जुगसलाई में शुक्रवार को हरियाणा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जुगसलाई पीबी रोड मछली मोहल्ला निवासी मो फहीम और होमा लाइन के पीछे रहने वाला वाहिद अहमद अंसारी शामिल है. दोनों पर 25 करोड़ की ठगी का आरोप है. छापेमारी के दौरान दोनों के पास से भारी मात्रा में नकद और एक बैग बरामद किया गया है जिसमें गहने पाए गए है. वहीं मो फहीम के पास से ठगी किए गए रुपयों से खरीदी गई एक कार भी बरामद की गई है. मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों ने हरियाणा में एक ठगी की घटना को अंजाम दिया था. जिस फोन नंबर से ठगी की गई थी उसके खिलाफ थाने में शिकायत की गई थी. शिकायत के बाद पुलिस नंबर ट्रेस करते हुए शुक्रवार सुबह जमशेदपुर पहुंची और जुगसलाई पुलिस की मदद से छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया. इधर, जब पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जुगसलाई थाना गई तो थाना में पत्रकार प्रवीण सेट्ठी से हरियाणा पुलिस ने बदसलूकी की. प्रवीण द्वारा गिरफ्तारी का वीडियो बनाने के हरियाणा पुलिस ने विरोध किया और उनका मोबाइल छीन लिया. मोबाइल छिनने के बाद प्रवीण को थाने में ही बिठाकर रखा गया. हालांकि बाद में मोबाइल से सारे वीडियो डिलिट कर दिए गए.

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी

**चाईबासा।** शुक्रवार को हाजरा प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी मनोहरपुर मंडल द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई. उनकी तस्वीर पर भाजपाईयों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों व आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया. कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे के नारे लगाए. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवनाथ महतो, संजय सिंह, अमित कुमार डागा, कैलाश गुप्ता, गोविन्द दास, प्रदीप कुमार मिश्रा, संतोष गुप्ता, सुनील सिंह, यशवंत सिंहदेव समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित हुए.

## बच्ची के साथ दुष्कर्म, चार माह बाद प्राथमिकी

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा में एक पांच वर्षीय बच्ची के साथ ट्यूशन टीचर द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में पीड़िता की मां ने बागबेड़ा थाना में चार माह बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. प्राथमिकी में विशू और पूनम देवी को आरोपी बनाया गया है. शिकायत में कहा गया है कि घटना 29 मार्च की है. पीड़िता आरोपी के घर ट्यूशन पढ़ने जाया करती थी. इसी बीच ट्यूशन टीचर उसके साथ मारपीट करता था और प्रताड़ित करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करता था. किसी को बताने पर मारने की भी धमकी देता था. इसी से डर कर बच्ची ने घर में कुछ नहीं बताया. बच्ची को तकलीफ बढ़ने के बाद उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी. जिसके बाद गुरुवार को मामले की लिखित शिकायत की गई है. इधर, शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों के घर पर छापेमारी की पर सभी फरार बताए जा रहे है.

## पंचायत समिति सदस्य ने की आत्महत्या

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड अंतर्गत ससारको पंचायत की पंचायत समिति सदस्य चंदवा देवी (45) ने 22 जून की देरात गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली. उसके पति सहदेव मंडल ने बताया कि गुरुवार की रात पति-पत्नी के बीच मामूली बात को लेकर नोकझोंक हुई थी. बात छोटी थी, इस कारण गंभीरता से नहीं लिया, पर चंदवा कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर ली. जब तक किसी अनहोनी का संदेह हुआ तब तक वह रस्सी से भूल चुकी थी. दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतारकर डूमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना पर पहुंची डुमरी पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. डूमरी पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## गिरिडीह : जवान की ट्रक से कुचल कर मौत

**गिरिडीह।** चतरो-जमुआ मुख्य मार्ग पर देवरी थाना क्षेत्र जलखरियोडीह के पास हुए सड़क हादसे में जमुई में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान की मौत हो गई. घटना की सूचना पर देवरी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया. मृत जवान के पास से मिले ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर उसकी पहचान चतरा जिला के चिरीडिरी गांव निवासी कुमार राणा प्रताप के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार राणा प्रताप अपने हीरो पैशन बाइक से जा रहे थे. इसी दरम्यान चतरो-जमुआ मुख्य मार्ग पर जलखरियोडीह के पास सीमेंट लदा ट्रक संख्या जेएच09एपी-3570 बाइक सवार जवान को कुचलते हुए निकल गया. इस घटना में जवान राणा प्रताप की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. बीच सड़क पर जवान की मौत की घटना की सूचना पर आसपास के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंच गए. इस दौरान कुछ देर के लिए सड़क में आवागमन भी बाधित हो गया. शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है. देवरी पुलिस ने घटना की सूचना मृतक जवान के परिजनों को दे दी है.

## विद्युत व्यवस्था के खिलाफ लोगों ने किया सड़क जाम

**गिरिडीह।** गिरिडीह में लचर विद्युत व्यवस्था के खिलाफ लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए हैं. भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली जारी है. पहले की तुलना में चार-पांच दिनों से बिजली व्यवस्था और ज्यादा लड़खड़ा गई है. परेशान लोगों ने 22 जून की शाम कुछ घंटे तक कालीबाड़ी चौक पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया. मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन करना बंद कर दिया. आश्वासन के बाद भी सुधार नहीं होने पर फिर 23 जून को लोगों ने फिर कालीबाड़ी चौक जाम कर दिया. जाम के कारण सड़क यातायात बाधित रहा. सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई. लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की.

## पोटका में दो योजनाओं का शिलान्यास

**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के शंकरदा गांव में शुक्रवार को मुखिया एवं पूर्व पार्षद के द्वारा दो योजनाओं का शिलान्यास किया गया. जिमसें 280 फीट पीसीसी सड़क एवं गांव में पोटो हो खेल योजना के तहत बने फुटबॉल मैदान में शौचालय सह चेजिंग रूम का निर्माण शामिल हैं. दोनों योजनाओं का क्रियान्वयन नितांत जरूरी था. पूर्व पार्षद करूणामय मंडल ने बताया कि वर्षात के दौरान गांव के ऊपर टोला से वर्षा का पानी नीचे टोला की ओर तेजी से बहता है. जिसके कारण मिट्टी की कच्ची सड़क में खाईनुमा गड्ढे बन जाते हैं जो दुर्घटना का कारण बनते हैं. इसे दिखते हुए पंचायत की मुखिया सारजोम मार्डी के द्वारा दोनों योजनाओं की ग्रामसभा में चयन किया गया.

## 'ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ें'

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड सभागार में शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार 23 जून को स्कूल रुआर अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. उन्हें स्कूल रुआर कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश एक्का ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने, ड्रॉप आउट कम करने व ऐसे बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ने के लिए बैक टू स्कूल कार्यक्रम की शुरूआत हुई है. उन्होंने स्कूलों में 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के ड्रॉपआउट छात्र-छात्राओं को वापस लाने और नियमित उपस्थिति बनाए रखने पर जोर दिया.

# नवनियुक्त 102 पंचायत सचिव एवं 29 क्लर्क ने दिया योगदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में नवनियुक्त 102 पंचायत सचिव तथा 29 क्लर्क ने योगदान दिया. योगदान के साथ ही सभी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिले के वरीय पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पंयाचत सचिव एवं क्लर्क को उनके कर्तव्य एवं दायित्व के अलावे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन में उनकी भूमिका, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत में रहकर प्रशासन और आम जनता के बीच किस तरह संवाद की कड़ी बनेंगे तथा सरकार की क्या-क्या योजनाएं वर्तमान में ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही हैं, इन सभी विषयों पर कार्यशाला में प्रकाश डाला गया. साथ ही सभी क्लर्क को पंजी संधारण व अन्य कार्यालयी कार्यों से अवगत कराया गया. उप विकास आयुक्त ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को सरकारी नौकरी की शुरूआत करने के लिए शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह नई जिम्मेदारी कई नई चुनौतियां लेकर आएगी, काम को बोझ की तरह नहीं लें बल्कि उसे चुनौती की तरह स्वीकार करते हुए आगे बढ़ें. उन्होंने पंचायत सचिवों से कहा कि जितनी जल्दी अपने पंचायत क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेंगे, आपको अपने दायित्वों के निर्वह्न में उतनी ही आसानी होगी. पंचायत क्षेत्र के सभी गांव, जनसंख्या तथा वर्तमान में संचालित योजनाओं की जानकारी जरूर रखें. उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से सभी को आश्वस्त किया कि जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा हर संभव सहयोग दिया जाएगा. सरकारी सेवक के रूप में किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना है, योजनाओं के क्रियान्वयन में क्या सावधानियां बरतनी है इन सभी बातों पर उन्होंने मार्गदर्शन किया. एसडीएम धालभूम ने कहा कि काम के दौरान कई नई चीजें सामने आएंगी, उसे सकारात्मक रूप से लेते हुए अपने जिम्मेदारियों का निर्वह्न करें. उन्होने सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि अपने काम से अपनी पहचान बनायें.

## भाजपा की सोच का आधार है श्याम प्रसाद मुखर्जी के विचार : रविंद्र पांडे

# बलिदान दिवस के रूप में मनी डॉ. श्यामा की पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** भाजपा के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडे के फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय समेत भाजपा फुसरो मंडल क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर 23 जून को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप मनाई गई. इस अवसर पर पूर्व सांसद समेत अन्य भाजपा नेताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए. मौके पर रविंद्र पांडे ने कहा कि भाजपा की सोच का आधार डॉ. मुखर्जी के विचार हैं. उनकी सोच के आधार भाजपा काम कर रही है. अब उनके सपनों को साकार करने का समय आ गया है. पीएम नरेंद्र मोदी उनके सपने साकार करने के लिए लगे हुए हैं. डॉ. मुखर्जी चाहते थे कि देश के अन्य राज्यों की तरह जम्मू कश्?मीर में भी संविधान लागू हो. उनके इस सपने को पूरा करने के लिए जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया गया. भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह समेत अन्य नेताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी संपूर्ण भारत में एक संविधान और एक झंडा के लिए संघर्ष करते रहे. उनके इस सपने को पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह साकार करने में लगे हैं. भाजपा फुसरो मंडल के महामंत्री टुनटुन तिवारी ने पार्टी कार्यकताओं से केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं से जन-जन को अवगत कराने को कहा. श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व नगर अध्यक्ष भाई प्रमोद सिंह, डॉ. उषा सिंह, अर्चना सिंह, दिनेश पांडेय, गजेंद्र प्रसाद सिंह, रमेश स्वर्णकार, राम किंकर पांडे, नवल किशोर सिंह, भरत वर्मा, अशोक सिंह, रविंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह समेत भाजपा के अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल थे.

## नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रकरण

# रिलायंस कम्युनिकेशन की अधिकारी ने दी गवाही



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से बनाए गए गवाह रिलायंस कम्युनिकेशन के ईस्टर्न जोन की नोडल ऑफिसर मधुमिता गुप्ता की गवाही हुई। शुक्रवार को सीबीआई कोर्ट में पूरी हो गई। इसके साथ बचाव साक्ष्य बंद कर दिया गया। अब 10 जुलाई से सीबीआई अंतिम बहस करेगी। रंजीत कोहली की ओर से तारा शाहदेव के पिता अंबिका नाथ शहदेव के मोबाइल नंबर दिया गया था, जिसका कॉल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) रिलायंस कम्यूनिकेशंस से मांगा गया था। शुक्रवार गवाही के दौरान तारा के पिता के मोबाइल के सीडीआर को एग्जामिन किया गया, साथी से प्रूफ किया गया। मामले में पिछली गवाही एयरटेल के अधिकारी ने दी थी। इससे पूर्व रंजीत कोहली की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गवाह बनाया गया था। पिछली सुनवाई में मुख्यमंत्री के अधिकृत व्यक्ति मुस्ताक आलम ने गवाही दी थी। मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे है। रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। सीबीआई ने हाई कोर्ट के आदेश पर 2015 में केस टेक ओवर किया था। लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोपितों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने 22 मई 2017 को रंजीत सिंह कोहली सहित तीनों के खिलाफ चाजर्शीट दाखिल की थी।

## शैलेंद्र जयसवाल के हमलावर को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस : राजेश गुप्ता

**रांची।** रांची के तुपुदाना स्थित वाइल्ड वादी टावर पार्क के डायरेक्टर शैलेंद्र जयसवाल के ऊपर किए गए हमले के आरोपी रांची पुलिस अविलंब गिरफ्तार करे और शैलेंद्र जायसवाल को सुरक्षा प्रदान करें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति में कही। श्री गुप्ता ने कहा कि शैलेंद्र जायसवाल उच्च शिक्षा प्राप्त कर शहर में वाइल्ड वादी टावर पार्क बनाकर रांचीवासियों को एक सौगात देने का काम किया है। निहित स्वार्थ के लिए शैलेंद्र जयसवाल जैसे लोग पर हमला होना बहुत ही निंदनीय है। दूसरी तरफ 12 दिन बीत जाने के बावजूद नामदज अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होना बहुत ही चिंता का विषय है। पुलिस अगर 10 दिनों के अंदर नाम दर्ज अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं करती है तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# बकरीद के मौके पर 13 जिलों में 4000 अतिरिक्त पुलिस की होगी तैनाती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में बकरीद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हाल के दिनों में सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए प्रशासन अलर्ट है। सभी संवेदनशील क्षेत्रों की गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा है। राज्य में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य के 13 जिलों में 26 जून से लेकर 29 जून तक 4000 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसको लेकर आईजी अभियान की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य के लगभग सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों खासकर मस्जिद और मंदिरों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहां प्रतिनियुक्त होने वाले जवानों और पदाधिकारियों को सख्त निर्देश है कि वे किसी भी परिस्थिति में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचाने दें। शरारती तत्व धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। मंदिरों के आसपास कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं फेंककर माहौल को खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। इस पर नजर रखने के लिए सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

## कांटाटोली फ्लाइओवर निर्माण

# रात दस से सुबह छह बजे तक वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण को देखते हुए शुक्रवार को रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक सभी प्रकार के वाहनों के आवगमन पर रोक रहेगी। यह व्यवस्था लॉन्चिंग कार्य खत्म होने तक जारी रहेगा। हालांकि, कांटाटोली चौक के पास रहने वाले लोगों के लिए इसमें छूट मिलेगी । साथ ही दुर्गा सोरेन चौक से खादगढ़ा बस स्टैंड के निकास द्वार से प्रवेश करने छूट मिलेगी। इस संबंध में गुरुवार रात ट्रैफिक एसपी की ओर से जानकारी दी गयी है। खेलगांव से कांटाटोली होकर आने वाले सभी वाहन खेलगांव-टाटीसिल्वे-दुर्गा सोरेन चौक-नामकुम होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली होकर आने वाले सभी वाहन टाटीसिल्वे-खेलगांव होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। दुर्गा सोरेन चौक से खादगढ़ा बस स्टैंड तक आने-जाने वाले बसों को सिर्फ खादगढ़ा बस स्टैंड के निकास द्वार से प्रवेश करने की छूट दी जाएगी।

# लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना योजनाओं का लक्ष्य : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/पाकुड़**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाना केंद्र और राज्य सरकार की योजना का लक्ष्य है। वे शुक्रवार को पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के डुमरचीर में ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार नल-जल योजना के तहत प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अभी तक 37 प्रतिशत परिवारों को इस योजना से आच्छादित किया जा चुका है। शेष बचे 67 प्रतिशत परिवार को आच्छादित किया जाएगा। सरकार आवास, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने कई कस्तूरबा गांधी विद्यालयों एवं अन्य विद्यालयों का भ्रमण किया और वहां स्मार्ट क्लास, वीआर लैब, लाइब्रेरी, ओपेन जिम इत्यादि को देखा है। वहां की छात्राओं से संवाद किया है। संवाद करने से उन्हें खुशी मिली है कि वह पढ़ाई पर ध्यान दे रही हैं। अपना लक्ष्य भी निर्धारित कर रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिषद की सदस्य प्रियंका मालतो ने कहा कि कुमार भाग पहाड़िया के पीवीटीजी में शामिल नहीं होने के कारण बहुत सारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने राज्यपाल से पहाड़िया को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) में शामिल करने के लिए अनुरोध किया। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्य एक प्रक्रिया के तहत होती है, जिसमें जिला प्रशासन की ओर से सरकार से स्थापित मानदंडों के आधार पर राज्य सरकार को अनुशंसा की जाती है एवं राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को।



## निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि सात जुलाई तक बढ़ी

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी हुई। पेशी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। अदालत ने वीरेंद्र राम की न्यायिक हिरासत की अवधि सात जुलाई तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। बताया गया है कि जब्त संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गई है। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## 4 जुलाई को जेएमएम की बड़ी बैठक, 9-4-1 के फॉर्मूले से लेकर पर होगा मंथन

**रांची।** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने केंद्रीय समिति सदस्यों, सभी जिलाध्यक्षों-जिला सचिवों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि संगठन विस्तार के साथ-साथ पार्टी 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भी जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के विचार से रूबरू होगी। पटना में नीतीश कुमार के आह्वान पर बुलाई संयुक्त विपक्ष की बैठक में आये विचार को भी केंद्रीय समिति के सामने सीएम हेमंत सोरेन रखेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने कहा कि 04 जुलाई को होनेवाली झारखंड मुक्ति मोर्चा, केंद्रीय समिति की बैठक बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि दो सत्र में चलने वाली इस बैठक में पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिलावार पार्टी की कमजोरी और मजबूती से अवगत होंगे। भाजपा को परास्त करने की रणनीति बनाएंगे।

# राज्य के सरकारी विद्यालयों के 12 शिक्षकों का किया गया तबादला




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सरकारी विद्यालयों के 12 शिक्षकों का तबादला कर दिया गया है। इसका आदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। इन सारे शिक्षकों का तबादला विभिन्न जिलों के दो विद्यालयों में हुआ है। तबादला संबंधी आदेश के पालन करने का निर्देश सभी संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दे दिया गया है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। निदेशक ने जारी आदेश में कहा है कि 23 अगस्त, 2022 को पारित न्यायादेश के अनुपालन के क्रम में 110 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों का स्थानांतरण और पदस्थापन किया गया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उपरोक्त स्थानांतरित पदों पर यदि कोई अन्य शिक्षक पूर्व से पदस्थापित हों तो उन्हें संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में अविलंब योगदान करने के लिए निर्देशित किया जाए। इसके बाद निदेशालय के 4 मई, 2023 के निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान किये शिक्षकों से संबंधित प्रतिवेदन संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्राप्त किया गया।

## मुखिया के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड की काटमकुली पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों ने मुखिया अनीता देवी और उनके पति शिवपाल पाहन के खिलाफ शुक्रवार को डीसी और कांके बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत की बैठकों में मुखिया के स्थान पर उनके पति शामिल होते हैं वे ही मुखिया का फर्जी हस्ताक्षर करते हैं। वहीं 15वें वित्त आयोग की योजनाओं का चयन बिना ग्रामसभा के किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पंचायत के अभिलेखों में भी मुखिया के पति फर्जी हस्ताक्षर करते हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर प्रतिनिधि तथा ग्रामीण पंचायत सचिवालय में तालाबंदी करेंगे।

# दर्जनों युवाओं ने युवा राजद की सदस्यता ग्रहण की




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश राजद राज्य में अपने कुनबे को मजबूत करने में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को युवा राजद के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए दर्जनों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। गांव, गरीब, दलित-पिछड़ों की हक के लिए राजद हमेशा संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मोहम्मद ओसामा, मोहम्मद आतिफ अंसारी, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद जफर, मोहम्मद शौकत अंसारी, मोहम्मद शमशेर व अन्य शामिल हुए।

## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा, अदालतों में दिव्यांगों की सुविधा के लिए क्या है प्लान




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को राज्य के सभी सिविल कोर्ट, कंज्यूमर फोरम सहित अन्य ज्यूडिशियल फोरम में दिव्यांगों के लिए सुविधा मुहैया कराने को लेकर पीपुल यूनियन फॉर सिविल लिबर्टी की ओर से दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य के सिविल कोर्ट में दिव्यांगों को सुविधा मुहैया कराने के लिए क्या प्लान है। अदालतों को दिव्यांगों के लिए फ्रेंडली माहौल कैसे बनाया जा सकता है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 अगस्त निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि राज्य के सभी सिविल कोर्ट ,कंज्यूमर फोरम आदि जगहों में दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, लिफ्ट, रैंप, विशेष स्टाइल की टॉयलेट की व्यवस्था होनी चाहिएए जिससे उन्हें अदालती कार्यों से सिविल कोर्ट या कंज्यूमर फोरम आदि जगहों पर आने पर किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

## भुगतान को लेकर रिनपास की आउटसोर्सिंग पर काम कर रही नर्सें ने किया विरोध

**रांची।** रिनपास में आउटसोर्स पर काम कर रही 54 नर्सों के सब्र का बांध टूट गया। जिसके बाद सभी ने एकजुट होकर प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जाहिर किया। बता दें कि रिनपास से रिटायर नर्सों को पुनः अनुबंध पर नौकरी पर रखने को लेकर वैकेंसी निकाला गया है। नियुक्त होने वाली नर्सों को 35400 प्रति माह वेतन दिया जाएगा। जिसका विरोध आउटसोर्स नर्सों कर रही हैं। नर्सों ने कहा कि साल 2022 के सितंबर, अक्टूबर और नवंबर महीने का वेतन बिना किसी कारण के काट दिया गया। इसकी सही जानकारी ना तो विभाग और ना ही एजेंसी की ओर से दी जा रही है। तीन महीने का पूरा वेतन भुगतान किया जाए। हमारे मानदेय से ईपीएफ कटौती की जा रही है, लेकिन खाता में जमा नहीं किया जा रहा है। साथ ही जॉइनिंग लेटर भी नहीं दिया गया है। साप्ताहिक छुट्टी के अलावा कोई छुट्टी नहीं दिया जाता। वहीं विरोध करने पर काम से हटा देने का धमकी दी जाती है। वहीं नर्सों की समस्याओं को लेकर कांके ब्लॉक के उपप्रमुख और यूथ कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रिनपास निदेशक से मुलाकात करने पहुंचे।

**पहल** रिम्स के मरीज अब दवा व जांच के लिए न हों परेशान

# ‘सुधार के लिए कई कदम उठाये गये हैं’



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान( रिम्स) के प्रभारी निदेशक प्रो (डॉ) आर के गुप्ता ने कहा कि रिम्स में मरीजों को अब दवा और जांच के लिए अधिक परेशान नहीं होना पड़ेगा। प्रभारी निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि छह जून को प्रभार लेने के बाद इमरजेंसी और इलाज के लिए बेसिक परेशानी को दूर करना उनका लक्ष्य था। उन्होंने कहा कि मरीजों को गॉज, बैंडेज, आईबी फ्लूइड की कमी दूर कर दी गई है। जरूरी दवाइयां भी रिम्स में उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही अन्य दवाइयों के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। 23 सैंपल कलेक्शन सेंटर बनाए गए हैं, जहां मरीज सैंपल दे सेकेंगे और रिपोर्ट भी मरीजों को मिलेगी। गुप्ता शुक्रवार को रिम्स में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रिम्स के इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर में सुधार के लिए कई कदम उठाये जा रहे है। इनमें 18 वेंटीलेटर और सभी ऑक्सीजन प्वाइंट को कार्यशील करने, 24 घंटे डॉक्टरों की मौजूदगी के लिए रोस्टर तैयार करने, हैंड ओवर और टेकओवर रिपोर्ट प्रति पाली में तैयार करने,नर्सों का ड्यूटी का रोस्टर तैयार करने, ड्यूटी पर तैनात नर्स को दवाओं की उपलब्धता का हिसाब और हैंड ओवर रिपोर्ट बनाने, चिकित्सा अधीक्षक और उपाधीक्षक प्रतिदिन इमरजेंसी की व्यवस्थाओं की निगरानी करने, प्रथम तल पर 20 आईसीयू बेड और एक ऑपरेशन थिएटर तैयार करना शामिल है। उन्होंने बताया कि रिम्स में सुरक्षा को लेकरअनावश्यक और आवंछित आवाजाही पर रोक लगाने के लिए कई पॉइंट पर बैरियर इत्यादि लगाए जायेंगे। होम गार्ड और सैप के जवान वार्ड में रहेंगे तैनात। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां से अवांछित अनावश्यक लोग प्रवेश करते हैं । उन जगहों की पहचान कर सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे। 24 घंटे और सातों दिन त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी )वॉकी टॉकी के साथ तैनात रहेंगे, जो अस्पताल और रिम्स परिसर की सुरक्षा की निगरानी करेंगे । उन्होंने कहा कि रात्रि ड्यूटी में महिला डॉक्टर के साथ सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा आयुष्मान भारत के तहत इलाज कराने वालों के लिए आयुष्मान मित्र और जगह जगह कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात किये जायेंगे। साथ ही ओपीडी भवन में कैश काउंटर की संख्या बढ़ा कर पांच किया जायेगा। उन्होंने बताया कि डायलिसिस की निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है और जल्द ही रिम्स में डायलिसिस की सुविधा ओपीडी में भर्ती मरीजों के लिए शुरू की जाएगी।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के थे पर्याय

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को डीएसपीएमयू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने उन्हें स्मरण करते हुए उन्हें प्रखर राजनीतिज्ञ बताया। कहा कि वे राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय थे। वे एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले और कम उम्र में ही राजनीतिक चरमोत्कर्ष को प्राप्त करने वाले व्यक्तित्व थे। बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। मात्र 33 वर्ष की अल्पायु में 1934 में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। कुलपति ने उनके विलक्षण प्रतिभा के विषय में कहा कि उनकी धारणा थी कि हम सभी में कोई अंतर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं, एक भाषा, एक संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार मिश्र, प्रियांश कुमार, पीआरओ प्रो राजेश कुमार समेत सभी शिक्षक, कर्मी और विद्यार्थी मौजूद थे।

## भगवान जगन्नाथ के दरबार के पास मिला नवजात बच्चा

# जिंदा देख सभी हुए हैरान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुरानी कहावत है कि जिसकी रक्षा स्वयं ईश्वर करते हैं उसे भला कोई कैसे मार सकता है। यही कहावत रांची में चरितार्थ हुई है। एक अभागी मां ने अपने एक दिन के नवजात शिशु को मरने के लिए जगन्नाथपुर मेला परिसर के पास फेंक दिया, नवजात बच्चे की रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक कपड़े में लिपटा एक दिन का मासूम रो रहा है। स्थानीय लोगो ने बच्चे को पहुचाया अस्पतालः बच्चे के रोने की आवाज सुनकर सबसे पहले जितेंद्र नायक नाम के एक व्यक्ति दौड़े-दौड़े मौके पर पहुंचे। जिस समय जितेंद्र मौके पर पहुंचे उस दौरान बच्चे के शरीर पर चिंटियां काट रहीं थीं जिसकी वजह से बच्चा बहुत ज्यादा रो रहा था। आनन-फानन में जितेंद्र और उनके साथ दूसरे स्थानीय लोगों ने बच्चे को उठाया और नजदीक के डॉक्टर के पास ले गए, प्रारंभिक इलाज के बाद बच्चे ने रोना बंद कर दिया तो लोगों ने सलाह दिया कि जितेंद्र बच्चे को लेकर थाने जाए क्योंकि अगर थाने में सूचना नहीं दी जाएगी तब एक कानूनी चक्कर में फंस सकते हैं। थाने पहुंच दी जानकारीः धुर्वा थाने पहुंचकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को यह जानकारी दी कि जगन्नाथपुर मेला परिसर के पास से एक नवजात बच्चे को पड़ा पाया है। जितेंद्र नायक ने धुर्वा थाना प्रभारी से काफी आग्रह किया है कि वह बच्चे को उसे दे दे उसे पालेगा, हालांकि पुलिस ने जितेंद्र को यह समझाया कि गोद लेने की एक प्रक्रिया है उस से गुजर कर ही बच्चे को गोद लिया जा सकता है। फिलहाल बच्चे को बेहतर इलाज के लिए भेजा जाएगा। अस्पताल में भर्ती करवाया गयाः धुर्वा थाना के द्वारा मामले की जानकारी सीडब्ल्यूसी और करुणा आश्रम को भी दी गई। जिसके बाद दोनों ही संस्थाओं से एक-एक टीम धुर्वा थाने पहुंची और सबसे पहले बच्चे को बेहतर इलाज और देखने के लिए रानी चिल्ड्रन अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों ने जांच के बारे में बताया है कि बच्चे का जन्म आज ही सुबह हुआ है, जिसके बाद उसे फेंक दिया गया ताकि उसकी मौत हो जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिलहाल बच्चा एकदम स्वस्थ है थोड़े दिनों के इलाज के बाद उसे करुणा आश्रम भेजा जा सकता है।

# पर्यावरण संतुलन के लिए हरियाली जरूरी : सुजीत नायक




**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** भारतीय वैश्य महासभा कोडरमा की ओर से स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर झुमरी तिलैया पार्क में वृक्षारोपण कार्य युवा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रुप गिलोई, नीम, सागवन, सीसम, गुलमोहर जैसे पौधे का पौधारोपण किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रविकपसिमें, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सुमन एवं जीवन सवेरा फाउंडेशन के निदेशक उदय चंद्र किशोर उपस्थित हुए। युवा जिला अध्यक्ष श्री सुजीत नायक ने कहा है कि कि पर्यावरण का संरक्षण हमारी सामाजिक राष्ट्रीय व नैतिक जिम्मेदारी है ,हमें पर्यावरण का दोहन करने से बचाना होगा। दूसरों को भी वृक्ष लगाने व पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रेरित करना होगा। पर्यावरण संतुलन के लिए हरियाली जरूरी है। ज्यादा से ज्यादा पौधे जरूर लगाए, साथ ही इन पौधों का देखभाल जरूर करे। आज पर्यावरण संतुलन को लेकर वृक्षारोपण शुरू किया गया है। आम लोगों को भी जागरूक होना होगा। जिला अध्यक्ष रवि कपसिमें ने कहा- कहा वृक्ष हमारे माता पिता के समान है, प्रकृति की रक्षा और शुद्ध हवा ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए वृक्ष लगाना अत्यंत आवश्यक है। समय-समय पर पौधारोपण करके ही हम आने वाली पीढ़ी के जीवन को सुलभ बन सके। अगर पूरे शहर में सभी संस्थाएं मिल जाए और वृक्ष लगाना शुरू हो जाए तो मुझे लगता है। झुमरीतिलैया शहर स्वच्छ और सुंदर वातावरण में झारखंड में नंबर वन होगा। महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सुमन ने कहा कि सांसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम। कोई आज छाया में इसलिए बैठा हुआ है क्योंकि किसी ने काफी समय पहले एक पौधा लगाया था। तो आइए आज ही अपने नाम का एक पौधा लगाएं और आने वाले कल को खूबसूरत बनाएं। यह वृक्षारोपण अभियान पूरे जून माह झिलमिल वार्ड में विभिन्न पार्कों में निरंतर चलेगा। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है तथा ग्लोवेल वार्मिंग के चलते पर्यावरण समस्या विकराल हो रही है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित जायसवाल, अमर गुप्ता, योगी प्रदीप सुमन ,जीतू कुमार, नकुल मोदी, समाजसेवी अमन कपसिमें, कोलेश्वर कुमार,व अन्य लोग मौजूद थे।

# नागरिक सुरक्षा ट्रस्ट का जनहित में प्रयास जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति एक ट्रस्ट के रूप में झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र में लगातार जनहित में कार्य कर रही है। नगर परिषद की आबादी वाले क्षेत्र में कई जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उपरांत अब सुरक्षा समिति के लोग सुदूर दूरदराज के जरूरतमंद के बीच पहुंचकर मदद का प्रयास कर रहे हैं जिसके तहत गुरुवार को देर शाम नागरिक सुरक्षा समिति के महासचिव मनोज सहाय पिंकू कोषाध्यक्ष पंकज वर्णवाल, पदाधिकारी अमरजीत सिंह छाबड़ा शशिकांत सिंन्हा वार्ड नंबर 23 के गांधी स्कूल जमकट्टी रोड पर नगर परिषद के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित कुशवाहा टोला निवासी विधवा सूमा देवी के घर पर उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि सूमा देवी के पति रिक्शाठेला चालक छोटू चौधरी का चार महीने पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। जबकि दो बेटे और एक बेटी के भरणपोषण के भार से विधवा सूमा देवी विवश थी। जिसकी जानकारी समिति को सदस्य सुरेंद्र शर्मा खोखन ने दिया, और तत्काल नागरिक सुरक्षा समिति के सदस्यों ने आपसी सहयोग कर भरपूर मात्रा में चावल, आटा, दाल, आलू सहित अन्य खाद्य सामग्री पीड़ित सूमादेवी के घर पर पहुंचाने का काम किया। मौके पर श्री सहाय ने सूमा देवी का आधार कार्ड बैंक पासबुक प्राप्त कर विधवा पेंशन एवं राशनकार्ड बनाने में सहयोग करने की बात कही। पीड़ित सूमादेवी एवं उनके बच्चों ने नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कोलेबिरा विधायक ने मंडल स्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं संग की बैठक

# एकजुट होकर अपना मत डालें : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

कोलेबिरा। कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टीटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत में मण्डल स्तरीय कांग्रेस के पदाधिकारियों /कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी एवं जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज हमलोग देश में चल रही लोकतांत्रिक व्यवस्था से असहज महसूस कर रहे हैं, क्या हमारे पूर्वजों ने ऐसे लोकतांत्रिक व्यवस्था का सपना संजो कर आजादी के लिए कुबार्नी दी थी कि आने वाला समय में ये दिन देखना पड़ेगा।आज स्वतंत्र रूप से चल रहे संस्थानों का दुरुपयोग किया जा रहा है।ऐसा लगता है कि राजतंत्र में गुजर बसर कर रहे हैं। क्या होगा इस देश और समाज का, क्यों कि आपसी सौहार्द भाईचारा प्रेम सब खत्म हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने अपने विधायक को जन समस्यायों से अवगत कराया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज मैं सबसे पहले आपलोगों को बधाई और धन्यवाद देता हूं कि आपलोगों ने अपने विधायक पर विश्वास करते हुए अपनी समस्यायों और देश की कू व्यवस्था पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। साथियों आज हमारा देश निश्चित ही विकट परिस्थिति से गुजर रहा है,लोग भय में जीवनयापन कर रहे हैं, हमारे स्वतंत्रता को समाप्त करने का प्रयास देश में बैठी भाजपा की सरकार कर रही है। हमें भयभीत किया जा रहा है,वह भी बहुत मीठे से। बाबा भीमराव अम्बेडकर के संविधान को चकनाचूर कर दिया जा रहा है। कभी अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज को सी ए /एन आर सी के नाम पर भयभीत किया जा रहा है,कभी अल्पसंख्यक ईसाई आदिवासी समुदाय को चर्च धंसाने, सरना आदिवासी के साथ लड़वाने का षड्यंत्र रचा जाता है। भाईचारा प्रेम सौहार्द को छिन्न-भिन्न करने के लिए धार्मिक भावनाओं को उछाला जा रहा है। नतीजा लोग भय में जीने के लिए विवश हैं। जहां तक रही बात लोकतांत्रिक व्यवस्था की तो उसे विखंडित करने का खेल खेला जा रहा है। आपको बताना चाहूंगा कि ये देश एक गुलदस्ता है, इसमें सभी समाज, सभी धर्म जाति भाषा संस्कृति के लोग निवास करते हैं। उदाहरण स्वरूप गुलदस्ता में गुलाब का फूल,गेंदा, चमेली, जूही आदि को मिलाकर गुलदस्ता तैयार किया जाता है। जिसमें हर फूल की खुश्बू अलग अलग है,ठीक उसी प्रकार इस देश में बसने वाले सभी अलग-अलग धर्म, अलग-अलग जाति, अलग-अलग भाषा , संस्कृति के लोग निवास करते हैं,जिसे हमारे संविधान दाता बाबा भीमराव अम्बेडकर ने अपने अपने तरीके से स्वतंत्र रूप मनाने का संवैधानिक अधिकार दिया है। किन्तु उसे भी ये वर्तमान केन्द्र सरकार समाप्त करने का षड्यंत्र कर रही है।आज समान नागरिक संहिता कानून लाने का प्रयास किया जा रहा है, केन्द्र सरकार कहती है एक देश एक कानून।अब आप लोग बताईए कि जिस बाबा भीमराव अम्बेडकर ने अपने संविधान में अपने अपने हिसाब से सब कुछ करने का स्वतंत्रता प्रदान किया वो स्वतंत्रता हमें मिल पाएगा, नहीं कदापि नहीं।हमारे संवैधानिक अधिकार जो आरक्षण का है उसे भी समाप्त कर दिया जा सकता है क्योंकि ये तो समान नागरिक संहिता कानून के रूप में काम करेंगे। हमसे हर प्रकार के अधिकार पर कुठाराघात किया जाएगा। हमें आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, अधिकार पर चोट पहुंचाया जाएगा।हम बताना चाहेंगे कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार यही चाहती है कि इस देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए।जब हिन्दू राष्ट्र घोषित कर दिया जाएगा तो आपको नहीं लगता है कि हम ईसाई आदिवासी हैं ,हम क्लिसिया समुदाय से हैं तो उस समय हमें मिस्सा अनुष्ठान बाधा नहीं पहुंचाया जाएगा। यही कारण है कि हम सभी भय का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अपने आने वाले पीढ़ी और उनके भविष्य के लिए चिंतित हैं। इसी लिए कहना चाहूंगा कि आने वाला लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने सोच और राष्ट्रीय स्तर के पार्टी को अपना मत एक जुट होकर अपना मत डालें। कार्यक्रम को जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि आज जिस प्रकार देश में सभी संस्थाओं को बेचने का कार्य किया जा रहा है और उद्योग पतियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है,ये देश को गुलामी की ओर ले जाया जा रहा है। अडानी अम्बानी जैसे उद्योग पतियों के हाथों सरकारी सम्पत्तियों को बेचा जा रहा है, सरकारी संस्था बी एस एन एल, रेलवे , बैंक,एल आई सी, आदि को बेचने का काम किया गया,और सभी को निजीकरण किया जा रहा है, उससे हमारे लोगों को मिलने वाला आरक्षण प्रभावित हो रहा है। स्पष्ट है कि हमारे आरक्षण को धीरे-धीरे समाप्त करने का षड्यंत्र हो रहा है।



## महिला पैंकी नृत्य दल के कलाकर हुए सम्मानित



**सिमडेगा ।** सिमडेगा जिले में कला संस्कृति को बढ़ावा देने वाले कलाकार सह सजनी ग्रुप एवं चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा द्वारा संचालित छोटानागपुरी लोक संगीत, नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर एवं उनके कलाकारों को पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित जगन्नाथ महोत्सव के दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा समानित किया गया.मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ जयकांत इंदवार,चंद्रदेव सिंह,सुनील महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे.कार्यक्रम में सिमडेगा जिला के छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं द्वारा चांवर पैकी नृत्य, लाठी व तलवार का खेल दिखा कर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया.कार्यक्रम में कलाकारों में मुख्य रूप से बेला कुमारी,अमृता सोरेंग, योगिता बरवा, रुकमणी कुमारी,सलीमा कुजूर, रीतू कुमारी,हसीना कुमारी,रवीना कुमारीअर्जुन नायक,रोहित नायक,गंदूर नायक,मनोज नायक उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान सिमडेगा के कलाकारों के सम्मानित होने पर उन्हें सिमडेगा जिला,सहित अन्य कलाकारों ने बधाई दिया है.बधाई देने वालों में भाषा संस्कृति रक्षा मंच के संरक्षक सोहन बडाईक,साधु मलुआ,श्याम सुंदर मिश्रा,मोहन साहू,अध्यक्ष संजय मिश्रा,दयाल उरांव,खिलेश्वर सिंह, पुनित दुबे,बिमला देवी,एलिजाबेथ केरकेट्टा,सुमन लकड़ा,आर के काशी, मनोरमा सुनीता मिंज,दुर्गविजय सिंह देव सहित रांची के संगीतकार श्रीकांत इंदवार, कृष्णा नायक, इम्तियाज साहिल,सुमन गाड़ी,संजय अर्जित,सौरव कुमार, अन्य शामिल हैं।

## बेहतर कार्य करने वाले डाक कर्मियों को किया गया सम्मानित

**सिमडेगा।** सबडिवीजन के अनुमंडलीय डाक निरीक्षक श्री पीसी पंत की परिकल्पना के अनुरूप सिमडेगा मुख्य डाकघर के प्रांगण में अनुमंडल के अंतर्गत सभी शाखा डाक कर्मी व उप डाक कर्मियों को उनके द्वारा किए गए कार्यों के आकलन के आधार पर समीक्षा के अनुरूप उनको सम्मानित करते हुए पुरस्कार प्रदान किया गया, साथ ही कुछ शाखा डाक कर्मियों को अच्छे कार्यों को करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए भी सम्मानित किया गया।

## कैच द रेन कार्यक्रम अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में शुक्रवार को वर्षा जल संरक्षण हेतु कैच द रेन कार्यक्रम अंतर्गत जिला सिमडेगा के विभिन्न ग्रामों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को जागरुक किया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक सुषमा प्रधान के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद युवा मंडल जामबहार के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम ठेठईटांगर के ग्राम कसडेगा, फरसापानी व बिंझियाबांध में आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जिले के लोगों को जल के महत्व के बारे में समझाया गया साथ ही आने वाले बारिश के पानी को घर का पानी घर में, खेत का पानी खेत में, गाँव का पानी गाँव में और साथ ही उसे कैसे हम अपने दैनिक उपयोग और खेती में ला सकते हैं, की जानकारी दी गई। लोग अपने छतों से पाइप लगाकर बारिश के पानी को किसी टंकी या भूतल में एकत्रित कर सकते हैं। युवा मंडल के सदस्यों ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि अगर अभी पानी का महत्व को नहीं समझेंगे तो आने वाले निकटतम भविष्य में हमें जल संकटों से जूझना पड़ेगा।

# जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा को हैदराबाद में किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमड़ेगा।** जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा हैदराबाद में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा की सिमडेगा जिला के हक और अधिकार की जानकारी हर जन प्रतिनिधी तक पहुंचाकर हम झारखंड की विकास अन्य राज्यों की तरह करेंगे और झारखण्ड के साथ जिले के विकाश मे काम करेंगे। उन्होंने कहा जनप्रतिनिधि के साथ सरकार में शामिल लोग उनके अधिकार का करते हैं हनन,जिससे वह पंचायत राज्य के प्रतिनिधि और आम जनता के अधिकार को प्रशिक्षण लेने के बाद उनके अधिकार दिलाएंगे जिससे उनका हक मिल सके।ज्ञात हो की झारखण्ड की पूरी टीम के साथ सिमड़ेगा जिला परिषद् उपाध्यक्ष भी हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण 23 जून 2023 तक होगी। इस शिविर में हम उनलोगों से प्रशिक्षण एवं अनुभव ग्रहण कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के बलबूते अपने क्षेत्र को विकास के मामले में पूरे भारतवर्ष में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। प्रशिक्षण के दौरान उनके द्वारा हमें सम्मानित भी किया गया।



# किसान खरीफ फसल पर ध्यान दे तो कर सकते है अच्छी उपजः जोसिमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड़।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन किया गया। कर्मशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने दीप जलाकर किया। उन्होंने किसानों को खरीफ फसल की जानकारी देते हुए खरीफ फसल की सही उपज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर किसान खरीफ फसल पर ध्यान दे तो अच्छी उपज कर सकते है।जोसिमा ने कहा कि मकई,धान व दलहन की फसल खरीफ के अंतर्गत आता है। इन फसलों की खेती सही तरीके से किया जाए। तो किसानों को अच्छा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि किसान और भी जमकर खेती कर सके। कर्मशाला में बलधीर डुंगडुंग औ? ज्योति बा के बीच कुल 30 हजार का लोन बांटा गया। कर्मशाला को प्रमुख रजत लकड़ा ने भी संबोधित किया। वहीं बीडीओ शक्ति कुंज ने किसानों को सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी। मौके पर सीओ अमित कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, पंसस प्रतिमा कुजूर, मुखिया डामर उरांव, अल्बर्ट चन्द्र कुल्लू, बीटीएम आदि उपस्थित थे।

## 24 घंटे में मोबाइल चोरी का खुलासा



**कुरडेग।** कुरडेग पुलिस ने कार्यवाहक थाना प्रभारी श्री नरेश मरांडी एवं एस आई श्री रमेश कुमार के नेतृत्व में कुरडेग बस स्टैण्ड स्थित आशीष मोवाइल दुकान में मोबाइल एवं नगदी रुपये चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गीरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में सिमडेगा जेल भेज दिया गीरफ्तार ओरोपी का नाम कुणाल गोप उम्र 23 वर्ष पिता रामधनी गोप ग्राम दलकी थाना कुरडेग है दुकान के सचालक अमर जसवाल ने कुरडेग थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी । थाना में दिये आवेदन में दुकान के संचालक अमर जयसवाल ने 12 टच स्क्रीन मोबाइल सहीत 35000 रुपए नगद चोरी का जिक्र किया है घटना के संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी श्री नरेश मरांडी एवं एस आइ श्री रमेश कुमार ने प्रेस कॉंफ्रेंस आयोजित कर बताया कि अभियुक्त कुणाल गोप मंगलवार 20 जुन की रात में कुरडेग बस स्टैण्ड स्थित आशीष मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था घटना के संबंध में कुरडेग थाना कांड संख्या 21/23 दिनांक 21-06-23 धारा 461 , 379 आइ पी सी दर्ज कर लगातार छापेमारी करते हुए अभियुक्त कुणाल गोप को गीरफ्तार किया गया जिसके निशान देही पर दुकान के भेन्टीलेटर तोड़ने में प्रयुक्त लोहे की हथौड़ी सहीत 4 (चार) टच स्क्रीन मोबाइल एवं नगद 17900 रुपए बरामद किया गया जिसे अभियुक्त ने विभिन्न स्थानों पर छुपाया था बरामद मोबाइल एवं प्राथमिकी में दर्ज ई एम आई नम्बर का मिलान करने पर सही पाया गया अभियुक्त कुणाल गोप ने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है फिलहाल अनुसंधान जारी है।

## भाजपा केरसई ने मनाया बलिदान दिवस

**केरसई ।** भारतीय जनता पार्टी जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी ने बलिदान दिवस मनाया इस मौके पर केरसई प्रमुख तरण भोय ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी हम सभी लोगों को प्रेरणा देती है डॉक्टर मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं इसलिए धर्म के आधार पर यह विभाजन के कट्टर विरोधी थे वे मानते थे कि विभाजन संबंधी उत्पन्न ही परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी वे मानते थे कि आधार वह सत्य है कि हम सब एक हैं हम में कोई अंतर नहीं है हम सब एक ही रखते हैं एक ही भाषा एक संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार केयर से मंडल सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गौतम कुमार ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद संजय प्रसाद सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सम्मानित** | तीन दिवसीय 34वां प्रांतीय कबड्डी व खो-खो खेलकूद समारोह का आयोजन

# प्रतियोगिता में कैलाश राय की बहनों ने मारी बाजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय 34 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय विद्यालय कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस प्रांतीय कार्यक्रम में पूरे झारखंड से 27 विद्यालयों की सहभागिता रही, जिसमें 380 भैया एवं 283 बहने प्रतिभागी प्रतिभागी के रूप में भाग लिए, कार्यक्रम में कुल 800 की संख्या रही। संपूर्ण कार्यक्रम बाल किशोर एवं तरुण वर्ग में आयोजित किया गया, उक्त जानकारी आज के वंदना सभा में कार्यक्रम प्रमुख आचार्य मनोज कुमार जी के द्वारा दी गई । ज्ञात हो कि इस आयोजन में इस विद्यालय की बहनों द्वारा किशोर वर्ग में कबड्डी और खो खो दोनों ही प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आज के वंदना सभा में विजेता बहनों को उसके मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने बताया कि भैया बहनों के हौसला को देखते हुए ऐसा प्रतीत हुआ कि कोई भी कार्य दुनिया में असंभव नहीं है तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी हमारी बहने अपने साहस का परिचय देते हुए पूरे राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त की है,यह इस विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। विजेता टीम के कोच अर्चना सिंहा एवं धीरज कुमार पांडेय के द्वारा कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति की ओर से माननीय अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव एवं सह सचिव द्वारा सामूहिक बधाई एवं प्रशंसा की गई।मौके पर डॉ. धीरेन्द्र कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, प्रभात सौरव, रामानुज पांडे,प्रणव प्रभास, विजय मिश्रा, बिरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र मिश्रा, संजय महतो, मुन्ना सिंह, पवन कुमार शर्मा, संजय महतो,संजय कुमार सिंह, विजय तिवारी, शर्मिष्ठा शाहा, चंद्र कावेरी निहाल ,अनीता ठाकुर, श्वेता श्रीवास्तव, रिमझिम सिंह आदि सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।



# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मना

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथी बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यक्ति नहीं विचार थे। उनके मार्ग पर चलकर ही संगठन के नीति सिद्धांत को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है। जहां एक छोटा कार्यकर्ता भी अच्छा स्थान प्राप्त कर सकता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी बनाने में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे लोगो का अहम भूमिका रहा है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस जिले भर के सभी मंडल बुथ स्तर पर मनाया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ काल में काफी संघर्षों के दम पर संगठन को खड़ा करने का काम किया है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कुशल शिक्षाविद संगठनकर्ता थे। उन्होंने एक एक कार्यकर्ता को खड़ा कर संगठन में अच्छे विचार को समाहित किया था। जिसके फलस्वरूप आज भाजपा जैसे राष्ट्रवादी संगठन बटवृक्ष जैसा खड़ा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा नेता बृजेन्द्र पाठक, जिला कार्यसमिति सुप्रीत केशरी, मीरा यादव, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, महामंत्री विकास तिवारी, महिला मोर्चा मंत्री पार्वती सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, यशवंत मिश्रा, भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, रामसकल कोरवा, राजीव रंजन पासवान, बिपिन तिवारी, मनोज पाठक, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, आनंद धर दूबे, रिंकू तिवारी, नितेश पटेल, राम उनय तिवारी, ओमप्रकाश पासवान, विश्वनाथ राम, टुनु बाबा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनायी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल ईकाई भवनाथपुर के द्वारा टाउनशिप स्थित विधायक आवास में भाजपा नेताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही सहित सभी कार्यकर्ता डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा ली। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति और देश की एकता-अखंडता व सुरक्षा के साथ उनकी खिलवाड़ करने की प्रवृत्ति के खिलाफ आवाज दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे, और इसके लिए उन्होंने स्वयं को बलिदान किया। इसलिए हम सब को राष्ट्र व समाज सेवा में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने के लिए डॉ. मुखर्जी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया, संजय यादव, अनिल चौबे, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, विपिन चौबे, निरंजन पाठक, रंजीत प्रसाद, धनन्जय साह, उदय सिंह, भिखारी सिंह, राकेश रवि, मनोज यादव, काले सिंह, कामेश्वर साह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## मुखिया ने प्रखंड कर्मियों पर मनमानी करने का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** परती कुशवानी पंचायत सचिवालय में उस समय गहमागहमी माहौल हो गया जब डीडीसी राजेश कुमार राय ने योजनाओं के जांच करने के पश्चात पंचायत सचिवालय पहुंचे थे। उस वक्त पहले से ही पहुंची मुखिया मुन्नी देवी पंचायत भवन के मुख्य गेट पर खड़ी थी। जब डीडीसी राजेश कुमार राय ने गेट के बाहर खड़े होने का कारण पूछा तो मुखिया मुन्नी देवी ने पंचायत सचिवालय का चाभी नहीं होने का कारण बताया। मुखिया ने बताया कि बीडीओ मुकेश मछुआ के द्वारा पंचायत भवन का चाभी रोजगार सेवक दीपक जयसवाल एवं पंचायत सचिव अशोक कुमार को दिलवा दिया गया है। इस दौरान डीडीसी के द्वारा आनन- फानन में पंचायत भवन खुलवाया एवं मामले की पूर्ण जानकारी लेने के लिए मुखिया मुन्नी देवी से वार्तालाप किया। मुखिया मुन्नी देवी ने डीडीसी और बीडीओ के समक्ष कहा कि आदिवासी महिला मुखिया होने की वजह से हमें प्रखंड कर्मी और पंचायत कर्मियों के द्वारा मान-सम्मान नहीं दिया जाता है और वेवजह परेशान किया जा रहा है। जिससे मैं असहज महसूस कर रही हूं। मेरे पंचायत में कोई भी विकास कार्य अन्य पंचायतों के अपेक्षा नहीं हो पा रहा है। एक मेड़बंदी योजना भी करवाते हैं तो उस पर टीका टिप्पणी किया जाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी मेरा बात न सुनकर अन्य जनप्रतिनिधियों का बात सुनते हैं। जिससे पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। आए दिन मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है। जिसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से कई बार कर चुके हैं। बावजूद इनके द्वारा कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा रहा है। इस पर तत्काल डीडीसी ने उपस्थित पदाधिकारियों को पंचायत भवन का एक सेट चाबी मुखिया को देने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य कर्मियों को भी मुखिया मुन्नी देवी का मान- सम्मान देने की बात कही इसके बाद मामला शांत हुआ।

# जनता पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रखंड समन्वय समिति का गठन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** प्रखंड प्रमुख कार्यालय में एक बैठक कर प्रखंड, अंचल एवं नगर पंचायत में भ्रष्टाचार, कालाबाजारी एवं जनता पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रखंड समन्वय समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड समन्वयक समिति का विस्तार करते हुए धर्मेंद्र कुमार सिंह जिला परिषद सदस्य को अध्यक्ष, संजय कमलापुरी विधायक प्रतिनिधि को उपाध्यक्ष, प्रेम शंकर पाठक प्रमुख प्रतिनिधि को सचिव, संजन कुमार सिंह, कुलेश्वर राम उप प्रमुख प्रतिनिधि को संरक्षक के रूप में चयन किया गया। इसके बाद उपरोक्त समन्वय समिति का गठन करते हुए व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया और भविष्य में प्रखंड, अंचल एवं नगर पंचायत में पदाधिकारियों के द्वारा मनमानी तरीके से चलाए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। जिसमें प्रखंड समन्वय समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा जानकारी दी गई। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा मनमाने तरीके से 4 माह पहले बनी सड़क को तोड़कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। आवाज में अपने कर्मी के द्वारा पैसा का मनमाने तरीके से उगाही किया जा रहा है। कहा गया कि प्रखंड में पेंशन राशन तथा दाखिल खारिज में आम जनता से मोटी रकम कि वह की जा रही है। जिससे आम जनों में रोष व्याप्त है। यदि इस तरह से मनमानी की जाएगी तो हम सभी के द्वारा आंदोलन भी किया जाएगा। साथ ही कहा कि प्रखंड में आवास के लाभुकों से भी स्वयंसेवक तथा पंचायत सचिव के द्वारा मोटी रकम की वसूली की जा रही है। वहीं बिना बनाएं आवास को कागजों पर पूरी की जा रही है। साथ ही कहा गया कि एनजीटी के रोक लगाने के बाद भी प्रखंड के पदाधिकारियों की मिलीभगत से स्थानीय नदियों से बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है। एक अधिकारी ऐसे हैं कि अपने प्रखंड क्षेत्र से बाहर भी उगाही करने चले जा रहे हैं और जिला प्रशासन मौन है। वहीं खनन पदाधिकारी के तौर पर यहां सीओ काम कर रहे हैं और सीओ के द्वारा प्राइवेट आदमी को ले जाते हैं।

## संक्षिप्त

### पुत्री की हत्या के बाद न्याय के लिए दर-दर भटकता एक पिता



**मझिआंव (गढ़वा)।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम ललगाड़ा में 3 जून को विवाहिता पुत्री रीना देवी की हत्या हो जाने के 20 दिन बाद भी न्याय नहीं मिलने पर कांडी थाना क्षेत्र के चटनिया टोला कुशवाडेरा निवासी मृतिका के पिता इंद्रदेव यादव ने दर-दर भटक रहा है। श्री यादव ने पुलिस निदेशक रांची, पुलिस उपनिरीक्षक पलामू, आरक्षी अधीक्षक गढ़वा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के माध्यम से इंद्रदेव यादव ने कहा है कि मेरी पुत्री रीना देवी के ससुराल वालों के द्वारा दहेज के लिए हत्या करने के संबंध में बरडीहा थाना कांड संख्या 32/ 23 दिनांक 5 जून 2023 को धारा 304 बी भादवी के अंतर्गत अभियुक्त पति अखिलेश यादव पिता मोहर यादव, ससूर मोहन यादव पिता स्व. हरहंगी यादव एवं सास मनमतिया देवी पति मोहर यादव तीनों ग्राम लालगड़ा थाना बरडीहा निवासी के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया है। जबकि घटना दिनांक 3 जून की है। वहीं पुलिस द्वारा 5 जून को प्राथमिकी दर्ज हुआ है। अभी तक बरडीहा थाना किसी भी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं किया है। विशेष जानकारी देते हुए दिन शुक्रवार को इंद्रदेव यादव ने बताया कि हम गरीब व्यक्ति अपनी पुत्री की हत्या हो जाने पर न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन पुलिस के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही कहा कि मेरी पुत्री की पति ससुर एवं सास के द्वारा बराबर दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसमें एक मोटरसाइकिल एवं 1 लाख रुपए मांग की जा रही थी। जिसमें हम कहे थे कि गरीब व्यक्ति हैं लेकिन आपको धीरे-धीरे सब चुकता कर देंगे। लेकिन उन लोगों के द्वारा बराबर मारने पीटने की धमकी दी जा रही थी। जिसके बाद 3 जून के रात में हत्या कर दी गई और हमें किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी गई। किसी तरह सदा समधी के द्वारा हमें दिन के 8 बजे के बाद मालूम चला तब वहां गया तो पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा था। जबकि पुत्री के साथ मारपीट कर हत्या की गई थी। शरीर के कई भाग में चोट का भी निशान बताया गया था। उसके बाद 3 जून को प्राथमिकी दर्ज नहीं करते हुए बरडीहा थाना में 5 जून को प्राथमिकी दर्ज किया गया। इधर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद हमें उन लोगों के द्वारा सोलह करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और धमकी भी दिया जा रहा है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि हमारी पुत्री के हत्यारे को गिरफ्तार किया जाए। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडे ने बताया कि केस का अनुसंधान चल रहा है वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रखंड समन्वयक समिति का गठन

**मझिआंव (गढ़वा)।** प्रखंड प्रमुख कार्यालय में एक बैठक कर प्रखंड, अंचल एवं नगर पंचायत में भ्रष्टाचार, कालाबाजारी एवं जनता पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रखंड समन्वय समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड समन्वयक समिति का विस्तार करते हुए धर्मेंद्र कुमार सिंह जिला परिषद सदस्य को अध्यक्ष, संजय कमलापुरी विधायक प्रतिनिधि को उपाध्यक्ष, प्रेम शंकर पाठक प्रमुख प्रतिनिधि को सचिव, संजन कुमार सिंह, कुलेश्वर राम उप प्रमुख प्रतिनिधि को संरक्षक के रूप में चयन किया गया। इसके बाद उपरोक्त समन्वय समिति का गठन करते हुए व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया और भविष्य में प्रखंड, अंचल एवं नगर पंचायत में पदाधिकारियों के द्वारा मनमानी तरीके से चलाए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। जिसमें प्रखंड समन्वय समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा जानकारी दी गई की नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा मनमाने तरीके से 4 माह पहले बनी सड़क को तोड़कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। आवाज में अपने कर्मी के द्वारा पैसा का मनमाने तरीके से उगाही किया जा रहा है। कहा गया कि प्रखंड में पेंशन राशन तथा दाखिल खारिज में आम जनता से मोटी रकम कि वह की जा रही है जिससे आम जनों में रोष व्याप्त है यदि इस तरह से मनमानी की जाएगी तो हम सभी के द्वारा आंदोलन भी किया जाएगा। साथ ही कहा कि प्रखंड में आवास के लाभुकों से भी स्वयंसेवक तथा पंचायत सचिव के द्वारा मोटी रकम की वसूली की जा रही है। बिना बनाएं आवास को कागजों पर पूरी की जा रही है। साथ ही कहां गया कि एनजीटी के रोक लगाने के बाद भी प्रखंड के पदाधिकारियों की मिलीभगत से स्थानीय नदियों से बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है। एक अधिकारी ऐसे हैं कि अपने प्रखंड क्षेत्र से बाहर भी उगाही करने चले जा रहे हैं और जिला प्रशासन मौन है। साथ ही विशेष जानकारी देते हुए धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अभी कुछ दिन पूर्व बालू को लेकर बुढ़ीखांड़ में चरम पर घटना घटा है जिसमें मार खाने वाला जनता और प्राथमिकी भी जनता के ऊपर ही हुआ है। खनन पदाधिकारी के तौर पर यहां सीओ काम कर रहे हैं और सीओ के द्वारा प्राइवेट आदमी को ले जाते हैं उसमें भी क्रिमिनल है कि क्या है उन्हें तो पुलिस प्रशासन लेकर के जाना चाहिए।

## डायन बिसाही एक अंधविश्वास है रोकना जरूरी: किरण पंडित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शुक्रवार को सेन्हा प्रखंड के एकागुड़ी, टंगरा टोली में महिला जागरूकता अभियान के माध्यम से महिलाओ को जागरूक किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी किरण पण्डित ने महिला सुरक्षा पर विशेष जानकारी दी। कहा कि महिला उत्पीड़न ,डायन बिसाही के कारण हर दिन हजारों लोगों की जान जा रही है। डायन बिसाही एक अंधविश्वास है इसे रोकें। अपने आसपास हो रहे दहेज उत्पीड़न को रोकना चाहिए। मौके पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन युवा जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू ने बताया कि अपनी सुरक्षा अपने हाथ बालिकाएं महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुष से कंधा से कंधा मिलाकर अंतरिक्ष तक पहुंच चुकी है। महिलाएं हर मुश्किल काम को आसान बना सकती है। मौके पर एकागुड़ी टंगरा टोली के वार्ड सदस्य नीलम माधुरी, अकाश साहू, शांति उरांव ,लक्ष्मी उरांव ,कांता उरांव ,प्रतिमा देवी, सुमिति उरांव, आसा कच्छप, गजनी उरांव , रीता देवी ,कमला उरांव, मीना उरांव, आदि दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# सीयूईटी परीक्षा से वंचित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था हो : बिनय उरांव

**नवीन मेल संवाददाता।लोहरदगा**

बलदेव साहू महाविद्यालय में सीयूईटी प्रवेश परीक्षा से वंचित विद्यार्थियों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत महाविद्यालय में नामांकन कराने को लेकर छात्र संगठन जिला एनएसयूआई का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष विनय उरांव की अगुवाई में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार प्रसाद गुप्ता के इंचार्ज प्रोफेसर नईम खान से मुलाकात की । उनसे सीयूईटी परीक्षा से वंचित छात्र जो इंटरमीडिएट का परीक्षा अच्छे अंकों से पास कर चुके हैं उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नामांकन लेने का आग्रह किया। बिनय उरांव ने कहा कि सत्र 2023- 27 से नई शिक्षा नीति में बदलाव करते हुए महाविद्यालय में प्रवेश हेतु सीयूईटी प्रवेश परीक्षा देकर मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन होना तय हुआ है। लेकिन इस नीति नियम का रांची यूनिवर्सिटी के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच में पूर्ण रूप से जानकारी तथा प्रचार-प्रसार किए बगैर सीयूईटी का फॉर्म भरा कर परीक्षा आयोजित कर दी गई है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जब सीयूईटी का फॉर्म भरा जा रहा था। उसी वक्त इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु भरे जाने वाले सीयूईटी परीक्षा फॉर्म से अनभिज्ञ होकर अपने इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहे थे। उन्हें यह भी मालूम नहीं था कि वह परीक्षा भी नहीं दिए हैं और एंट्रेंस एग्जाम हेतु सीयूईटी का परीक्षा फॉर्म भरना है।जिसके वजह से विद्यार्थी जानकारी के अभाव में लगभग 40% विद्यार्थी फॉर्म नहीं भर पाए हैं। विद्यार्थियों को सीयूईटी का परीक्षा केंद्र जिला से बाहर देने से सभी विद्यार्थियों को खास करके छात्राओं को बहुत सारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों की समस्या को देखते हुए परीक्षा केंद्र अन्य जिला में ना देकर अपने जिला में व्यवस्था की जाय। प्रोफेसर इंचार्ज नईम खान ने आवेदन स्वीकार करते हुए इसकी जानकारी देने का प्रयास करेंगे और विद्यार्थियों की समस्याओं को परस्पर रूप से रखा जाएगा। जिससे कि छूटे हुए विद्यार्थी अपने आगामी पढ़ाई को जारी रख सकेंगे। मौके पर जिला एनएसयूआई के सचिव चंद्रकांता पन्ना, सोशल मीडिया प्रभारी शुभम सहदेव, अभिषेक कुमार, कादिर हुसैन, सूर्यकांत उरांव आदि छात्र उपस्थित थे।



**परंपरा** सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

# प्रेरणा हैं दादा-दादी, नाना-नानी : शशिधर




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजित किया गया` कार्यक्रम की शुरूआत समिति सदस्यों और भैया बहनों के दादा-दादी,नाना-नानी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया ` सर्वप्रथम अर्थशास्त्र की आचार्या नीतू कुमारी के द्वारा अतिथि परिचय कराया गया ` अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि ₹मातृ - पितृ देवो भव ₹ से एक पीढ़ी ऊपर हैं दादा - दादी,नाना - नानी' इनसे इनकी छांव में हम सभी संस्कार युक्त एवं स्वास्थ्य युक्त रहते हैं' दादा - दादी,नाना - नानी हमारे लिए हमारी परंपराओं के प्रेरणा स्त्रोत है शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए ,लेकिन आजकल के समाज में बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में भेज दिया जाता है जो बहुत ही चिंताजनक है` कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि दादा - दादी, नाना- नानी परिवार के वे स्तंभ है जिसपे हमारा समाज टिका हुआ है` आकांक्षा पांडे के दादाजी गोवर्धननाथ पांडे ने कहा कि बुजुर्गों का अकेलापन आजकल भार हो गया है ऐसे समय में महाविद्यालय में ऐसे कार्यक्रम जो होते हैं वह बहुत ही अद्भुत और अनुकरणीय हैं कार्यक्रम में रोशनी उरांव की नानी कर्मी उरांव, शिवाजीत ठाकुर के नाना-नानी जगरनाथ ठाकुर और कलावती देवी, कनक दीप के दादा - दादी नेमधारी महतो और चिंता देवी, वर्षा टोप्पो के नाना - नानी रामसहाय भगत व शिवाती उराईन, रागिनी भगत के नाना बंधु उरांव, आकांक्षा पांडे के दादा- दादी गोवर्धननाथ पांडे व सुलोचना पांडे,मुकेश उरांव के दादा लीलू उरांव एवं समिति सदस्यों में उपाध्यक्ष विनोद राय, समिति के सदस्य शोभा देवी, शिशु मंदिर के प्राचार्य सुरेश चंद्र पांडे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा शर्मा व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रमुख ऋद्धि मिश्रा ने कियो कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी,आरती भगत,नीतू कुमारी कविता कुमारी, रेणु कुमारी, चेतना प्रिया सहित शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

## नदी में डूबने से 60 वर्षीय महिला की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना के ईचा निवासी अगनि देवी 60 वर्ष की मौत नदी में डूब जाने से बुधवार की शाम में हो गयी। इस संबंध में मृतका की बेटी राजूमुनी देवी ने बताया कि मां अगनि देवी के तबीयत खराब होने के कारण बुधवार सुबह इलाज करा कर घर लौटी। जिसके बाद वह गांव में लगने वाले ईचा सप्ताहिक हाट सामान खरीदने के लिए चली गई। इसी बीच उसकी मां बिना किसी को बताए अचानक घर से निकलकर कहीं चली गयी। घर लौटने पर मां को नहीं देख आस पड़ोस में बच्चों एवं अन्य ग्रामीणों से पूछने के बाद काफी खोजबीन करने के बाद भी शाम में कुछ पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह शव होने की सूचना मिलने पर ग्रामीण पहुंचे। शव की पहचान अगनि देवी के रूप में किया गया। जिसके बाद घटना की जानकारी घाघरा पुलिस को देते हुए शव को घाघरा थाना लाया गया।

‘जब कठिन समय आता है, तो कायर और बहादुर का फर्क पता चल जाता हैं क्योंकि उस समय कायर बहाना ढूंढते हैं और बहादुर रास्ता खोजते हैं।’

– अज्ञात



# योग को अपनायें

***अंतराष्ट्रीय*** योग दिवस को लेकर देश विदेश में धूम रही। झारखंड भी इससे अछूता नहीं रहा। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग करते लोग दिखे। सचमुच यह हमारी संस्कृति का विराट हिस्सा है। इसे अपनाने से स्वस्थ शरीर मिलता है। इसे अपनाने से मानसिक तौर पर शांति,सुकून,स्फूर्ति एवं नई उर्जा का संचार होता है। आज के भागदौड़ भरी जिन्दगी में यह महत्वपूणपूर्ण हो गया है। कारण स्वस्थ शरीर में ही ईश्वार का वास होता है। यह एक अनुपम थाती है। इस पर हम सब को गर्व करना चाहिए। कारण इसी की बदौलत भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। दुर्भाग्य की बात है कि इसकी इतनी महत्ता के बावजूद हम इसे अपनाने से वंचित रह रहे हैं। यह दुखद बात है। झारखंड सरकार को चाहिए कि इसे हर सेंटर में सख्ती से लागू करे। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास मे लिए योग की जरूरत है। इस बात की जानकारी बच्चों के साथ-साथ माता और पिता को देने की व्यवस्था होनी चाहिए। सरकार के स्तर पर हर हेल्थ सेंटर,स्कूल और कालेजों में इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। यह नियमित हो,इसके प्रति भी सावधानी जरूरी है। ताकि इसका लाभ लोगों को मिल सके। प्रत्येक वर्ष होने वाले इस कार्यक्रम के लिए सभी जगह तैयारियां यह बताती हैं कि आने वाले दिनों में इसका और विकास होगा। योगाभ्यास से कई प्रकार की बीमारियों का इलाज भी आज हो रहा है। योग गुरू बाबा रामदेव के आश्रमों में इसका खूब इलाज हो रहा है। देश के कई जगहों पर योग आश्रम बन रहे हैं। वहां से प्रशिक्षण लेकर योग गुरू जगह-जगह लोगों को योग करा रहे हैं। समाज में योग गुरू की प्रतिष्ठा में भी इजाफा हो रहा है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में योग का अभ्यास करना चाहिए। इससे मन की काया के साथ आत्मा की पवित्रता भी बनी रहती है। आज के जीवन में हम देखते हैं कि कोई शांति का अनुभव नहीं करता है। सभी परेशान हैं। जीवन में उदासी का साम्राज्य है। प्रदूषण भरे वातावरण में तनाव सब पर भारी है। इस स्थिति से छुटकारा के लिए योग का सहारा रामबाण है। हालांकि यह इतना आसान भी नहीं है। अपनी दिनचर्या में इसे शामिल करने के लिए लगातार प्रयास की जरूरत है। यह तभी संभंव होगा,जब दृढ़ इच्छा शक्ति होगी। इसके लिए हर सुबह प्रयास करनी चाहिए। शुरू में यह बेहद थकाने वाला काम लगेगा। लेकिन धीरे-धीरे जब आदत पड़ जायेगी तो इसके बगैर रहना मुश्किल हो जायेगा। आज जितने भी बड़े लोग हुए हैं,सभी योग करते हैं। पुरानी परम्पराओं की बात हम करें तो इससे पहले के जो भी महापुरूष हुए हैं ,वह सभी योग और प्राणायम किया करते थे। यह कोई नई चीज नहीं है। यह हमारी भारतीय संस्क्रृति का एक हिस्सा है। बस यही हुआ है कि हाल के दिनों में इसे प्रसार मिला है। यही कारण है कि भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने इसे स्वीकारा है। इसे अपनाकर जहां हम अपने देश को विश्वगुरू बना सकते हैं। वहीं अपना जीवन भी सुधार सकते हैं। अभी बरसात का मौसम आने ही वाला है। ऐसे में अपने मकान की छत पर खुली हवा में इसका अभ्यास करने की जरूरत है। धीरे-धीरे यह दिनचर्या में शामिल हो जायेगा। इसके बाद हमारे जीवन में खुशहाली आ जायेगी। खुशहाल जीवन के लिए योग का अपनाना बहुत जरूरी है।

**झारखंड सरकार को चाहिए कि इसे हर सेंटर में सख्ती से लागू करे। बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास मे लिए योग की जरूरत है। इस बात की जानकारी बच्चों के साथ-साथ माता और पिता को देने की व्यवस्था होनी चाहिए।**

# बौद्धिक समूह का असली एजेंडा कुछ और है



डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह



***एनसीईआरटी*** की सलाहकार समिति से अपने नाम को हटाने का सामूहिक पत्र भेजकर एक बौद्धिक समूह पुनः एक नये अकादमिक विवाद को पैदा करने का प्रयास कर रहा है। इसके पहले इतिहास विषय में कुछ अध्यायों को हटाने को लेकर भी ऐसा ही बखेड़ा खड़ा किया गया, जिसको खास सफलता नहीं मिली। इन तथाकथित विद्वानों में अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर को भारत से अलग बताने वाली निवेदिता मेनन और गुजरात में गोधरा दंगों के लिए हिन्दुत्ववादी हिंसा का नाम देकर पूरे दुनिया में नरेन्द्र मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी साम्प्रदायिक नेता के रूप में लेख और संपादकीय लिखने वाले राजीव भार्गव का भी नाम शामिल है। इसकी शुरूआत देश को आम आदमी पार्टी के नाम पर राजनीति धूल झोंकने वाले योगेन्द्र यादव ने की। अब यह समझना जरूरी है कि आखिर यह बौद्धिक समूह लगातार एनसीईआरटी पर हमले क्यों कर रहा है। इसके लिए आपको इटली में मुसोलिनी द्वारा कैद किये गये एन्टोनियो ग्राम्सी के प्रीजन नोट्स में लिखित प्रधान्यता के सिद्धांत को पढ़ना होगा। एन्टोनियो ग्राम्सी ने कैद दौरान अनुभव किया कि अकादमिक जगत राज्य की शक्ति का वह केंद्र है जो बिना ताकत का इस्तेमाल किये राज्य की जनता को मानसिक तौर पर राज्य के शक्ति के विरुद्ध विरोध करने से रोकता है। इसके लिए राज्य अकादमिक जगत में उसके लिए कार्यरत बौद्धिक समूह को एक स्वछंदतापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराता है। अब अगर इस नजरिये से इस विरोध का मूल्यांकन कीजिए तो आपको इसके पीछे की असली कहानी समझने में देर नहीं लगेगी। आप थोड़ा पीछे जाकर एनसीईआरटी और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की स्थापना से लेकर 2014 तक के पहले की कार्यकारिणी सदस्यों, एवं अध्यक्षों की लिस्ट देखेंगे तो यह पायेंगे कि इनमें या तो केवल वामपंथी समूह या कांग्रेसी बौद्धिक का समूह एक तरह से एकाधिकार रहा। पचास साल से इन संगठनों में काबिज इन समूहों को ऐसा लगता है कि यह संस्थान केवल उनके लिए बनाये गये हैं जिसमें राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े विद्वानों को कोई स्थान नहीं है। मसला केवल यह नहीं है कि एनसीईआरटी अब नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के लिए आगामी पठनीय सामग्री में बदलाव कर रहा है असल मुद्दा यह है कि देश की वास्तविकता से कोसों दूर, विखंडित करने वाले अध्यायों को हटाने से इन समूहों के सामने पहचान का संकट और अकादमिक झूठ के उजागर होने का खतरा है। जिस प्रकार सामूहिक रूप से यह सरकार को इसका जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और देश की शिक्षा को बर्बाद करने का आरोप लगा रहे हैं उससे क्या यह साबित नहीं हो रहा है कि यह बौखलाहट केवल इसलिए है क्योंकि अब इनका एकाधिकार इन संस्थानों से समाप्त होता जा रहा है और यह अभी भी इसको स्वीकार नहीं करने को तैयार नहीं है। किसी भी देश में समय-समय पर शैक्षणिक संस्थानों में पाठ्यक्रमों में बदलाव होता रहता है। हर देश अपने देश की शिक्षा व्यवस्था को आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं के आलोक में सुधार करते हैं। एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव पहली बार नहीं हुआ है। एनसीईआरटी ने अपने पाठ्यक्रम में सबसे पहला बदलाव 1975, दूसरा

**पचास साल से इन संगठनों में काबिज इन समूहों को ऐसा लगता है कि यह संस्थान केवल उनके लिए बनाये गये हैं जिसमें राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े विद्वानों को कोई स्थान नहीं है।**

**इन दिनों**

1988 में और तीसरा 2000 में किया था। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय किये गये इन बदलावों को कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने सत्ता में आते ही 2005 में बदल दिया और पुराने पाठ्यक्रम को फिर से लागू कर दिया। महत्वपूर्ण विषय यह है कि तब किसी वामपंथी या कांग्रेसी बौद्धिक समूह ने 1975, 1988 या 2005 में हुए बदलावों का विरोध क्यों नही किया। यह बौद्धिक समूह केवल 2000 में या 2014 में 2017 में और अब 2023 में ही क्यों विरोध कर रहे हैं। इन बुद्धिजीवियों को यह समझना होगा कि उनके बनाये अकादमिक भ्रमजाल का पिटारा फूट चुका है और उसमें पश्चिम का अवशेष मात्र बचा है जो उनका भारत विरोधी मंच पर स्वागत तो कर सकता है लेकिन भारतीय जनमानस के मानस पटल पर प्रभावहीन हो रहा है। आजादी के पचहत्तर साल बाद भी उत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच शिक्षा के क्षेत्र में एकरूपता का अभाव है। हमें इसकी जड़ें इसी शिक्षा प्रणाली में मिलेंगी जो अंग्रेजों ने भारत पर थोपा और जिसे आजादी के बाद भी जारी रखा गया। आजादी के बाद जब भारत के भविष्य की शिक्षा का खाका तैयार किया गया तब भारत के राज्यों ने अपने-अपने राज्य शिक्षा बोर्ड में शिक्षा का माध्यम क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी को तो रखा पर हिन्दी भाषा का यह कहते हुए विरोध किया गया कि हिन्दी उनके ऊपर थोपी जा रही है। इसका कारण मैकालेवादी ब्रिटिश शासन व्यवस्था है जिसने भारत को हर स्तर पर विखंडित रखने का प्रयास किया है। अन्यथा यह कैसे संभव है कि जिस अंग्रेजी शासन ने भारत को 200 साल तक गुलाम रखा उन अंग्रेजों की अंग्रेजी शिक्षा को अपनाने में कोई विरोध नहीं है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि सत्ता केंद्रित राजनीति में पूर्व सरकारों ने भारत के भाषाई विभाजन को न केवल स्वीकार बल्कि उसको बढ़ावा भी दिया। महाराष्ट्र से लेकर दक्षिण भारत तक उत्तर भारतीयों के साथ भाषा के आधार पर हिंसा के मामले बढ़े हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था हमारे राष्ट्रीय एकता के मूलभूत सिद्धांत के अनुरूप नहीं है। इसलिए अब आवश्यकता महसूस हो रही है कि देश में शिक्षा प्रणाली में एकरूपता लाई जाए और अंग्रेजी पर लोगों की निर्भरता कम किया जा सके। यदि देश के शिक्षाविद् यह महसूस कर रहे हैं कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रम में देशहित और छात्रों के हित में बदलाव करना आवश्यक है जिससे कि भारत एक राष्ट्र के रूप में विश्व में अग्रणी भूमिका में रहे तो इसमें विरोध किस बात का है। यह विरोध एक अकादमिक गुंडागर्दी जैसा है जहां एक समूह इकट्ठा होकर अपने एकाधिकार और वर्चस्व की मुनादी करने का प्रयास कर रहा है। आजादी के पचहत्तर साल बाद भारत के इतिहास, समाज, राजव्यवस्था और अर्थव्यवस्था में व्यापक परिवर्तन हो रहा है। अब समय आ गया है कि अंग्रेजी शासन की कोख से जन्मी मैकालेवादी ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली और उसके बनाये शिक्षा व्यवस्था को तिलांजलि देकर भविष्य की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाया जाय। विगत कुछ वर्षों में देश के विभिन्न अकादमिक संस्थानों, अकादमिक परिषदों इस दीर्घकालिक मानसिकता को समाप्त करने के कई उपाय किये गये हैं एवं उनमें लगातार सुधार किया जा रहा है।

**बोधि वृक्ष**

## *आईये सुने छठ माता की कथा*

**छठ** पर्व के लिए कई कथाएं प्रचलित हैं, किन्तु पौराणिक शास्त्रों में इसे देवी द्रोपदी से जौड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि जब पांडव जुए में अपना सारा राजपाट हार गए, तब द्रौपदी ने छठ का व्रत रखा था। द्रोपदी के व्रत के फल से पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था। इसी तरह छठ का व्रत करने से लोगों के घरों में समृद्धि और सुख आता है। छठ मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश सहित कई क्षेत्रों में छठ का महत्व है। छठ पूजा या सूर्य षष्ठी या छठ व्रत में सूर्य भगवान की पूजा होती है और धरती पर लोगों के सुखी जीवन के लिए सूर्य देव के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। सूर्य देव को ऊर्जा और जीवन शक्ति का देवता माना जाता है। इसलिए छठ पर्व पर समृद्धि के लिए पूजा की जाती है। सूर्य की पूजा से विभिन्न बीमारियों का इलाज संभव है। सूर्य पूजा के साथ स्नान किया जाता है। इससे कुष्ठ रोग जैसी गंभीर रोग भी दूर हो जाते हैं। छठ पर्व परिवार के सदस्यों और मित्रों की लंबी उम्र और समृद्धि के लिए भी मनाया जाता है। एक पौराणिक लोककथा के अनुसार लंका विजय के बाद राम राज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की। सप्तमी को सूर्योदय के समय पुनः अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया था। एक अन्य मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरूआत महाभारत काल में हुई थी। सबसे पहले सूर्य पुत्र कर्ण ने सूर्य देव की पूजा शुरू की। कर्ण भगवान सूर्य का परम भक्त था। वह प्रतिदिन घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देता था। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बना था। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही पद्धति प्रचलित है। कुछ कथाओं में पांडवों की पत्नी द्रोपदी द्वारा भी सूर्य की पूजा करने का उल्लेख है।

*(क्रमशः)*


# मोबाइल फोन के क्षेत्र में भारत की प्रगति के मायने क्या?

***हाल*** में अखबारों में छपे कई लेखों ने इस आशय की एक धारणा बनाने की कोशिश की है कि भारत में कम मूल्यवर्धन के कारण मोबाइल फोन के निर्यात को बढ़ावा देने में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की भूमिका संदिग्ध रही है। इस तरह की आलोचना में निम्नलिखित प्रमुख तत्व शामिल होते हैं: केवल सीमा शुल्क की ऊंची दर लागू करने के कारण ही मोबाइल का शुद्ध आयात सकारात्मक हो गया है; पीएलआई योजना के तहत किये जाने वाले प्रोत्साहन का भुगतान भारत में होने वाले मूल्य वर्धन से अधिक हो सकता है; पीएलआई योजना की घोषणा के बाद से भारत आयात पर निर्भर हो गया है और इस बात का नए सिरे से मूल्यांकन करने की जरूरत है कि पीएलआई योजनाओं के तहत नौकरियां सृजित की गई हैं या नहीं और ऐसी नौकरियों के लिए संबद्ध लागत क्या रहीं हैं। तर्क के ये बिंदु काफी हद तक गलत हैं, जैसाकि निम्नलिखित विस्तृत व्याख्या से स्पष्ट हैः सीमा शुल्क नीति में बदलाव उत्पादन और निर्यात संबंधी घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 2015 की तुलना में, अब भारत में उपयोग किए जा रहे 99.2 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट भारत में ही निर्मित हैं। पीएलआई के तहत प्रोत्साहन छह प्रतिशत भी नहीं है (यह चरणबद्ध तरीके से दो प्रतिशत से भी कम हो जायेगा) और यह केवल वृद्धिशील उत्पादन पर लागू है। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान मोबाइल फोन के निर्यात में उनकी भागीदारी 82 प्रतिशत थी। विश्लेषणों से यह पता चलता है कि मॉडल और जटिलता के आधार पर मोबाइल में घरेलू मूल्यवर्धन 14-25 प्रतिशत के बीच है। चार्जर, बैटरी पैक, हेडसेट, मैकेनिक्स, कैमरा मॉड्यूल, डिस्प्ले असेंबली से जुड़ी सब-असेंबली एवं आपूर्ति श्रृंखला के मामले में ठोस विकास देखा जा रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित किये जाने के अलावा पश्चिमी यूरोप, अमेरिका और विकसित एशिया सहित निर्यात के लिए नये बाजारों का समावेश किया गया है। घटकों से जुड़े इकोसिस्टम में भी सकरात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं। इस इकोसिस्टम में टाटा जैसी बड़ी भारतीय कंपनियां प्रवेश कर चुकी हैं और इस प्रकार, इस तरह के नीतिगत हस्तक्षेप से पैदा होने वाली बाह्यताएं महत्वपूर्ण हो गई हैं। हमें इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि पीएलआई योजना के अभाव में मोबाइल एवं उसके घटकों के आयात का क्या हश्र हुआ होता और जैसाकि अन्य देशों के अनुभवों से स्पष्ट है, इनकी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने में कितना समय लगा होता। चीन ने 25 वर्षों में 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तैयार किया है, लेकिन अभी भी उसके पास सेमीकंडक्टर्स, मेमोरी और ओएलईडी डिस्प्ले जैसे स्मार्टफोन के प्रमुख घटकों के निर्माण की क्षमता का अभाव है।। वर्ष 2022 में चीन का इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। कुल 15 वर्षों के बाद, वियतनाम के पास 18 प्रतिशत मूल्यवर्धन के साथ 140 बिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग है। इन दोनों देशों के अनुभव घरेलू मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए पैमाने के महत्व को रेखांकित करते हैं। विशेष रूप से निर्यात के संदर्भ में। कई आलोचनात्मक रिपोर्टें नीतिगत हस्तक्षेप की एक ठहरी हुई तस्वीर पेश करती हैं, जबकि इसका परिप्रेक्ष्य बहुआयामी होना चाहिए। किसी को भी इस तथ्य की सराहना करनी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के क्रम में, उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न तत्व स्थानीयकरण के विभिन्न चरणों में हैं। प्रारंभिक ध्यान जहां भारत में बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन की असेंबली को आकर्षित करने पर रहा है, वहीं अगला चरण घटकों के स्थानीयकरण के साथ उत्पादन मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में होगा। ■ **राजेश कुमार सिंह एवं कुमार वी. प्रताप**


**देखा जाए तो मनोज मुंतशिर इस समय बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। उनकी कही हर बात के समानार्थी दूसरे अर्थ भी निकाले जा रहे हैं। हर कोई जहां देखो वहां, उन्हें कटघरे में खड़ा करता हुआ नजर आ रहा है।**

**देश-विदेश**

**फोटो की दुनिया**




**फेसबुक वॉल से**




# वीरांगना दुर्गावती के बलिदान को हमेशा याद करेगा जमाना!



डॉ. रमेश ठाकुर

***गुजरे*** समय की महान वीरांगना ‘महारानी दुर्गावती’ के बलिदान को आज (24 जून) याद करने का दिन है। उनके अदम्य साहस को कोई नहीं भूल सकता। भूलना चाहिए भी नहीं और आने वाली पीढ़ी को भी बताते रहना चाहिए। उनके साहसी कहानी हमेशा जिंदा रहे, इसलिए सरकार ने उनके नाम पर डाक टिकट जारी है और जबलपुर विश्वविद्यालय का नाम बदलकर ‘रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय’ किया गया है। इसके अलावा कई संग्रहालय भी उनके नाम पर रखे गये हैं। मध्य प्रदेश का मंडला शासकीय महाविद्यालय भी अब रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाता है। कई जिलों में उनकी प्रतिमाएं भी लगाई गई हैं और कई शासकीय इमारतों के नाम भी उन्हीं पर रखने का निर्णय हुआ है। हुकूमतों के ऐसे निर्णय वास्तव में सर्वमान्य और सराहनीय होते हैं। क्योंकि ऐसा करके आने वाली पीढ़ियों के ज्ञान में भी बढ़ोतरी होती है। ताकि उनको पता चले कि देश और समाज की रक्षा के लिए किन-किन योद्धाओं ने क्या-क्या किया था? गूगल और व्हाट्स ऐप युग में ऐसे वीर-वीरांगनाओं के संबंध में बताया बहुत जरूरी होता जा रहा है। गूगल-मोबाइल युग में लोग इतिहास को भूलते जा रहे हैं। रानी दुर्गावती वीरता की ऐसी मिसाल थीं जिसने विरोधियों के न सिर्फ छक्के छुड़ाये थे, बल्कि अपने अदम्य साहस से उन्हें मैदान-ए-जंग में पराजित भी किया। मुसलमान शासक बाजबहादुर ने उन पर कई मर्तबा हमला किया। पर, हर बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी। महिला वीरांगनाओं की जब भी बातें होंगी, तब-तब मुगल साम्राज्य के खिलाफ बिगुल बजाने के लिए रानी दुर्गावती को याद किया जायेगा। महारानी के साहस के प्रेरणादायक किस्से पढ़कर युवा पीढ़ी हमेशा प्रेरित होती रहेगी। दुर्गावती, मध्य प्रदेश के जबलपुर गढ़ा साम्राज्य की महारानी थीं। उनका शासनकाल 1550 से लेकर 1564 ईस्वी तक रहा। उन्हें हिंदुस्तान की प्रसिद्ध चंदेल क्षत्राणी में गिना जाता था। विरोधी भी उनकी वीरांगना के कायल थे। वीरता की इस त्रिमूर्ति को जन्म दुर्गाष्टमी के दिन पांच अक्टूबर 1524 को कालिंजर के राजा कीर्तिवर्मन चंदेल (द्वितीय) के घर हुआ था। मुगल साम्राज्य के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा के तौर पर महारानी को सदैव याद किया जायेगा। उनके द्वारा लड़ी प्रमुख लड़ाइयों की बात करें, तो मंडावी गोंडो के सुख-संपन्न क्षेत्र पर मुसलमान शासक बाजबहादुर ने कई बार हमला बोला। उसके अलावा मुगल शासक अकबर भी राज्य को जीतकर रानी को अपने हरम में डालना चाहता था। उसने विवाद प्रारंभ करने हेतु रानी के प्रिय सफेद हाथी और उनके विश्वस्त वजीर आधार सिंह को भेंट के रूप में अपने पास भेजने को कहा। रानी ने ठुकरा दिया। इस पर अकबर ने अपने एक रिश्तेदार आसफ खां के नेतृत्व में गोंडवाना साम्राज्य पर हमला करवाया। तब हजारों आदिवासी भीलों, गौर और बंजारा समुदाय के लोगों ने रानी दुर्गावती की रक्षा की। कइयों ने अपनी जान गंवाई, लेकिन रानी को कुछ नहीं होने दिया। महारानी ने आसफ खां को पराजित करके अपने क्षेत्र से खदेड़ा। उसके बाद अकबर खुद दुगनी सेना लेकर अचानक दुर्गावती पर हमलावर हुआ। तब महारानी के पास बहुत कम सैनिक थे, बावजूद इसके हार नहीं मानी। युद्ध में करीब तीन हजार मुगल सैनिक मारे गये थे। उस युद्ध में महारानी ने किसी तरह अपनी जान बचाई। अकबर की खूब किरकिरी हुई, लोग उसका मजाक बनाने लगे, कि एक महिला को नहीं हरा पाया? खुन्नस में आकर करीब साल भर बाद फिर से हमला किया।

**लोग इतिहास को भूलते जा रहे हैं। रानी दुर्गावती वीरता की ऐसी मिसाल थीं जिसने विरोधियों के न सिर्फ छक्के छुड़ाये थे, बल्कि अपने अदम्य साहस से उन्हें मैदान-ए-जंग में पराजित भी किया।**

**बलिदान**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### पुत्र ने पिता की खोजबीन को लेकर थाना में दिया आवेदन



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्कबाद निवासी सुरेश मोदी 51 वर्ष ,पिता ननकु मोदी लापता है। इस मामले को लेकर सुरेश मोदी के पुत्र बिट्टू मोदी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि मेरे पिता सुरेश मोदी विगत 16जून को सुबह 5बजे घर से निकले हैं जो अभी तक घर वापस नहीं आए है। इनकी दिमागी हालत थोड़ी ठीक नहीं रहने के कारण रांची से इलाज चल रहा था। किन्हीं व्यक्ति को दिखे तो 8986814955, 6201141213 नंबर पर संपर्क करें। इस बाबत उन्होंने थाना में सनहा दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है।

### हजारीबाग के झुमरा में सजा बकरीद का बाजार, उमड़े खरीदार

**हजारीबाग।** अगले सप्ताह 29 जून को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद है। हजारीबाग स्थित दारू प्रखंड के झुमरा में बकरीद का बाजार सज गया है। इसके साथ ही खरीदार भी उमड़ने लगे हैं। इस बाजार में न सिर्फ हजारीबाग, बल्कि कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद व रामगढ़ जिले से भी बकरे की खरीद-बिक्री के लिए लोग आ रहे हैं। गुरुवार को झुमरा में लगे साप्ताहिक बाजार में खस्सी-बकरे की खरीद-बिक्री के लिए अंतिम बाजार लगा था। इस कारण बकरीद के बाजार में हुजूम था। भीड़ ऐसी कि सुबह नौ बजे से शाम के पांच बजे तक जाम की स्थिति बन गई थी। बाजार में सुबह में तो खस्सी के दाम सामान्य थे, परंतु वक्त बीतने के साथ ही खस्सी के भाव भी चढ़ते गए। ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी देख खस्सी और बकरे के दाम डेढ़ से दोगुना तक पहुंच गया।

### राधा गोविंद शिक्षण संस्थान के संस्थापक की 8वीं पुण्यतिथि मनी

**रामगढ़।** राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को शिक्षण संस्थान के संस्थापक स्व गोविंद साह की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर राधा गोविंद शिक्षण संस्थान के प्रमुख बीएन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, संस्था की ट्रस्टी फूलमती देवी, प्राचार्या तापसी प्रमाणिक, प्रशासक केएन सिंह, सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने गोविंद साह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर सभी ने कहा की स्व गोविंद साह की सोच दूरगामी थी। कहा की उनकी ईच्छा थी की समाज में सभी शिक्षिक बनें और देश के विकास में योगदान दें। इसी उद्देश्य से उन्होंने राधा गोविंद शिक्षण संस्थान की स्थापना की थी।

# सिर्फ डिग्री के लिए नहीं, समाज और राष्ट्र को कुछ देने के लिए करें शोध : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को कुलपति-शोधार्थी सीधी वार्ता का आयोजन किया गया. इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने सभी शोधार्थियों से सीधा संवाद किया और उनकी हर बात को धैर्य पूर्वक सुना तथा अपनी डायरी में नोट किया. विनोबाभावे विश्वविद्यालय में इस तरह का पहला सीधा संवाद किया गया. अंत में अपने विचार रखते हुए कुलपति ने कहा कि शोधार्थियों की अधिकांश समस्याएं विश्वविद्यालय की व्यवस्था से संबंधित है. वह आज से ही उसमें सुधार लाने का काम करेंगे. उन्होंने आह्वान किया कि शोधार्थी अपने शोध को गंभीरता से लें और इस कार्य को ईमानदारी से करें. जो शोधार्थी सरकार से फेलोशिप ले रहे हैं, उनसे कुलपति ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी अधिक है. यह भी कहा कि सिर्फ पीएचडी उपाधि के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को कुछ देने के लिए शोध करें. कुलपति ने शोधार्थियों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव से बचने का आग्रह किया. उन्होंने बहुत जल्द एक और बैठक आयोजित करने की बात कही. कुलपति से सीधा संवाद में शोधार्थी मिताली गुप्ता, भैरव यादव, संगीता कुमारी सिंह, फातिमा प्रवीण, मनोज कुशवाहा, अभिषेक मिश्र, उदय कुमार मेहता, रुखसाना बानो, जीतेंद्र भारती, धर्मेंद्र कुमार, पुष्कर कुमार, विभा कुमारी तथा फजल ने अपनी परेशानियों को रखा. यूजीसी फेलोशिप के लिए प्रत्येक महीने की उपस्थिति का ससमय यूजीसी के साइट पर अपलोड करना, आवासीय किराया 8% से बढ़ाकर अन्य विश्वविद्यालयों की भांति 9% करना, पुराने टॉपिक पर पुनः पंजीयन की अनुमति प्रदान करना, गैर फेलोशिप वाले शोधार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाना, जेआरएफ से एसआरएफ संबंधी कार्य प्रक्रिया को विश्वविद्यालय स्तर पर ससमय पूर्ण करना आदि मांगें शोधार्थियों की ओर से रखी गईं. शोधार्थियों ने शिकायत की कि पिछले तीन वर्षों से विभावि में एक तरफ जहां कोई स्तरीय संगोष्ठी, कार्यशाला आदि का आयोजन नहीं हो पाया, वहीं दूसरी तरफ विभागीय व केंद्रीय पुस्तकालयों में कोई भी पुस्तक, जर्नल आदि का क्रय भी नहीं हुआ. इससे शोध को काफी क्षति हुई. यह भी बताया कि एक कर्मचारी ने शोधार्थियों का काफी आर्थिक शोषण किया एवं हाल में हुए उनके स्थानांतरण का स्वागत भी किया. पिछले तीन वर्षों में शोधार्थियों से काम के एवज में पैसे मांगे जाने की भी बात कही गई. वार्ता में संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक के अलावा काफी संख्या में शोधार्थी उपस्थित थे. धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शोधार्थी पुष्कर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में यह पहला मौका है, जब शोधाथीयों की बातें सुनी जा रही है. सीधा संवाद के दौरान संचालन डॉ. गंगानाथ झा ने किया.

### सामाजिक कुरीति निवारण योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# डायन प्रथा मिटाने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं की दी गई जानकारी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सामाजिक कुरीति निवारण योजना अंतर्गत शुक्रवार को रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरूकला पंचायत के पंचायत भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित बड़ी संख्या में ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा एवं इसके रोकथाम हेतु डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में उन्हें जागरूक किया गया वही कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देने के क्रम में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया है।

**क्या है डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001**

डायन की पहचान यदि कोई भी व्यक्ति - जो किसी अन्य व्यक्ति को 'डायन' के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कारवाई करे, तो इसके लिए उसे अधिकतम तीन महीने तक कारावास की सजा अथवा एक हजार रुपये जुमार्ने की सजा अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा। प्रताड़ित करने का हर्जाना-यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर या अन्यथा प्रताड़ित करता है, तो उसे छह माह की अवधि के लिए कारावास या सजा अथवा दो हजार रुपए तक जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। **डायन की पहचान में दुष्प्रेरण –** ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो किसी औरत को 'डायन' के रूप में पहचान करने के लिए साशय या अनवधानता से अन्य व्यक्ति को या समाज के लोगों को उकसाता हो, षडयंत्र रचता हो या उन्हें सहायता देता हो, जिससे उस औरत को हानि पहुँचे, तो तीन महीने तक का कारावास अथवा एक हजार रुपए के जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा । **डायन का उपचार–** किसी भी डायन के रूप में पहचान की गई औरत को जो भी शारीरिक या मानसिक हानि या यातना पहुँचाकर अथवा प्रताड़ित कर 'झाड़फूंक' या फिर 'टोटका' द्वारा उराके उपचार के लिए कोई कार्य करता है, तो उसे एक साल की कारावास का सजा अथवा दो हजार रुपए तक के जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। **विचारण की प्रक्रिया–** इस अधिनियम के सभी अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती होंगे।

### उवि. कैथा में स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

# स्कूल में 150 बच्चों का किया गया स्क्रीनिंग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कैथा में एक दिवसीय स्क्रीनिंग कैम्प एंड स्कूल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने उपस्थित सभी को फ्लोरोसिस बीमारी के लक्षण, कारण एवं बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अन्य स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रमों जैसे एनीमिया मुक्त भारत, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, टीबी मुक्त भारत, प्लस पोलियो एवं तम्बाकू नियंत्रण आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर कुल 150 बच्चों का स्क्रीनिंग किया गया जिसमें 33 संदिग्ध बच्चों का यूरिन जांच लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार के द्वारा किया गया जिनमे 24 बच्चे फ्लोरोसिस से पीड़ित पाए गए और आगे की कार्यवाही की जा रही है। ज्ञात हो कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के सहयोग से भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम किए जाते रहेंगे जिससे कि फ्लोरोसिस जैसी लाइलाज बीमारी को रोका जा सके। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा, डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट डॉ पल्लवी कौशल सहित अन्य उपस्थित थे।

# बैक टू बैक कार्यक्रम शुरू 22 से 15 जुलाई तक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और विद्यालय में नामांकन करवाने के उद्देश्य से जिला में बैक टू बैक कार्यक्रम की शुरूआत की गई है. बीडीओ सी आर इंदीवर की अध्यक्षता में प्लस टू उच्च विद्यालय से कार्यक्रम की शुरूआत की गई. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश वैसे सभी बच्चे जो नामांकन के बाद विद्यालय छोड़ चुके है या छूट गया हो या बाहर चले गए हो अथवा अब तक किसी कारण वश नामांकन नही हो सका हो, वैसे बच्चो को विद्यालय में नामांकन करवा कर पढ़ने के लिए प्रेरित करना है. इसी निमित नामांकन हेतु यह विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे है. यह कार्यक्रम 22 जून से 15 जुलाई तक चलाया जाना है. जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिला में ऐसे 300 बच्चो की संख्या का पता चला है. कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ सहित प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर बीपीएम अरुण कुमार, विभिन्न विद्यालय के शिक्षक और कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे. बीडीओ ने सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने का अपील किया गया. बीपीएम ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक गांव में चलाए जायेंगे.

# दिव्य कल्याण आश्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष और बेडोकला मंडल अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उन्होंने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय को प्रथम महासचिव नियुक्त किया गया ।पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पहली बार कांग्रेस के सामने कोई विकल्प खड़ा किया था। वहीं उपस्थित लोगों ने डॉ0 मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और भारतीय जनता पार्टी में उनकी भूमिका को याद किया। मौके पर बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, दुगार्नंद झा, शंकर साव, अनिल आजाद, दिलीप कुमार, रीतलाल प्रसाद, किसान मोर्चा अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद, नारायण प्रसाद, रेणु देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष समेत दर्जनों भाजपा के महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे।



# रामगढ़ बूथ संख्या 44 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के बूथ नंबर 44 में 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। मौके पर जिला महामंत्री रंजन फौजी ने कहा की देश की एकता और अखंडता के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। फौजी ने कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी धारा 370 को देश की एकता के लिए हमेशा खतरा मानते थे। उन्होंने धारा 370 को समाप्त किये जाने की मांग की थी। कहा की उन्होंने धारा 370 को समाप्त करने के लिए आंदोलन भी किया था। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा करने का कार्य किया। मौके पर अजीत गुप्ता, रवि सिंह आदि मौजूद थे।

# बरही : जांचोपरांत विस्थापितों को शीघ्र मिलेगा मालिकाना हक

**विस्थापितों की जगी उम्मीद**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** तिलैया डैम के विस्थापितों को राहत की बात है कि डीवीसी ने अपने अंदर अधिग्रहित जमीन की जमाबंदी हेतु अंचल कार्यकय को दस्तावेज उपलब्ध करवा चुकी है. अंचल कार्यालय डीवीसी के दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया है. शुक्रवार को अंचल निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि डीवीसी से ने बसरिया मौजा के 191.19, कोनरा 138.80, हरीला 219.15, जागो 72.91, कोलंगा 87.65, पड़ीरमा 4125, लक्षु डीह 26, दौरवा 578, सिंहपुर 253 कर डूमरडीह के 460 एकड़ जमीन के नामांतरण हेतु पत्र प्राप्त हुए है. डीवीसी के दूसरे नोटिफिकेशन के तहत 2/9 1950-51 में कोनरा के 496.9 एकड़ जमीन की भी सूचना दी है. सीआई ने यह भी बताया कि डीवीसी के नामांतरण के बाद विस्थापित अपने कागजात के जमा करेंगे. जिसके जांचोपरांत विस्थापितों को उसका मालिकाना हक मिलेगा. विदित हो कि डीवीसी ने तिलैया डैम निर्माण के दौरान उस क्षेत्र के 56 मौजा के लोग को विस्थापित किया था. विस्थापित परिवार को पंचमाधव, श्रीनगर आदि क्षेत्रों में बसाने का काम तो किया परंतु मालिकाना हक नही मिला. नतीजतन यहां के लोग मूल निवासी होने के बाबजूद भी आवासीय, जाति आदि प्रमाण पत्र नही बना पा रहे है, जिसके कारण इन्हें सरकारी लाभ नहीं मिला पा रहा है. विधायक उमाशंकर के प्रयास से एक बार विस्थापितों को उसका हक मिलने की उम्मीद जगी है.

**संकल्प** | स्कूल रुआर कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# चौपारण में 37 ड्रॉपआउट बच्चे चिह्नित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड के निदेर्शानुसार प्रखंड सभागार में शुक्रवार को स्कूल रुआर कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए बीईईओ राकेश सिंह ने बताया कि रुआर कार्यक्रम के तहत विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को पुनः विद्यालय में वापसी कराना है. इस कार्यक्रम को हमें विद्यालय के शिक्षकों, प्रबंधन समिति व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफल बनाना है. आंकड़ा पेश करते हुए बीईईओ ने बताया कि चौपारण प्रखंड में 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के तीन व 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 34 बच्चे हैं. जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं, उन्हें स्कूल में वापसी करवाना है. सीआरपी शैलेंद्र पांडेय ने कहा कि बच्चों में उत्सकुता बढ़ाएं, ताकि बच्चे स्कूल से जुड़े रहें. शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, तभी बच्चों का भविष्य बन पाएगा. इससे पहले कार्यशाला का शुभारंभ चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विकास यादव, सदस्य वीरेन्द्र राणा, बीईईओ राकेश सिंह, उमाकांत यादव सहित अन्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम की अगुवाई बीडीओ और संचालन शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने किया. बैठक में मुखिया मंटू सिंह, रेखा देवी, सुनीता देवी, देवंती देवी, अर्चना हेंब्रम, ब्रह्मदेव भुइयां, सीआरपी शैलेन्द्र पांडेय, प्रभाकर अंबुधि, प्रांतोष सिंह, विश्वनाथ साव, शिक्षक डॉ. प्रदीप साहू आदि उपस्थित थे.

## NEWS इन ब्रीफ

### नाचो फर्नांडीज ने रियल मैड्रिड में अपना प्रवास बढ़ाया

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने गुरुवार को नाचो फर्नांडीज के एक साल के अनुबंध विस्तार की घोषणा की, जो उन्हें 30 जून 2024 तक क्लब से बांधे रखेगा। स्पैनिश डिफेंडर पिछले 22 वर्षों से लॉस ब्लैंकोस के इतिहास का हिस्सा रहे हैं। वह 2001 में रियल मैड्रिड की अंडर-11 अकादमी में शामिल हुए। पहली टीम के लिए, उन्होंने कुल 319 बार प्रदर्शन किया है। इस दौरान उन्होंने 23 ट्रॉफी, 5 यूरोपीय कप, 5 क्लब विश्व कप, 4 यूरोपीय सुपर कप, 3 लालिगा खिताब, 2 कोपास डेल रे और 4 स्पेनिश सुपर कप जीते हैं। वह पूर्व रियल मैड्रिड स्टार करीम बेंजेमा से कप्तानी की जिम्मेदारी लेंगे, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में स्पेनिश दिग्गजों के साथ अपना समय समाप्त करने का फैसला किया था। लीग में अपने समय के अलावा, नाचो ने स्पेन के साथ 24 अंतर्राष्ट्रीय कैप भी हासिल किए हैं। उन्हें हाल ही में नेशंस लीग 2023 के चैंपियन का ताज पहनाया गया।

### मेघालय में फुटबॉल स्टेडियम का हिस्सा ढहा

**शिलॉन्ग।** मेघालय के तुरा में पीए संगमा फुटबॉल स्टेडियम का एक हिस्सा ढह गया। इस स्टेडियम का पिछले साल दिसंबर में उद्घाटन किया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रमुख स्टेडियम पीए संगमा खेल परिसर का हिस्सा है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने किया था और जिसके निर्माण पर 127 करोड़ रुपये की लागत आई थी। अधिकारियों के मुताबिक, घटना गुरुवार को हुई और इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पीए संगमा खेल परिसर के फुटबॉल स्टेडियम के चारों ओर बनी दीवार का एक हिस्सा ढह गया।

# गायकवाड़, जायसवाल व मुकेश टेस्ट टीम में शामिल, पुजारा व उमेश बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रुतुराज गायकवाड़, यशस्वी जयसवाल और मुकेश कुमार को 12 जुलाई से डोमिनिका में शुरू होने वाले भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे के लिए पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए चयन समिति द्वारा घोषित टीम में, जो भारत के 2023-25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरूआत का भी प्रतीक है, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव और मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिली। गायकवाड़ और जयसवाल को शामिल करने के फैसले को भारतीय टेस्ट बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावित शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है।

टेस्ट श्रृंखला के बाद होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए रुतुराज और मुकेश टीम का हिस्सा होंगे, इसमें संजू सैमसन दूसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज विकल्प के रूप में शामिल होंगे। भारत को पांच टी20 मैच भी



खेलने हैं और इसके लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। डोमिनिका का विंडसर पार्क 12-16 जुलाई तक पहले टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा, इसके बाद दूसरा टेस्ट 20-24 जुलाई तक त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया 100वां टेस्ट मैच भी होगा। पहले दो वनडे 27 और 29 जुलाई को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में होंगे। तीसरा वनडे 1 अगस्त को त्रिनिदाद में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में होगा, जो पहली बार पुरुष वनडे की मेजबानी करेगा।

**भारत की टेस्ट टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), केएस भरत, इशान किशन, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मो. सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, नवदीप सैनी।

**भारत की वनडे टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, संजू सैमसन , ईशान किशन, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मो. सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

### सपाट पिच पर नाराज दिखे एंडरसन, कहा-

# पिचें एजबेस्टन की तरह होंगी तो अच्छा नहीं कर पाऊंगा

**एजेंसी। लंदन**



एशेज श्रृंखला के शुरूआती मैच सपाट पिच पर नाराजगी जताते हुए इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि अगर बची हुए सीरीज में इसी तरह की पिचों का इस्तेमाल किया जायेगा तो वह अपनी टीम के लिए कारगर नहीं हो पाएंगे। श्रृंखला से पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा था कि इंग्लैंड चाहता है कि उन्हें तेज गेंदबाजों के मुफीद सपाट पिच मिलें ताकि उनकी आक्रामक खेल शैली में मदद मिल सके। लेकिन एंडरसन ने कहा कि पहले टेस्ट की पिच उनके लिए 'क्रिप्टोनाइट' (खराब पिच) की तरह थी।

उन्होंने कहा, अगर सारी पिचें इसी तरह की होंगी तो मैं एशेज श्रृंखला में ज्यादा कुछ नहीं कर पाऊंगा। पिच मेरे लिये 'क्रिप्टोनाइट' की तरह थी जिस पर कोई स्विंग नहीं थी, रिवर्स स्विंग नहीं थी, कोई सीम मूवमेंट नहीं था, कोई उछाल नहीं था और कोई तेजी नहीं थी।'

एंडरसन ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक अपने कौशल को निखारने की कोशिश की है ताकि मैं किसी भी तरह की परिस्थितियों में गेंदबाजी कर सकूं लेकिन मैंने सबकुछ आजमाया लेकिन कोई अंतर नहीं पड़ा। मुझे लगता जैसे मैं बहुत मुश्किल जंग लड़ रहा हूं।'

# योगेश्वर को बृजभूषण के 'पिछलग्गू' के तौर पर याद किया जाएगा : विनेश फोगाट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शीर्ष भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को कहा कि कुश्ती जगत योगेश्वर दत्त को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के 'पिछलग्गू' के रूप में याद रखेगा। इससे पहले लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर ने एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप ट्रायल से उन्हें और पांच अन्य पहलवानों को दी गई छूट पर सवाल उठाया था। विनेश ने ट्विटर पर लिखा, 'कुश्ती जगत को आपका बृजभूषण के तलवे चाटना हमेशा याद रहेगा। महिला पहलवानों को तोड़ने में इतना जोर मत लगाओ, बहुत पक्के इरादे हैं इनके। ध्यान रखना कहीं ज्यादा जोर लगवाने से कमर न टूट जाए। रीढ़ तो पहले ही बृजभूषण के पैरों में रख चुके हो। तुम बहुत संवेदनहीन इंसान हो। जालिम के हक में खड़े हो, उसकी चापलूसी कर रहे हो।'

एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में कई बार पदक जीत चुकी विनेश ने योगेश्वर की तुलना जयचंद से करते हुए कहा, ह्यजब तक



कुश्ती में योगेश्वर जैसे जयचंद रहेंगे, यकीनन जालिमों के हौसले बुलंद रहेंगे।' इतिहास में कन्नौज के राजा जयचंद को पृथ्वीराज चौहान को हराने के लिए मोहम्मद गौरी के साथ साजिश रचने के लिए याद किया जाता है। विनेश ने इसके साथ ही योगेश्वर पर कई गंभीर आरोप लगाए। योगेश्वर डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए खेल मंत्रालय द्वारा नियुक्त छह सदस्यीय समिति का हिस्सा थे। विनेश ने लिखा, योगेश्वर दत्त का वीडियो सुना तो उसकी वह घटिया हंसी दिमाग में अटक गई। वह महिला पहलवानों के लिए बनी दोनों समितियों का हिस्सा था। जब समिति के सामने महिला पहलवान अपनी आपबीती बता रही थीं तो वह बहुत घटिया तरह से हंसने लगता। जब दो महिला पहलवान पानी पीने के लिए बाहर आयीं तो बाहर आकर उनको कहने लगा कि बृजभूषण का कुछ नहीं होगा, जाकर अभ्यास करो।' विनेश ने यह भी आरोप लगाया कि योगेश्वर ने महिला पहलवानों से समझौता करने और बृजभूषण के खिलाफ आरोप वापस लेने के लिए कहा। उन्होंने दावा किया, ह्यएक दूसरी महिला पहलवान को बड़े भद्दे तरीके से बोला कि ये सब तो चलता रहता है इसको इतना बड़ा मुद्दा मत बनाओ। कुछ चाहिए हो तो मुझे बताओ।' विनेश ने कहा, समिति की बैठक के बाद योगेश्वर ने महिला पहलवानों के नाम बृजभूषण और मीडिया में बता दिए। उसने कई महिला पहलवानों के घर फोन करके यह भी कहा कि अपनी लड़की को समझा लो। वह पहले ही सरेआम महिला पहलवानों के खिलाफ बयान दे रहा था, उसके बावजूद उसे दोनों समितियों में रखा गया।'

# डरहम क्रिकेट ने कैलम पार्किंसन के साथ किया तीन साल का अनुबंध

**एजेंसी। लंदन**

डरहम क्रिकेट ने कैलम पार्किंसन के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। डरहम क्रिकेट ने एक आधिकारिक बयान में कहा, डरहम क्रिकेट को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कैलम पार्किंसन 2024 सीजन से पहले लीसेस्टरशायर से डरहम में शामिल होंगे। धीमे बाएं हाथ के स्पिनर, जिन्होंने 162 पेशेवर प्रदर्शनों में 252 विकेट लिए हैं, तीन साल के सौदे पर डरहम में शामिल होंगे। बोल्टन में जन्मे, पार्किंसन डर्बीशायर अकादमी के उत्पाद हैं - उन्होंने 2016 में लीसेस्टरशायर के खिलाफ काउंटी के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया, पदार्पण पर 7 विकेट लिए और नाबाद 48* रन बनाए। 26 वर्षीय खिलाड़ी 2017 में लीसेस्टरशायर में शामिल हुए और ग्रेस रोड में अपने 7 वर्षों के दौरान



फॉक्स के लिए तीनों प्रारूपों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। वह विटैलिटी ब्लास्ट में 100 से अधिक टी20 विकेट लेकर फॉक्स के लिए अभिन्न अंग रहे हैं, इस गर्मी की शुरूआत में उन्होंने लीसेस्टरशायर के लिए 100वां टी-20 विकेट लिया। पार्किंसन ने काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशायर की कप्तानी की है, इस प्रारूप में उन्होंने 104 प्रथम श्रेणी विकेट लिए हैं, जिसमें न्यू रोड पर वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ मैच में 10 विकेट शामिल हैं। इस मैच में उन्होंने पहला पारी में 148 रन देकर 8 विकेट लिये, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पार्किंसन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ²मैं डरहम से जुड़कर बहुत खुश हूं। मैं अपने करियर के अगले अध्याय के लिए वास्तव में उत्साहित हूं और मुझे लगता है कि टीम ट्रॉफी जीतने और एक क्रिकेटर के रूप में खुद को बेहतर बनाने की मेरी इच्छा से मेल खाती है। जब मैंने सुना कि डरहम को मुझे साइन करने में दिलचस्पी है, मुझे खुशी हुई।

# प्रो कबड्डी लीग के ऐतिहासिक 10वें सीजन की तैयारी कर रहा हूं : नवीन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सबसे बड़े कबड्डी सुपरस्टारों में से एक, नवीन गुरुवार को बियॉन्ड द मैट (सीजन 3) के पहले एपिसोड में दिखाई दिए। प्रो कबड्डी लीग की बियॉन्ड द मैट सीरीज पीकेएल खिलाड़ियों के जीवन पर आधारित एक श्रृंखला है। पिछले सीजन में दबंग दिल्ली केसी के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रेड पॉइंट (254) हासिल करने वाले रेडर ने कहा कि वह प्रो कबड्डी लीग के ऐतिहासिक दसवें सीजन के लिए तैयारी कर रहे हैं, उन्होंने कहा, मैं फिलहाल अगले सीजन की तैयारी कर रहा हूं। मैंने प्रो कबड्डी लीग के पिछले सीजन के बाद इंटर-सर्विसेज टूर्नामेंट में खेला था। मेरे लिए अभ्यास जारी रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल एशियाई खेल जैसे टूनामेंट आने वाले हैं। पीकेएल स्टार ने आगे कहा, मैंने भी शादी कर ली। मेरी पत्नी (मीनाक्षी बालियान) भी एक खिलाड़ी हैं। वह एक निशानेबाज हैं। नवीन ने यह भी बताया कि वह 10 नंबर की जर्सी क्यों पहनते हैं, उन्होंने कहा, मुझे क्रिकेट देखना पसंद है।

# ब्रेंडन मैकुलम से पहले मुझसे इंग्लैंड टेस्ट कोच के लिए किया था संपर्क : रिकी पोंटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि ब्रेंडन मैकुलम की नियुक्ति से पहले उनसे इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच की भूमिका के लिए संपर्क किया गया था। 2022 की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड की 4-0 से करारी हार के बाद, टीम प्रबंधन के भीतर महत्वपूर्ण बदलाव लागू किए गए। मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड, बल्लेबाजी सलाहकार ग्राहम थोरपे और प्रबंध निदेशक एशले जाइल्स सभी को अपनी-अपनी नौकरियों से बर्खास्तगी का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त, जो रूट ने कप्तान के रूप में अपनी भूमिका छोड़ने का फैसला किया। पोंटिंग ने खुलासा किया कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के लिए पुरुष क्रिकेट के



निदेशक की भूमिका निभाने वाले रॉब की ने कोचिंग के अवसर पर चर्चा करने के लिए पोंटिंग से संपर्क किया था। पोंटिंग ने गुरिल्ला क्रिकेट को बताया, ब्रेंडन के काम संभालने से पहले मुझसे वास्तव में पूछा गया था, आप लोग यह पता लगा सकते हैं। आप लोग यह पता लगाने वाले पहले व्यक्ति हो सकते हैं - लेकिन जैसे ही रॉबर्ट की ने यह काम संभाला, मैंने उनसे कुछ कॉलें लीं। उन्होंने कहा, लेकिन मैं पूर्णकालिक अंतरराष्ट्रीय कोचिंग नौकरी के लिए तैयार नहीं हूं। जब नए टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और कोच मैकुलम ने बागडोर संभाली, तो इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' नामक क्रिकेट के आक्रामक और निडर ब्रांड को अपनाया। सीमाओं को बढ़ाने और आक्रामक क्षेत्रों और शुरूआती घोषणाओं का उपयोग करने के बैजबॉल दृष्टिकोण के तहत, इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में एक उल्लेखनीय परिवर्तन देखा है, अपने 13 टेस्ट में से 11 जीते हैं और अभी तक एक भी श्रृंखला नहीं हारी है। पिछले साल मई में मैकुलम की नियुक्ति के बाद एजबेस्टन में एशेज हार इंग्लैंड की 14 टेस्ट मैचों में तीसरी हार थी। बैजबॉल से पहले, इंग्लैंड ने पूर्व मेंटर क्रिस सिल्वरवुड के नेतृत्व में 17 टेस्ट मैचों में सिर्फ एक जीत हासिल की थी।

### वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त हुए रॉबर्ट सैमुअल्स

**सेंट जॉन्स।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने सेंट लूसिया में आयरलैंड के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए रॉबर्ट सैमुअल्स को वेस्टइंडीज महिला टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया है। जमैका के पूर्व कप्तान और वेस्टइंडीज के बल्लेबाज सैमुअल्स ने 106 प्रथम श्रेणी और 77 लिस्ट ए मैचों के अलावा छह टेस्ट मैच और आठ वनडे मैच खेले हैं। उनकी सबसे हालिया भूमिका वेस्ट इंडीज महिला टीम में सहायक कोच के रूप में थी। सैमुअल्स की नियुक्ति पर सीडब्ल्यूआई के हाई-परफॉर्मेंस मैनेजर ग्रीम वेस्ट ने कहा: रॉबर्ट को खिलाड़ियों और महिलाओं के खेल का बहुत अच्छा ज्ञान है और सहायक स्टाफ का भी मजबूत ज्ञान है।

### स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल

# गोल्फर रणवीर सैनी, राहुल अग्रवाल ने रिकॉर्ड तोड़ अंतर से जीता स्वर्ण

**एजेंसी। बर्लिन**

गोल्फर रणवीर सैनी और राहुल अग्रवाल ने विशेष ओलंपिक विश्व खेल 2023 के लेवल 1 गोल्फ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रणवीर और राहुल ने बर्लिन के अर्नोल्ड पार्मर कोर्स में चार दिनों में गोल्फ के चार राउंड (वैकल्पिक शॉट टीम प्ले) खेले और सभी चार दिनों में लीडरबोर्ड में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 18 शॉट्स के रिकॉर्ड-तोड़ अंतर से स्वर्ण पदक जीता। एसओ भारत के सबसे कुशल एथलीटों में से एक सैनी विश्व खेलों में भारत की सफलता के अभिन्न अंग रहे हैं। 17 साल की उम्र में उन्होंने 2015 में लॉस एंजिल्स खेलों में इस स्पर्धा में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता था। आठ साल बाद भी उन्होंने



हार नहीं मानी है। कम उम्र में ऑटिज्म का पता चलने के बाद, सैनी ने अपनी मां बख्तवार सैनी के प्रोत्साहन से गोल्फ खेलना शुरू किया, ताकि उन्हें व्यस्त रखने में मदद मिल सके। यह एक स्वाभाविक पसंद थी क्योंकि बख्तावर ने खुद यह खेल खेला था और रणवीर के चाचा जीव मिल्खा सिंह भारत के अब तक के सबसे महान गोल्फ खिलाड़ियों में से एक हैं।

### घोषणा | जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023

# कनाडा का सामना करेगी भारतीय टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 की आयोजन समिति ने गुरुवार रात को चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक होने वाले बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लिए पूल और कार्यक्रम की घोषणा की। इस प्रतिष्ठित आयोजन से पहले एफआईएच ने नई जूनियर महिला विश्व रैंकिंग का भी खुलासा किया, जिसके अनुसार भारत छठे स्थान पर है, जबकि नीदरलैंड पहले स्थान पर है। इस बीच, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। बता दें कि कॉन्टिनेंटल रैंकिंग में भारत शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है। भारतीय टीम को बेल्जियम, कनाडा और जर्मनी के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इसके बाद 1 दिसंबर को अपने दूसरे मैच में जर्मनी से और अपने तीसरे और आखिरी पूल मैच में 2 दिसंबर को बेल्जियम से भिड़ेगी। हाल ही में जापान में महिला जूनियर एशिया कप 2023 जीतने के बाद, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आत्मविश्वास के साथ एफआईएच जूनियर



महिला विश्व कप 2023 में हिस्सा लेगी। भारतीय टीम एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीतने के करीब पहुंच गई थी, लेकिन तीसरे स्थान के मैच में इंग्लैंड से 2-2(0-3) से हार गई थी। पूल्स के खुलासे पर महिला जूनियर एशिया कप 2023 की विजेता कप्तान प्रीति ने कहा, हम विश्व कप के लिए पूल्स का अनावरण देखकर रोमांचित हैं। यह हमारी टीम के लिए एक रोमांचक क्षण है क्योंकि हम दुनिया भर से कुछ सर्वश्रेष्ठ जूनियर टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। प्रीति ने कहा, हम जानते हैं कि प्रत्येक पूल प्रतिभाशाली और कठिन विरोधियों से भरा हुआ है, लेकिन हम इसे वैश्विक मंच पर अपने कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में देखते हैं। हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है और हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। इस बीच, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, "एशिया कप जीतने के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी है। लेकिन विश्व कप कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हमें दुनिया भर की मजबूत टीमों का सामना करना पड़ेगा। टूर्नामेंट का प्रत्येक मैच हमारे कौशल, टीम वर्क और लचीलेपन की परीक्षा लेगा। पूल ड्रा हमें अपने खेल को ऊपर उठाने और सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने की आवश्यकता को पुष्ट करता है। उन्होंने कहा, हालांकि, हम अपनी टीम की क्षमता और मौके पर खरा उतरने की क्षमता पर विश्वास करते हैं। हमारा लक्ष्य एक एकजुट इकाई बनाना है जो कभी हार न मानने वाले रवैये के साथ प्रदर्शन करती है, और प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी द्वारा पेश की गई चुनौतियों का सामना करते हुए हमारे गेम प्लान के प्रति सच्ची रहती है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे कि हम टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। टूनार्मेंट प्रारूप के अनुसार, पूल चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य तीन टीमों से एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी, जबकि शेष टीमें वर्गीकरण पदों के लिए खेलेंगी। गौरतलब है कि गत चैंपियन नीदरलैंड एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में सबसे सफल टीम है, जिसने चार बार खिताब जीता है, इसके बाद दक्षिण कोरिया और अर्जेंटीना हैं, जिन्होंने दो-दो बार प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती है। जर्मनी ने एक बार टूर्नामेंट जीता है।



NEWS इन ब्रीफ

### अडाणी ग्रुप का मार्केट कैप 10 लाख करोड़ रुपये से नीचे गिरा

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप की मुसिबतें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। ग्रुप पर हिंडनबर्ग के द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच भारत में सेबी तो एससी कमिटी तो कर ही रही। अमेरिका में भी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एएउ) इसकी जांच कर रहा है। दरअसल अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मैन्यूपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड जैसे 86 गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसकी जांच चल रही है। इसके चलते शुक्रवार को ग्रुप के शेयर में भारी गिरावट देखी गई। अमेरिकी एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि अडाणी समूह में निवेश करने वाले अमेरिकी निवेशकों को समूह ने डिस्क्लोजर में क्या-क्या जानकारियां दी थी।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक अब एयरटेल थैंक्स ऐप पर प्रदान करेगा

**रांची।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों को आसानी से हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केयर हेल्थ इंश्योरेंस के साथ कॉरपोरेट एजेंसी एग्रीमेंट किया है। इस समझौते के अंतर्गत, एयरटेल पेमेंट्स बैंक अपने ग्राहकों को एयरटेल थैंक्स ऐप के बैंकिंग सेक्शन के माध्यम से केयर हेल्थ इंश्योरेंस के कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस स्कीम ग्रुप केयर 360 के साथ अन्य प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध कराएगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को ग्रुप केयर 360 के माध्यम से अपने पूरे परिवार के लिए संपूर्ण बीमा कवरेज प्राप्त करने की सुविधा प्राप्त होगी।

## बिकवाली के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

# निफ्टी 18,700 के स्तर से नीचे आया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भी शुक्रवार लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ ही हुई थी। शुरूआती आधे घंटे के कारोबार में बाजार की गिरावट लगातार बढ़ती गई। हालांकि बाद में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश की। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में ही कारोबार करते नजर आए। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत और निफ्टी 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारती एयरटेल, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और बजाज ऑटो के शेयर 1.82 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, बीपीसीएल, टेक महिंद्रा और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 4.84 प्रतिशत से लेकर 1.98 प्रतिशत ताकि की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,950 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 444 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,506 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 114.61 अंक की कमजोरी के साथ 63,124.28 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से थोड़ी ही देर में ये सूचकांक 63 हजार अंक के स्तर से भी नीचे गिर कर 62,874.12 अंक तक पहुंच गया।

### भारत में ही बनेंगे लड़ाकू विमानों के इंजन

**नई दिल्ली।** अमेरिका की जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच फाइटर प्लेन के एफ 414 इंजन बनाने का समझौता हो गया है। इसके तहत अब भारतीय लड़ाकू विमानों के इंजन भारत में ही बनेंगे। पहले जीई इन्हें सप्लाई करती थी। जीई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय हुए इस समझौते को ऐतिहासिक बताया है। इधर न्यूज एजेंसी अठकने व्हाइट हाउस के हवाले से जानकारी दी है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी के साझा बयान में भारत को हथियारबंद ड्रोन बेचे जाने का ऐलान होगा। जीई तेजस लड़ाकू विमान के लिए एफ 404 इंजन की सप्लाई करती है। 83 तेजस विमानों में इस इंजन का इस्तेमाल हो रहा है। जीई ने बताया है कि डील से दोनों देशों को इकोनॉमिक और सुरक्षा से जुड़े फायदे होंगे। जीई और एचएएल के बीच हुई डील भारतीय एयरफोर्स के हल्के लड़ाकू विमान बनाने के प्रोग्राम एमके 2 में अहम भूमिका निभाएगी।

# कल्याण ज्वेलर्स ने रांची और रामगढ़ में खोला नया शोरूम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आभूषण ब्रांड कल्याण ज्वेलर्स ने रांची और रामगढ़ में अपना नया शोरूम खोला। इन दो नए शोरूम की लॉन्चिंग के साथ, कल्याण ज्वेलर्स ने झारखंड राज्य में चार स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। रांची में नया लॉन्च किया गया शोरूम न्यूक्लियस मॉल के पास सर्कुलर रोड पर स्थित है और रामगढ़ आउटलेट गोला रोड पर है। ये शोरूम ग्राहकों को आभूषणों की एक विस्तृत रेंज के साथ खरीदारी का शानदार और बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे। दोनों शोरूमों में कल्याण के लोकप्रिय हाउस ब्रांड जैसे लीला - हीरे और अर्द्ध कीमती पत्थर के आभूषण, तेजस्वी - पोल्की आभूषण, मुद्रा - दस्तकारी वाले प्राचीन आभूषण, निमाह - मंदिर के आभूषण, ग्लो - डांसिंग हीरे, जिया - सॉलिटेयर जैसे हीरे के आभूषण भी रखे जाएंगे। साथ ही, अनोखी - बिना तराशे हीरे, अपूर्व - विशेष अवसरों के लिए हीरे, मुहूर्त - शादी के आभूषण, और रंग - कीमती पत्थरों के आभूषण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शोरूम लॉन्च के उपलक्ष्य में कल्याण ज्वैलर्स की ओर से पेश एक यूनिक प्रमोशन के तहत कम से कम 1 लाख रुपए की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को आधे खरीद मूल्य पर कोई भी मेकिंग चार्ज नहीं देना होगा। ये ऑफर सीमित अवधि के लिए ही वैध हैं। नए शोरूम के बारे में बात करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा कि हमें झारखंड में अपनी विस्तार योजना का एलान करते हुए खुशी हो रही है। हमने प्रदेशभर में अपनी मौजूदगी का और विस्तार करने का लक्ष्य तय किया है। हम इस बाजार में जबरदस्त क्षमता देखते हैं।

# इफको अमेरिका को करेगा नैनो लिक्विड यूरिया का निर्यात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रमुख उर्वरक सहकारी संस्था इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अमेरिका को तरल नैनो यूरिया के निर्यात के लिए कैलिफोर्निया स्थित कपूर एंटरप्राइजेज इंक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान 21 जून को इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे। सहकारी संस्था ने एक बयान में कहा, ह्यह्यइफको ने अब...संयुक्त राज्य अमेरिका को नैनो तरल यूरिया का निर्यात शुरू कर दिया है।'' हालांकि, इफको ने कपूर एंटरप्राइजेज से मिले अनुबंध की मात्रा और मूल्य के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। मौजूदा समय में, यह सहकारी संस्था 25 से अधिक देशों में 5 लाख से अधिक बोतल नैनो तरल यूरिया का निर्यात कर रही है। इफको ने जून 2021 में, दुनिया का पहला नैनो यूरिया उर्वरक शुरू किया, जबकि इस साल अप्रैल में नैनो डीएपी शुरू किया गया। इफको नैनो तरल यूरिया की 500 मिलीलीटर की बोतल, पारंपरिक यूरिया के कम से कम एक बैग की जगह ले लेगी। सहकारी संस्था ने कहा कि यह बोतल लॉजिस्टिक' और भंडारण की लागत को काफी कम कर सकती है। इसमें कहा गया है कि वाणिज्यिक बाजार में अपनी स्थापना के बाद से इफको भारत में नैनो तरल यूरिया की 5.7 करोड़ से अधिक बोतलें बेच चुकी है।

## दोस्त को कॉकपिट में ले जाना पायलट को पड़ा भारी

# डीजीसीए ने एक साल के लिए सस्पेंड किया उनका लाइसेंस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस महीने की शुरूआत में चंडीगढ़-लेह उड़ान के कॉकपिट में एक अनधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति देने के लिए एयर इंडिया के एक पायलट का लाइसेंस एक साल के लिए निलंबित कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। डीजीसीए ने कहा कि पायलट-इन-कमांड का लाइसेंस एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया है, जबकि ह्यप्रथम अधिकारी' का लाइसेंस एक महीने की अवधि के लिए निलंबित किया गया है। डीजीसीए ने तीन जून को हुई घटना के बाद जांच लंबित रहने तक दोनों पायलटों को सेवा से हटाने का आदेश दिया। डीजीसीए के सुरक्षा मानदंडों के अनुसार, अनधिकृत लोगों को कॉकपिट में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है और ऐसा कोई भी प्रवेश मानदंडों का उल्लंघन कर सकता है। डीजीसीए ने बयान में कहा, मेसर्स एयर इंडिया की उड़ान एआई-458 (चंडीगढ़-लेह) के पायलट-इन-कमांड ने तीन जून को प्रस्थान के दौरान एक अनधिकृत व्यक्ति को कॉकपिट में आने की अनुमति दी और वह व्यक्ति पूरी उड़ान के दौरान कॉकपिट में ही रहा।

## विदेश

### वॉशिंगटन में बोले मोदी, 'हमारे डीएनए में है लोकतंत्र'

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार्मिक अल्पसंख्यकों और असहमति से निपटने के लिए अपनी सरकार की आलोचना पर पलटवार करते हुए कहा, लोकतंत्र हमारे डीएनए में है, लोकतंत्र हमारी आत्मा है, लोकतंत्र हमारी रगों में दौड़ता है और लोकतंत्र हमारे डीएनए में है। भारत में किसी भी तरह के भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं। मोदी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ व्हाइट हाउस में एक पत्रकार के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन दोनों ने एक अमेरिकी और एक भारतीय रिपोर्टर से सवाल पूछे। भारत और अमेरिका दोनों के लिए प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र हमारे डीएनए में है, लोकतंत्र हमारी आत्मा है, लोकतंत्र हमारी रगों में बहता है। मोदी पहले ब्रीफिंग में राष्ट्रपति बाइडेन की टिप्पणियों से सीख रहे थे कि लोकतंत्र अमेरिका और भारत दोनों के डीएनए में है। उन्होंने आगे कहा, हम एक लोकतंत्र में रहते हैं।

## आतंकवाद के मुद्दे पर यूएस संसद में गरजे पीएम, बोले-

# इससे निपटने में किंतु-परंतु न हो



**एजेंसी। वाशिंगटन**

आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान पर परोक्ष निशाना साधा और कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है तथा इस संकट से निपटने में कोई किंतु-परंतु'' नहीं हो सकता। बृहस्पतिवार को अमेरिकी संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 9/11 हमले के दो से भी अधिक दशक तथा मुंबई में 26/11 हमलों के एक से भी अधिक दशक बाद कट्टरपंथ और आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए आज भी एक खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी ने अंग्रेजी भाषा में 60 मिनट के अपने भाषण में कहा, ह्यह्ये विचारधाराएं नयी पहचान तथा रूप ले रही हैं लेकिन उनकी मंशा समान है। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई किंतु-परंतु नहीं हो सकता। हमें आतंकवाद को प्रायोजित तथा उसे फैला रही ऐसी सभी ताकतों से निपटना होगा।'' प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने आतंकवाद तथा चरमपंथ से लड़ने का संकल्प जताया। बयान में कहा गया है, अमेरिका तथा भारत वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े हैं और आतंकवाद तथा हिंसक चरमपंथ की सभी रूपों में निंदा करते हैं।'' बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन समेत संयुक्त राष्ट्र में सूचीबद्ध सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की मांग को दोहराया। इसमें कहा गया है, ह्यह्यउन्होंने सीमा पार आतंकवाद, आतंकवाद के लिए लोगों के इस्तेमाल करने की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया कि उसके कब्जे वाले किसी क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवादी हमले करने के लिए न किया जाए। उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों और पठानकोट हमले के दोषियों को सजा देने का भी आह्वान किया। उन्होंने आतंकवादी साजिशों के लिए मानवरहित ड्रोन और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों का दुनियाभर में इस्तेमाल बढ़ने पर भी चिंता व्यक्त की।

### लापता सबमर्सिबल में सवार सभी पांच लोगों की मौत

**ओटावा।** अमेरिकी तटरक्षक बल ने घोषणा की है कि टाइटैनिक के पास खोजकर्ताओं को लापता पनडुब्बी टाइटन का मलबा मिला है। गुरुवार दोपहर एक प्रेस वार्ता में, यूएस कोस्ट गार्ड रियर एडमिरल जॉन माउगर ने कहा कि रिमोट से संचालित वाहन (आरओवी) ने समुद्र तल पर टाइटैनिक से लगभग आधा किलोमीटर दूर टाइटन पनडुब्बी के टेल कोन की खोज की। माउगर ने कहा, बाद में आरओवी को अतिरिक्त मलबा मिला। उन्होंने कहा, मैं पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। सबमर्सिबल का स्वामित्व और संचालन करने वाली अमेरिका स्थित कंपनी ओशनगेट एक्सपीडिशन ने एक बयान में कहा कि उसका मानना है कि टाइटैनिक-बाउंड सबमर्सिबल के पांचों यात्रियों की दुखद मौत हो गई है। इन यात्रियों में अरबपति एक्सलोरर हामिश हार्डिंग, फ्रांसीसी एक्सप्लोरर पॉल-हेनरी नार्जियोलेट, शहजादा दाऊद और उसका बेटा सुलेमान दाऊद और ओशनगेट एक्सपीडिशन के सीईओ और टाइटन पायलट स्टॉकटन रश शामिल हैं।

# इंडोनेशिया में लापता नाव की तलाश जारी



**एजेंसी। जकार्ता**

इंडोनेशिया के पूर्वी क्षेत्र में लापता चालक दल के आठ सदस्यों वाली एक नाव की तलाश जारी है। खोज एवं बचाव एजेंसी के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने कहा कि तलाशी गुरुवार से शुरू की गई। नाव के मालिक केएम फरीदा ने स्थानीय खोज और एजेंसी को एक रिपोर्ट दी थी, जिसके बाद खोज शुरू की गई। उन्होंने कहा कि नाव जो निर्माण सामग्री और आठ चालक दल ले जा रही थी, कथित तौर पर सोमवार सुबह मध्य पापुआ प्रांत के मिमिका जिले से रवाना हुई थी और मंगलवार दोपहर को दक्षिण पापुआ के अस्मत जिले में उसके पहुंचने की उम्मीद थी। लगभग 17,000 द्वीपों के दक्षिण पूर्व एशियाई द्वीपसमूह इंडोनेशिया में सुरक्षा मानकों में कमी के कारण समुद्री दुर्घटनाएं आम हैं।

## हादसा — क्या था टाइटन पनडुब्बी का विनाशकारी विस्फोट

# सभी यात्रियों की चंद सेकेंड में हो गई थी मौत



**एजेंसी। एडीलेड**

लापता पनडुब्बी टाइटन' के चार दिन चले तलाश अभियान का एक त्रासदीपूर्ण अंत हुआ। खबरों ने पुष्टि की है कि टाइटैनिक जहाज का मलबा देखने गई पनडुब्बी में विनाशकारी विस्फोट'' हुआ, जिसके कारण इसमें सवार सभी पांचों यात्रियों की तत्काल मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि टाइटैनिक के डूबने के स्थल से लगभग 500 मीटर दूर समुद्र तल पर पनडुब्बी के 5 बड़े-बड़े टुकड़े मिले हैं। इनका मिलना पहले दिए गए इन समाचारों से मेल खाता है कि टाइटन जब पानी में उतरा था, उसी दिन अमेरिकी नौसेना को एक विस्फोट जैसा'' जोरदार धमाका सुनाई दिया था। नौसेना के समुद्र तल सेंसर ने उस क्षेत्र में विस्फोट का पता लगाया था, जहां पनडुब्बी का अपने मुख्य पोत के साथ संपर्क टूटा था। उस समय विस्फोट के बारे में बताया गया था कि यह निर्धारित नहीं'' था। विनाशकारी विस्फोट' क्या है? हम ऐसा मान सकते हैं कि विस्फोट उसी दिन हुआ, जिस दिन पनडुब्बी पानी में उतरी थी, लेकिन संभवतः यह उस समय नहीं हुआ, जब उसका अपने मुख्य पोत से संपर्क टूटा था, लेकिन ऐसा क्यों हुआ? पानी में गहराई पर चलने वाली अधिकतर पनडुब्बियों में एक ह्यदाब पात्र' होता है, जो एकल धातु सामग्री से बना होता है। आमतौर पर अपेक्षाकृत कम गहराई (लगभग 300 मीटर से कम) के लिए स्टील और अधिक गहराई के लिए टाइटेनियम का इस्तेमाल किया जाता है। टाइटेनियम या मोटे स्टील वाला दाब पात्र आमतौर पर गोलाकार होता है और यह 3,800 मीटर गहराई तक दबाव झेल सकता है। टाइटैनिक का मलबा इसी गहराई पर पड़ा है। बहरहाल, टाइटन पनडुब्बी इनसे अलग थी। इसका दाब पात्र टाइटेनियम और मिश्रित कार्बन फाइबर के मेल से बना था। यह इंजीनियरिंग के नजरिए से कुछ हद तक असामान्य है, क्योंकि पानी में गहराई तक जाने के संदर्भ में टाइटेनियम और कार्बन फाइबर काफी भिन्न गुणों वाली सामग्रियां हैं। यह दबाव डालने वाले बलों के अनुकूल सिकुड़ भी सकता है और इन बलों के कम होने पर फिर से फैल जाता है। दूसरी ओर, कार्बन-फाइबर अधिक कठोर होता है और इसमें ऐसा लचीलापन नहीं होता। हम इस बात का केवल अंदाजा ही लगा सकते हैं कि दो अलग-अलग प्रौद्योगिकियों के मेल से क्या हुआ होगा। लेकिन एक बात हम निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि इन सामग्रियों में अंतर के कारण कोई गड़बड़ हुई और पानी के नीचे दबाव के कारण विस्फोट हुआ होगा। सटीकता से डिजाइन किया गया एवं निर्मित और पुख्ता जांच परख के बाद तैयार दाब पात्र सभी दिशाओं से पड़ने वाले समग्र दबाव को झेल सकता है।

### शहबाज शरीफ ने अधिकारी से छीना छाता

**पेरिस।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वैश्विक वित्तपोषण शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पेरिस गए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, एक प्रोटोकॉल अधिकारी से छाता छीन लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे वह बारिश में भीग रही हैं। 45 सेकंड के वीडियो में, ग्रे रंग का सूट पहने शरीफ छाता छीनने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं, जिसे अधिकारी ने पकड़ रखा है। कुछ सेकंड के बाद, वह उससे छाता लेकर अकेले चलने लगते हैं, जबकि अधिकारी तेज बारिश में उनका पीछा कर रही होती है। एक ट्विटर यूजर ने कहा, कई अन्य लोग हैं, इसलिए वह (प्रोटोकॉल अधिकारी) किसी अन्य महिला अधिकारी की छतरी का उपयोग कर सकती थी, एक अन्य व्यक्ति ने कहा, क्योंकि पिछली बार ईरान में जब किसी और ने उनके लिए छाता थामा था। एक ट्विटर यूजर ने मजाक में कहा, उसे देखकर मुझे मिस्टर बीन की याद आती है, जबकि एक अन्य यूजर ने कहा, और उसने उसका छाता चुरा लिया।

# भारत-ब्रिटेन साझेदारी हमारे समय के लिए निर्णायक होगी : ऋषि सुनक




**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने शनिवार से शुरू होने वाले यूके-भारत सप्ताह 2023 से पहले विश्वास व्यक्त किया है कि यूके-भारत साझेदारी हमारे समय के लिए निर्णायक होगी। 30 जून तक चलने वाले कार्यक्रम में राजनीति, व्यापार आदि क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जाएगा। नए व्यापार संबंधों को बनाने के उत्प्रेरक के रूप में इस आयोजन की सराहना करते हुए, ब्रिटिश-भारतीय प्रधान मंत्री ने कहा कि इंडिया ग्लोबल फोरम का वार्षिक यूके-इंडिया वीक 2023 हमारे दो महान देशों के द्विपक्षीय कैलेंडर में एक उच्च प्रत्याशित स्थिरता है। 43 वर्षीय सुनक ने कहा, यह नए व्यापार संबंधों, स्थायी सहयोग और हमारे लोगों के लिए बेहतर भविष्य के लिए उत्प्रेरक है। मुझे विश्वास है कि यह साझेदारी हमारे समय के लिए निर्णायक होगी। सुनक की टिप्पणियां 2030 रोडमैप और चल रही एफटीए वार्ता की पृष्ठभूमि में आती हैं, जो यूके-भारत संबंधों को बदलने और बढ़ाने की उनकी महत्वाकांक्षा का एक प्रमुख संकेतक है। उन्होंने हिरोशिमा में हाल ही में जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और एफटीए वार्ता का जायजा लिया। ब्रिटिश सरकार ने अनुमान लगाया है कि एक व्यापार समझौते से 2035 तक यूके की जीडीपी लगभग 3.3 बिलियन पाउंड से 6.2 बिलियन पाउंड और भारत की लगभग 3.7 बिलियन पाउंड से 8.6 बिलियन पाउंड तक बढ़ सकती है। चांसलर के रूप में अपनी पूर्व भूमिका के रूप

**मुझे विश्वास है कि यह साझेदारी हमारे समय के लिए निर्णायक होगी**

में, सुनक ने पिछले साल एक विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में बात की थी, इसमें बराबरी की साझेदारी बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया था। उन्होंने कहा था, भारत अतीत की ओर नहीं देख रहा, न ही हम ऐसा कर सकते हैं। हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। क्योंकि ब्रिटेन को दुनिया की सबसे बड़ी, सबसे तेजी से बढ़ती और सबसे गतिशील अर्थव्यवस्थाओं में से एक के साथ मेज पर बैठने का स्वाभाविक अधिकार नहीं है, हमें इसे अर्जित करना होगा। इंडिया ग्लोबल फोरम के संस्थापक और अध्यक्ष, मनोज लाडवा ने कहा, दुनिया भर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल और आर्थिक अशांति को देखते हुए, मेरा मानना है कि अब यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि यूके और भारत घनिष्ठ और गहरे संबंध बनाएं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# अमेरिका 2024 में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाएगा अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन

**एजेंसी। चेन्नई**

रूस के बाद अब अमेरिका भारतीयों को अंतरिक्ष में ले जाएगा। अमेरिका अगले साल भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देकर अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन ले जाएगा। अमेरिकी व्हाइट हाउस द्वारा जारी संयुक्त बयान के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष सहयोग के सभी क्षेत्रों में नई सीमाओं तक पहुंचने के लिए एक योजना तैयार की है। बयान में कहा गया, कि उन्होंने 2023 के अंत तक मानव अंतरिक्ष उड़ान सहयोग के लिए एक रणनीतिक ढांचा विकसित करने के नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) और इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के फैसले का स्वागत किया। बयान में कहा गया है कि नेताओं ने 2024 में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष



स्टेशन के लिए एक संयुक्त प्रयास बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ह्यूस्टन, टेक्सस में जॉनसन स्पेस सेंटर में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नासा की घोषणा की सराहना की।

इससे पहले विंग कमांडर राकेश शर्मा ने 1984 में रूसी रॉकेट से अंतरिक्ष की यात्रा की थी। यह जानना दिलचस्प होगा कि भारत कौन से अमेरिकी रॉकेट पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करेगा। भारत के गगनयान कार्यक्रम में पहले से ही चार भारतीय वायु सेना (आईएएफ) अधिकारी रूस में प्रशिक्षण ले चुके हैं। यह जानना दिलचस्प होगा कि क्या, उन्हीं चार लोगों को यूएस-इंडो अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए विचार किया जाएगा या इसमें अलग लोग होंगे।

मोदी और बाइडेन ने अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था की संपूर्ण श्रृंखला में अमेरिका और भारतीय निजी क्षेत्रों के बीच वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा का आह्वान किया। व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडेन ने आर्टेमिस समझौते पर भारत के हस्ताक्षर की गहराई से सराहना की, जो सभी मानव जाति के लाभ के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण के एक सामान्य दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।

# युवाओं का भविष्य बंदूकों व पत्थरों में नहीं, लैपटॉप उठाएं व आगे बढ़ें : शाह

**एजेंसी। श्रीनगर**

राजभवन श्रीनगर में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर घाटी की युवा पीढ़ी का भविष्य बंदूकों और पत्थरों में नहीं है, बल्कि विशाल भारतीय और वैश्विक बाजार उनकी प्रतिभा का इंतजार कर रहे हैं। शाह ने कहा कि कश्मीरी युवाओं को बंदूक और पत्थर सौंपने वाले कभी भी घाटी के युवाओं के शुभचिंतक नहीं थे। कश्मीरी युवाओं का भविष्य बंदूकों और पत्थरों में नहीं है। लैपटॉप उठाएं और आगे बढ़ें, क्योंकि बड़े अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में कश्मीर में काफी बदलाव आया है। स्कूल बंद होने, हड़ताल के



आह्वान और विस्फोटों पर नियंत्रण कर लिया गया है और कश्मीर घाटी में शांति का माहौल है। पिछले साल 1.88 करोड़ पर्यटकों ने कश्मीर का दौरा किया था। शाह ने कहा कि गांधी, अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने कभी भी जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को पनपने नहीं दिया। 70 साल तक यहां कभी पंचायत चुनाव नहीं हुए। बदलाव सुनिश्चित करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत है और यह इच्छाशक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिखाई, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया कि जम्मू-कश्मीर में पंचायत चुनाव हों और लोकतंत्र जम्मू-कश्मीर के हर गांव तक पहुंचे। गृह मंत्री ने कहा कि पहली बार जम्मू-कश्मीर के लोगों को कई छोटी-छोटी योजनाओं से फायदा हो रहा है। पिछले 70 वर्षों में किसानों को उनके खातों में कभी कोई पैसा नहीं मिला, लेकिन जम्मू-कश्मीर के 12.43 लाख किसानों को उनके खातों में सालाना 6000 रुपये मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के राजनेताओं ने विदेशों में आलीशान घर खरीदे हैं और वे हर साल सर्दियां विदेश में बिताते हैं। शाह ने कहा कि आज कश्मीर में एम्स, आईआईएम और आईआईटी समेत शीर्ष संस्थान हैं, जिसका लाभ लोग उठा रहे हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### यूपी में सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच की मौत

**शाहजहांपुर।** शेरा मऊ दक्षिणी क्षेत्र में शाहजहांपुर-लखनऊ मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने शुक्रवार को मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चों सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। सर्कल अधिकारी अमित चौरसिया ने कहा कि घटना शुक्रवार तड़के हुई जब मरने वाले सभी एक शादी समारोह में भाग लेने के बाद घर लौट रहे थे। मौत का संभावित कारण सिर में चोट लगना बताया जा रहा है।

### जम्मू-कश्मीर के मच्छल सेक्टर में चार घुसपैठिए मारे गए

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के मच्छल सेक्टर में पुलिस और सेना के संयुक्त अभियान में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया और चार घुसपैठिए मारे गए। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि ऑपरेशन जारी है। सेना ने कहा, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान में कुपवाड़ा के मच्छल सेक्टर में एलओसी के पास सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर चार आतंकवादियों को मार गिराया गया। उनसे हथियार आदि बरामद किया गया। एक महीने से भी कम समय में घुसपैठ की दूसरी कोशिश नाकाम की गई है।

# इसरो का क्यूकेडी सैटेलाइट लॉन्च करने का लक्ष्य

**एजेंसी। अहमदाबाद**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का लक्ष्य अपना स्वयं का क्वांटम कुंजी वितरण (क्यूकेडी) उपग्रह लॉन्च करना है, इसमें अहमदाबाद देश की सुरक्षित और अनहैकेबल क्वांटम संचार क्षमताओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यह घोषणा भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) में परम विक्रम 1000 हाई-परफॉर्मेंस क्लस्टर (एचपीसी) कंप्यूटिंग सुविधा के उद्घाटन सत्र के दौरान की गई। इस पहल के तहत, पीआरएल के वैज्ञानिकों की एक टीम, इसरो-अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) और कई अन्य संस्थानों के सहयोग से, क्वांटम संचार प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा देने के लिए अगले दो वर्षों में काम करेगी। विशेष रूप से, इसरो-एसएसी ने मार्च 2020 में 300 मीटर की दूरी पर मुक्त-अंतरिक्ष क्वांटम संचार का प्रदर्शन करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। इस उपलब्धि के आधार पर, पीआरएल के थलतेज परिसर ने इस अत्याधुनिक तकनीक की क्षमता का पता लगाने के लिए प्रयोगों की एक श्रृंखला शुरू की। कार्यक्रम के दौरान, इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने विशेष रूप से अहमदाबाद में कम दूरी के ऑप्टिकल क्वांटम संचार में टीम की विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला, जहां उन्होंने 300 मीटर से अधिक दूरी पर सफलतापूर्वक डेटा प्रसारित किया।

# भारतीय रेलवे ने अमेरिकी एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय रेलवे ने 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन की उपलब्धि हासिल करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर सहयोग के लिए अमेरिकी संघीय सरकारी एजेंसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय रेलवे और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, इंडिया के बीच 14 जून को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन में नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्रों में सहयोग की परिकल्पना की गई है। एमओयू पर भारतीय रेलवे के रेलवे बोर्ड के सदस्य नवीन गुलाटी और यूएसएआईडी के



उप प्रशासक इसाबेल कोलमैन ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ अनिल कुमार लाहोटी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। एमओयू के माध्यम से भारतीय रेलवे को तकनीकी सहायता एवं समर्थन प्रदान किया जाएगा। एमओयू में मुख्य रूप से भारतीय रेलवे के लिए स्वच्छ ऊर्जा सहित दीर्घकालिक ऊर्जा योजना, भारतीय रेलवे के भवनों के लिए एक दक्ष ऊर्जा नीति और कार्य योजना का विकास, भारतीय रेलवे के नेट शून्य दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा की खरीद योजना, नियामक और कार्यान्वयन बाधाओं को दूर करने के लिए तकनीकी सहायता व्यवस्था अनुकूल, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय खरीद के लिए समर्थन के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया की योजना और प्रबंधन, ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने में भारतीय रेलवे का समर्थन करना, क्षेत्रीय दौरों और अध्यन दौरों चिह्नित क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्यक्रमों, सम्मेलनों और दक्षता उन्नयन कार्यक्रमों की मेजबानी करना आदि क्षेत्रों को शामिल किया गया है लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

# अब हैकर्स जीमेल अकाउंट हैक कर करने लगे हैं फ्रॉड, कैसे बचें

**आरएनएम। नई दिल्ली**

आप गूगल का इस्तेमाल करते हैं और आपका जीमेल एकाउंट है तो सावधान हो जाएं। क्योंकि शातिर हैकर्स आपके जीमेल का इस्तेमाल करते रहेंगे और आपको पता भी नहीं चलेगा। इस तरह की घटनाएं अब सामने आने लगी हैं। जिसमें साइबर चोरों ने लोगों के गूगल अकाउंट का एक्सेस ले लिया है और उपभोक्ता को इसकी भनक तक नहीं है।

आप निम्न तरीके से पता लगा पाएंगे कि आपके जीमेल का इस्तेमाल कोई दूसरा व्यक्ति तो नहीं कर रहा है। सबसे पहले अपने एंड्रॉयड फोन की सेटिंग में जाएं। अपने गूगल अकाउंट की सिक्योरिटी के लिए टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन जरूर ऑन करें। इसके बाद नीचे की ओर स्क्रॉल करने पर गूगल दिखेगा।

अब मैनेज योर गूगल अकाउंट पर क्लिक करें। अब सिक्योरिटी के ऑप्शन पर क्लिक करें। अब योग डेविस के ऑप्शन पर क्लिक करें। इसके बाद मैनेज ऑल डेविसेज पर क्लिक करें। यहां आपको उन सभी डिवाइस की लिस्ट दिखेगी। इनमें से जो भी फोन या लैपटॉप आपका नहीं है, उसे डिलीट और साइन आउट कर दें। आप अपने गूगल अकाउंट की सिक्योरिटी के लिए टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन जरूर ऑन करें। इससे किसी को आपके ईमेल खोलने में बहुत दिक्कत होगी। बिना डबल ऑथेंटिकेशन के नहीं खुलेगा।

# अपने चुटीले अंदाज में लालू पड़े सब पर भारी

**आरएनएम। पटना**

लालू बोलें, लोग हंसे न, उस पर चर्चा न हो , यह हो ही नहीं सकता। पटना में शुक्रवार को 15 दलों की बैठक के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई तो राजद प्रमुख लालू यादव सबसे अंत में अपने गंवई-चुटीले अंदाज में बोलते हुए सब पर भारी पड़ गए। क्या बोले - वोट बंट जाता है और भाजपा-आरएसएस जीत जाती है'। बहुत दिन के बाद और इलाज कराने के बाद आप लोगों से बात हो रही है। अब हम पूरी तरह से फिट हो गए हैं, और बढ़िया से फिट कर देंगे भाजपा को। अब शिमला में अगली बैठक होगी, जिसमें आगे के कार्यक्रम को तय करेंगे। हमको एक होकर रहना है। देश की जनता कहती थी कि आप लोगों के पास वोट हैं, लेकिन आप लोग मिलते नहीं हैं। आप एकजुट नहीं होते और वोट बंट जाता है और भाजपा-आरएसएस जीत जाती है।

**प्रधानमंत्री अमेरिका में जाकर चंदन की लकड़ी बांट रहे हैं**

अभी नरेंद्र मोदी देश के नेता नहीं हैं, वे अमेरिका में घूम-घूमकर चंदन का लकड़ी बांट रहे हैं। जो अमेरिका मोदी जी को आने से मना कर दिया था, पता नहीं कैसे ये भूल गए और ये जाने लगे। देश टूट की कगार पर खड़ा है। अब तो भिंडी मालूम हुआ कि साठ रुपया किलो हो गया है। आप सभी लोग खरीदते होंगे तो आटा-दाल-चावल का भाव मालूम ही होगा।

**हनुमानजी ने ऐसी गदा मारी**

लालू ने कहा कि इ लोग हनुमानजी का नाम लेकर और जय हनुमानजी की जय बोलकर चुनाव लड़ता है। इस बार कर्नाटक में हनुमान जी महावीर जी की तरह ऐसा मारे हैं गदा इनकी पीठ पर कि राहुल गांधी जी का पार्टी जीत गया। अब हनुमानजी हमारे साथ हो गए हैं। हम लोग इकट्ठा होकर सब नल-नील को जमा कर रहे हैं। इस बार तो गए ये लोग। इस बार बहुत बुरा हाल होने वाला है भाजपा का और नरेंद्र मोदी जी का। दो हजार रुपये का नोट पता नहीं काहे बंद कर दिया भाई। ये छोटा-छोटा नोट सब यही लोग रखे हुए था।

**राहुल गांधी ने भारत दर्शन कर अच्छा काम किया**

लालू ने कहा कि राहुल गांधी ने भारत दर्शन कर अच्छा काम किया, ये पैदल दर्शन कराए लोगों को। लोकसभा में भी अच्छा काम किया अदाणी के मामले में। घूमने लगे तो फिर बढ़ा लिए (दाढ़ी) थे और ...ज्यादा नीचे में मत बढ़ाइए... पता नहीं नरेंद्र मोदी काहे पूरा नहीं छिलवाते हैं। नीतीश जी का भी कहना है कि अब और छोटा-छोटा करना चाहिए।

**शादी करिए और हम लोग बाराती चलें, बात मानिए**

लालू ने आखिर में कहा, आप हमरी सलाह माने नहीं। शादी कर लेना चाहिए था न। अभी समय बीता नहीं है। आप शादी करिए और हम लोग बाराती चलें। शादी करिए। बात मानिए। आपकी मम्मी को पक्का कहना पड़ेगा। मम्मी आपकी बोलती थीं कि हमारी बात नहीं मानता, शादी करवाइए आप।




# 'द ट्रायल - प्यार' में मेरा किरदार हर महिला की कहानी है : काजोल

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस काजोल की अपकमिंग कोर्टरूम वेब ड्रामा सीरीज 'द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा' में नजर आएंगी। इसमें उन्होंने स्क्रीन पर नोयोनिका सेनगुप्ता का किरदार निभाया है। अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि यह एक ऐसा किरदार है, जो उन्होंने अपने करियर में पहले कभी नहीं निभाया था। काजोल ने कहा, नोयोनिका का किरदार एक महत्वाकांक्षी महिला का है जो अपने और अपने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए कुछ भी कर सकती है। मुझे लगता है कि हर जगह ज्यादातर महिलाएं यही करती हैं। उन्होंने कहा, गृहणियां दुनिया में सबसे अधिक अनपेड काम करती हैं। मेरा किरदार भी यही है। यही उसका मूल है, मुझे लगता है कि यही हर महिला का मूल है। पति को जेल की सजा के चलते नोयोनिका को अपने परिवार के लिए कठिनाइयों से भरे रास्ते पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है।



# रणदीप हुड्डा ने 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' की शूटिंग की पूरी



**बॉलीवुड** अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी आगामी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' की शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेता ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के समापन के अवसर पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में फिल्म के निर्माण के कई खास पल शामिल हैं। वीडियो के साथ अभिनेता ने लिखा, वीर सावरकर फिल्म की शूटिंग का समापन हो चुका है। इस फिल्म के लिए मैं मर चुका हूं और वापस भी आ चुका हूं। अभी के लिए, मेरी टीम, कलाकारों और क्रू को हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने अच्छे और बुरे समय में मेरे साथ दिन-रात काम किया और इसे संभव बनाया। अभिनेता ने कहा कि आखिरकार अब मैं ठीक से खा सकता हूं, इसलिए स्वादिष्ट भोजन की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

**सतर्क रहें**

## हैकर्स फोरम डार्क वेब पर हो रहा डाटा की बिक्री

# चैटजीपीटी अकाउंट के निजी जानकारी लीक

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल चैटजीपीटी को लेकर तमाम एक्सपर्ट ने प्राइवेसी को लेकर सवाल खड़े किए हैं। यह कि चैटजीपीटी जैसे एआई टूल के साथ उपभोक्ता का डाटा सुरक्षित नहीं है। अब चैटजीपीटी के लगभग 1,00,000 अकाउंट के निजी जानकारी लीक होने और हैकर्स फोरम डार्क वेब पर डाटा की बिक्री होने से लोगों को चैटजीपीटी से प्राइवेसी के खतरे की आशंका और बढ़ गई है। यह डाटा लीक जून 2022 से मई 2023 के बीच हुआ है। ग्रुप-आईबी की एक रिपोर्ट के मुताबिक लीक हुए डाटा का इस्तेमाल साइबर क्राइम में हो




सकता है। चैटजीपीटी के इस डेटा लीक में भारत के यूजर्स का भी डाटा शामिल है। इसमें लगभग 12,632 भारतीय चैटजीपीटी यूजर्स का डेटा शामिल है। जो डाटा लीक हुआ है उसमें ग्लोबल यूजर्स के डाटा शामिल हैं।

एक ओर जहां सैमसंग जैसी कंपनियों ने अपने दफ्तरों में चैटजीपीटी का इस्तेमाल बैन कर रखा है, वहीं भारतीय कंपनियां बड़े स्तर पर कस्टमर सपोर्ट के लिए चैटजीपीटी का इस्तेमाल कर रही हैं। भारत के बाद सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले देशों में पाकिस्तान, ब्राजील, वियतनाम, इजिप्ट, अमेरिका, फ्रांस, मोरोक्को, इंडोनेशिया और बांग्लादेश के नाम शामिल हैं। इस डाटा लीक में पासवर्ड, ब्राउजर कूकीज, क्रेडिट कार्ड की डिटेल जैसे डाटा शामिल हैं। इस तरह के डाटा लीक से बचने के लिए आपको अपने सभी अकाउंट्स के साथ टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन 2एफए का इस्तेमाल करना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब चैटजीपीटी का डाटा लीक हुआ है। इससे पहले भी पिछले महीने एक बड़ा डाटा लीक हुआ था जिसके बाद सैमसंग ने चैटजीपीटी को बैन किया था। सैमसंग के बाद एपल ने भी चैटजीपीटी को बैन किया है। एक ओर गूगल पूरी दुनिया से कहा रहा है कि उसके लोग उसके एआई चैटबॉट बार्ड का इस्तेमाल करें और खुद अपने कर्मचारियों से कहा है कि चैटजीपीटी और बार्ड जैसे एआई चैट टूल से दूर रहें और अपनी निजी जानकारी इनके साथ साझा ना करें। पिछले कुछ महीने में गूगल बार्ड और चैटजीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट काफी लोकप्रिय हो गए हैं। इनकी मदद से लोगों के काम भी आसान हो गए हैं, लेकिन जैसे-जैसे इनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे प्राइवेसी को लेकर बवाल हो रहा है। गूगल ने कहा कि बार्ड अवांछित कोड का सुझाव दे सकता है, लेकिन यह प्रोग्रामर्स को फिर भी मदद करता है।

# एनटीआर ने 'देवरा' का एक और शेड्यूल किया पूरा

**'आरआरआर'** से धूम मचाने वाले एक्टर एनटीआर जूनियर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'देवरा' का एक और शेड्यूल पूरा कर लिया है। यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा है और इसमें एक्शन सीक्वेंस केनी बेट्स और वीएफएक्स ब्रैड मिनिच द्वारा डिजाइन किए गए हैं। टीम ने हैदराबाद में शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसमें फिल्म के मुख्य कलाकारों से जुड़े रोमांचक एक्शन सीक्वेंस शामिल थे और यह दो सप्ताह तक चला।



'देवरा' के जरिए एनटीआर जूनियर ब्लॉकबस्टर हिट 'जनथा गैराज' के फिल्म निमार्ता कोराताला शिवा के साथ फिर से काम कर रहे हैं। फिल्म में एनटीआर जूनियर के अलावा, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के निमार्ताओं ने म्यूजिक कंपोजिशन, एडिटिंग और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के लिए इंडस्ट्री के दिग्गजों को शामिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एनटीआर आर्ट्स के हरि कृष्ण के और युवासुधा आर्ट्स के सुधाकर मिक्कीलिनेनी द्वारा निर्मित 'देवरा' 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।